अधिकतम : 38° C
न्यूनतम : 23° C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

शाह टाइम्स

नई दिल्ली, बुधवार 20 मई 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 24 अंक 42 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2083 2 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

उत्तर प्रदेश में प्रचंड गर्मी से आम जनजीवन प्रभावित पेज 2

बुमराह को आराम, राहुल बने उपकप्तान व प्रिंस यादव वनडे टीम में शामिल खेल टाइम्स

भुवन चंद्र खंडूड़ी का निधन: उत्तराखंड की सियासत के एक युग का अंत सम्पादकीय

अमेरिकी साजिश थी इमरान खान का तख्तापलट पेज 12

संक्षिप्त समाचार

केजरीवाल समेत 'आप' नेताओं को अवमानना का नोटिस

नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट ने आपराधिक अवमानना (क्रिमिनल कान्टेम्प्ट) के एक स्वत: संज्ञान मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, सांसद संजय सिंह सहित अन्य आप नेताओं को नोटिस जारी किया है। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा द्वारा शुरू किए गए इस मामले में आरोप है कि शराब नीति मामले में न्यायमूर्ति शर्मा की अदालत से रिक्यूजल याचिका खारिज होने के बाद 20 अप्रैल को आप नेताओं ने अदालत का बहिष्कार किया और सोशल मीडिया पोस्ट, वीडियो तथा पत्रों के माध्यम से उनके खिलाफ अपमानजनक और मानहानिकारक टिप्पणियां कीं। पीठ ने सभी आरोपियों का जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है।

उमर खालिद की जमानत याचिका नामंजूर

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को जेएनयू के पूर्व छात्र नेता उमर खालिद की अंतरिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। यह याचिका साल 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों की साजिश से जुड़े मामले में दायर की गई थी, जिसमें उन पर गैर-कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत आरोप दर्ज हैं। उमर खालिद ने अपने दिवंगत चाचा की शोक सभा (चेहलुम) में शामिल होने और अपनी मां की देखभाल के लिए 15 दिनों के लिए जमानत मांगी थी, लेकिन कड़कड़डूमा अदालत के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर वाजपेयी ने उमर खालिद की 15 दिनों की अंतरिम जमानत की मांग को नामंजूर कर दिया।

स्मार्ट पावर का दमदार सबूत था ऑपरेशन सिंदूर: उपेंद्र

नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित सिक्योरिटी टू प्रास्पेरिटी: स्मार्ट पावर फॉर सस्टेन्ड नेशनल ग्रोथ विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार में भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भारत की सैन्य और रणनीतिक क्षमता को लेकर बड़ा बयान दिया। सेमिनार के दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए इसे भारत की स्मार्ट पावर का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। आर्मी चीफ ने कहा कि पिछले एक वर्ष में भारत ने स्मार्ट पावर के सवाल का आंशिक उत्तर प्रस्तुत किया था, लेकिन 6 और 7 मई 2025 की रात भारत ने इसे पूरी तरह परिभाषित कर दिया।

मंदिरों के पास पड़े सोने के मौद्रीकरण की रिपोर्ट खारिज

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने मंदिरों के पास मौजूद सोने के भंडार के मौद्रीकरण की रिपोर्टों को खारिज करते हुए मंगलवार को स्पष्ट किया कि उसकी ऐसी कोई योजना नहीं है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को एक स्पष्टीकरण जारी किया, जिसमें कहा गया है कि कुछ मीडिया रिपोर्ट और सोशल मीडिया पोस्ट में यह दावा किया जा रहा है कि सरकार मंदिरों के स्वर्ण भंडार के बदले में मंदिरों को गोल्ड बांड जारी करने की योजना बना रही है।

अमेरिका ने अपाचे हेलीकॉप्टर व M777 तोपों की डील को दी मंजूरी

वाशिंगटन, वार्ता

भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग लगातार मजबूत होता जा रहा है। इसी कड़ी में अमेरिका ने भारत को अपाचे हेलीकॉप्टर और एम777ए2 अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर तोपों के लिए सपोर्ट सर्विस और संबंधित उपकरणों की संभावित बिक्री को मंजूरी दे दी है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने इस फैसले की आधिकारिक जानकारी दी। अमेरिका के अनुसार, अपाचे हेलीकॉप्टरों के लिए सपोर्ट सर्विस डील की अनुमानित कीमत करीब 198.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर है। वहीं एम777ए2 अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर के लिए लॉन्ग-टर्म सपोर्ट डील लगभग 230 मिलियन अमेरिकी डॉलर की हो सकती है। अपाचे हेलीकॉप्टर सपोर्ट डील के लिए प्रमुख कंपनियां बोइंग कंपनी और लॉकहीड मार्टिन होंगी। वहीं एम777 हॉवित्जर सपोर्ट प्रोग्राम के लिए ब्रिटेन की रक्षा कंपनी बीएई सिस्टम्स को मुख्य ठेकेदार बनाया गया है। अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक भारत ने एएच-64ई अपाचे हेलीकॉप्टरों के लिए इंजीनियरिंग, टेक्निकल और लॉजिस्टिक सपोर्ट सेवाओं की मांग की थी। इसके अलावा तकनीकी डेटा, पब्लिकेशन, सैनिकों की ट्रेनिंग और अन्य प्रोग्राम सपोर्ट भी इस डील का हिस्सा होंगे। वहीं एम777ए2 हॉवित्जर के लिए स्पेयर पार्ट्स, रिपेयर, ट्रेनिंग, टेक्निकल सहायता, फील्ड सर्विस प्रतिनिधि और लॉजिस्टिक सपोर्ट जैसी सुविधाएं शामिल रहेंगी। यह संभावित रक्षा सौदा अमेरिका के फारेन मिलिट्री सेल (एफएमएस) चैनल के तहत किया जाएगा। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि यह समझौता भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगा। अमेरिका का मानना है कि इस डील से भारत की वर्तमान और भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने की क्षमता बढ़ेगी।

■ भारतीय सैन्य ताकत होगी और मजबूत

रूसी राष्ट्रपति पुतिन सितम्बर में आएंगे भारत

■ ब्रिक्स समिट में हिस्सा लेंगे, 10 महीने में दूसरा दौरा, मोदी भी इस साल रूस जाएंगे

नई दिल्ली। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इसी साल सितम्बर में भारत आएंगे। रूसी सरकार ने मंगलवार को कहा कि पुतिन 12 और 13 सितम्बर को नई दिल्ली में होने वाले ब्रिक्स समिट में हिस्सा लेंगे। पीएम मोदी ने पुतिन को दिसम्बर 2025 में उनके भारत दौरे के दौरान आधिकारिक तौर पर समिट में शामिल होने का न्योता दिया था।

एक साल के भीतर पुतिन का यह दूसरा भारत दौरा होगा। पीएम मोदी भी इसी साल रूस दौरे पर जाएंगे। इससे पहले पुतिन दिसम्बर 2025 में भारत आए थे। उस दौरान उन्होंने पीएम मोदी के साथ 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया था।

रेबीज और बीमार कुत्तों को मारने की सुप्रीम अनुमति

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के पुनर्वास और नसबंदी से जुड़े 7 नवम्बर 2025 के अपने आदेश में बदलाव और उसे वापस लेने की मांग वाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है। शीर्ष अदालत ने भारतीय पशु कल्याण बोर्ड (एडब्ल्यूबीआई) द्वारा आवारा जानवरों को लेकर जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाएं भी खारिज कर दीं।

जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने सुनवाई की। अदालत ने शैक्षणिक संस्थानों, बस स्टैंडों, रेलवे स्टेशनों, खेल परिसरों, अस्पतालों आदि जगहों से आवारा कुत्तों को हटाने के अपने पूर्व के निर्देशों को बदलने से इन्कार कर दिया और कुत्तों को नसबंदी के बाद वापस पुरानी जगहों पर छोड़ने का निर्देश देने से इन्कार कर दिया। डॉग लवर्स ने अपनी याचिका में तर्क दिया था कि आवारा कुत्तों को सार्वजनिक स्थानों से हटाने का आदेश बहुत कठोर है और इससे कुत्तों के अधिकारों का हनन हो रहा है। उन्होंने पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इन दलीलों को खारिज करते हुए जनहित और सार्वजनिक सुरक्षा को प्राथमिकता दी। सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि आवारा कुत्तों की बढ़ती आबादी से निपटने के लिए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की ओर से लंबे समय तक ठोस प्रयास नहीं किए गए।

7 नवम्बर 2025 के अपने आदेश में बदलाव और उसे वापस लेने की मांग वाली सभी याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट ने किया खारिज

अदालत ने टिप्पणी की कि एनिमल बर्थ कंट्रोल व्यवस्था ठीक से लागू नहीं की गई है और इसके लिए फंडिंग भी अपर्याप्त और असमान है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गरिमा के साथ जीवन जीने के अधिकार में यह भी शामिल है कि लोग कुत्तों के हमलों और खतरे के डर के बिना स्वतंत्र रूप से जीवन जी सकें। सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम आदेश देते हुए रेबीज और गंभीर रूप से बीमार कुत्तों को, जो इंसानी जीवन के लिए खतरनाक हैं, उन्हें मारने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने कहा कि वह जमीनी हकीकत से आंखें नहीं मूंद सकती, जहां बच्चे, यात्री और बुजुर्ग लगातार डॉग बाइट की घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या से निपटने के लिए मिल-जुलकर प्रयास करते हुए जरूरी बुनियादी ढांचे को मजबूत करें। अदालत ने कहा कि पशु जन्म नियंत्रण नियमों और अन्य लागू वैधानिक प्रोटोकॉल के अनुसार लाइलाज बीमारी से ग्रस्त, रेबीज से संक्रमित और किसी भी तरह से मानव जीवन के लिए खतरनाक कुत्तों को मारने के उपाय अधिकारी कर सकते हैं। पीठ ने ये भी कहा कि अब आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वाले लोगों यानी डॉग फीडर्स और डॉग लवर्स की जिम्मेदारी भी तय होगी। अगर कोई कुत्ता किसी व्यक्ति को काटता है, तो ऐसे मामलों में जिम्मेदारी सिर्फ प्रशासन की ही नहीं बल्कि उन लोगों की भी मानी जाएगी जो कुत्तों की देखभाल या फीडिंग में शामिल हैं।

पांच दिन में दूसरी बार पेट्रोल-डीजल हुआ महंगा

पेट्रोल 87 पैसे व डीजल के दामों में 91 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मंगलवार से पेट्रोल 87 पैसे और डीजल 91 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया। तेल विपणन कंपनियों ने पांच दिन में दूसरी बार दोनों ईंधनों के दाम बढ़ाए हैं।

इससे पहले, 15 मई को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में तीन-तीन रुपये की वृद्धि की गई थी। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिल्ली में मंगलवार से पेट्रोल की कीमत 87 पैसे बढ़कर 98.64 रुपये प्रति लीटर हो गई है। डीजल भी 91 पैसे महंगा हुआ। अब एक लीटर डीजल 91.58 रुपये का मिलेगा। देश की वाणिज्यिक राजधानी मुंबई में पेट्रोल की कीमत 91 पैसे और डीजल की 94 पैसे बढ़ी है। वहां अब पेट्रोल 107.59 रुपये का और डीजल 94.08 रुपये का हो गया है। चेन्नई में पेट्रोल 82 पैसे और डीजल 96 पैसे महंगा हुआ है। मंगलवार से एक लीटर पेट्रोल 104.49 रुपये का और एक लीटर डीजल 96.11 रुपये का मिलेगा। कोलकाता में अब पेट्रोल की कीमत 109.70 रुपये और डीजल की 96.07 रुपये पर पहुंच गई है। इनके दाम क्रमश: 96 पैसे और 94 पैसे बढ़े हैं। इंडियन ऑयल ने अपने प्रीमियम पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भी इतनी ही वृद्धि की है। दिल्ली में ब्रांडेड पेट्रोल एक्सपी-95 की कीमत 87 पैसे बढ़कर 105.76 रुपये और ब्रांडेड डीजल एक्सजी की कीमत 91 पैसे बढ़कर 96.90 रुपये प्रति लीटर हो गई है। दूसरे शहरों में भी कीमतों में लगभग इसी तरह की बढ़ोतरी की गई है, हालांकि वैट और लॉजिस्टिक्स लागत में अंतर के कारण कीमत वृद्धि में कुछ अंतर होता है। पेट्रोल-डीजल के दाम 30 अक्टूबर 2024 के बाद पहली बार पिछले सप्ताह बढ़ाए गए थे। पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे तेल का उत्पादन और आपूर्ति प्रभावित होने से तेल विपणन कंपनियों पर दबाव है। हालांकि उन्होंने मार्च और अप्रैल में कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की थी। केंद्र सरकार ने मार्च में पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10-10 रुपये प्रति लीटर की कटौती करके तेल विपणन कंपनियों को राहत दी थी। भारतीय बास्केट में अप्रैल में कच्चे तेल की औसत कीमत 114.48 डॉलर प्रति बैरल रही थी जो मई में घटकर 18 मई तक औसतन 107.3 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई है।

■ पेट्रोल 98.64 व डीजल 91.58 रुपये में एक लीटर मिलेगा

देश में बड़ा आर्थिक संकट आने वाला है: राहुल गांधी

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने देश की आर्थिक स्थिति को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए कहा है कि देश एक बड़े आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहा है और इसका सबसे ज्यादा असर आम जनता पर पड़ेगा।

उत्तर प्रदेश दौरे के दौरान राहुल गांधी ने मंगलवार को केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में देश का आर्थिक ढांचा पूरी तरह बदल दिया गया है, जिसके कारण एक बड़ा आर्थिक तूफान आने वाला है। उन्होंने कहा कि मैं पिछले कुछ दिनों से लगातार कह रहा हूं कि मोदी जी ने देश का आर्थिक ढांचा बदल दिया है। एक बड़ा आर्थिक संकट आने वाला है। दुर्भाग्य से इसका खामियाजा आम आदमी को भुगतना पड़ेगा। इस आर्थिक झटके का असर सिर्फ अडानी, अंबानी और मोदी पर नहीं पड़ेगा, बल्कि देश के आम लोगों पर इसका गहरा प्रभाव पड़ेगा।

■ कहा : आम आदमी पर पड़ेगा असर

मानसून अगले हफ्ते केरलम पहुंचेगा, रफ्तार कम रहेगी

नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम मानसून ने भारत की ओर बढ़ना शुरू कर दिया है। फिलहाल यह अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के दक्षिणी सिरे से लेकर उत्तरी सिरे तक छा चुका है। मौसम विभाग ने तय तारीख एक जून से पहले 22 से 26 मई के बीच मानसून के केरलम पहुंचने की संभावना जताई है। इस बार मानसून की रफ्तार धीमी रहने की आशंका ज्यादा है। इसलिए लगातार बारिश के बजाय मानसून बार-बार अटकेगा। एक ही जगह ठहरा रहेगा। इसमें बिना बारिश के दिनों की संख्या (मानसून ब्रेक) ज्यादा रह सकती है।

उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री खंडूड़ी का निधन

शाह टाइम्स ब्यूरो

देहरादून। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूड़ी का मंगलवार को निधन हो गया। वे काफी समय से अस्वस्थ होने के कारण देहरादून के मैक्स अस्पताल में भर्ती थे।

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व मुख्यमंत्री के निधन पर शोक व्यक्त किया है। देहरादून स्थित मैक्स सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल में उनका पिछले तकरीबन एक माह से इलाज चल रहा था। बताया जा रहा है कि खंडूड़ी हृदय संबंधी दिक्कतों से जूझ रहे थे। 91 साल की उम्र में उनका निधन हुआ। वे भारतीय सेना से मेजर जनरल के पद से रिटायर्ड हुए थे और उत्तराखंड के चौथे मुख्यमंत्री के तौर पर राज्य की सेवा की। वे उत्तराखंड के दो बार मुख्यमंत्री बने। इससे -शेष पृष्ठ दो पर

■ काफी समय से मैक्स अस्पताल में चल रहा था इलाज, सीएम धामी ने जताया दुख

राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति ने भी खंडूड़ी के निधन पर जताया शोक

देहरादून। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ राजनेता मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी (से.नि.) के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि उनके निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय सेना में उत्कृष्ट सेवा देने के बाद उन्होंने जनसेवा के लिए ईमानदारी, सादगी, पारदर्शिता और विकास की राजनीति का उदाहरण पेश किया। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री खंडूड़ी के निधन पर शोक व्यक्त किया। पीएम नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने उनके निधन पर शोक जताया है। इसके साथ ही उत्तराखंड कांग्रेस के दिग्गज नेता हरीश रावत, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने भी भुवन चंद्र खंडूड़ी के निधन को प्रदेश के लिए बड़ी क्षति बताया है।

चंद्रयान-3 के हॉप प्रयोग ने चंद्रमा के छिपे रहस्यों को किया उजागर

चेन्नई। भारत के तीसरे चंद्र मिशन चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर द्वारा किए गए 'हॉप' प्रयोग ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव से जुड़े कई छिपे रहस्यों का खुलासा किया है।

वैज्ञानिकों ने इस प्रयोग के जरिये चंद्र सतह की रेगोलिथ विषमता (रेगोलिथ हेटेरोजेनिटी) का पता लगाया है, जो भविष्य के चंद्र अभियानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इन निष्कर्षों से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में सतही अभियानों को लेकर नई जानकारी मिली है। वैज्ञानिकों का कहना है कि स्थानीय स्तर पर सतह की विविधता को समझना भविष्य में चंद्रमा पर वैज्ञानिक आधार और आवास निर्माण की योजनाओं के लिए आवश्यक है। यह अध्ययन इस प्रकार का पहला अनूठा उदाहरण है। उल्लेखनीय है कि चंद्रयान-3 का विक्रम लैंडर 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा की सतह पर सफलतापूर्वक उतरा था। करीब 10 पृथ्वी दिवस तक चंद्र सतह, निकट-सतही प्लाज्मा और भू-कंपनों से जुड़े प्रयोग करने के बाद, दो सितम्बर 2023 को लैंडर ने बचा हुआ ईंधन इस्तेमाल कर 'हॉप' प्रयोग किया था। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने मंगलवार को कहा कि यह 'हॉप' भविष्य में चंद्रमा से नमूने पृथ्वी पर लाने वाले अभियानों के लिए एक महत्वपूर्ण तकनीकी क्षमता साबित हुआ है। इसरो ने कहा कि जिसे सामान्य तौर पर 'चंद्र मिट्टी' कहा जाता है, उसका सही वैज्ञानिक नाम 'लूनर रेगोलिथ' है। यह दरअसल चट्टानों के टूटे हुए अत्यंत महीन, नुकीले और कांच जैसे कणों से बना होता है, जो बेहद खुरदरे होते हैं और स्थैतिक विद्युत की तरह हर चीज से चिपक जाते हैं।

■ वैज्ञानिकों ने प्रयोग के जरिये चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर रेगोलिथ हेटेरोजेनिटी का पता लगाया

TMC उम्मीदवार जहांगीर खान पुनर्मतदान से पहले दौड़ से हटे

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को फाल्टा विधानसभा पुनर्मतदान से ठीक दो दिन पहले बड़ा झटका लगा जब पार्टी उम्मीदवार जहांगीर खान ने मंगलवार को चुनाव मैदान से हटने की घोषणा कर दी। उन्होंने अपने फैसले के पीछे क्षेत्र में शांति और विकास को कारण बताते हुए पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी की सार्वजनिक रूप से प्रशंसा की। यह नाटकीय घोषणा पुनर्मतदान के लिए प्रचार समाप्त होने से कुछ घंटे पहले हुई, जिससे राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। फाल्टा विधानसभा क्षेत्र अभिषेक बनर्जी के लोकसभा क्षेत्र डायमंड हार्बर के अंतर्गत आता है।

संक्षिप्त समाचार

जम्मू-कटरा रेलखंड के लिए 238 करोड़ के सुरक्षा कार्यों को मंजूरी

नई दिल्ली। रेलवे ने उत्तरी रेलवे के जम्मू-श्री माता वैष्णो देवी कटरा खंड पर 238 करोड़ रुपये की लागत से ढलान स्थिरीकरण, सुरंगों के पुनर्निर्माण और पुलों के संरक्षण संबंधी महत्वपूर्ण कार्यों को मंजूरी दी है। इन कार्यों में संवेदनशील स्थानों पर पुनर्निर्माण, सुरंगों में रिसाव की समस्या का समाधान तथा अन्य सुरक्षा उपाय शामिल हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण जम्मू-श्री माता वैष्णो देवी कटरा रेलखंड की दीर्घकालिक सुरक्षा और विश्वसनीयता को मजबूत करने के उद्देश्य से यह परियोजना मंजूर की गई है। ये कार्य देश के सबसे चुनौतीपूर्ण भूभागों में सुरक्षित और विश्वसनीय संपर्क सुनिश्चित करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

छोटे शहरों में बढ़ रहा यूपीआई से क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल

नई दिल्ली। बदलती प्रौद्योगिकी और भुगतान के नए विकल्प आने के साथ मझौले और छोटे शहरों में यूपीआई के माध्यम से क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। गैर.बैंकिंग वित्तीय कंपनी एसबीआई कार्ड द्वार मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले एक दशक में बढ़ती आय, शहरीकरण में तेजी और उभरते मध्यम वर्ग की बढ़ती आकांक्षाओं ने लोगों के खर्च करने के तरीके को बदल दिया है। यूपीआई अब दैनिक लेनदेन की रीढ़ बन चुका है। वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही के अपने आंकड़ों का हवाला देते हुए एसबीआई कार्ड ने बताया कि यूपीआई के जरिए क्रेडिट कार्ड खर्च में तिमाही-दर-तिमाही 10 प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर्ज की गई।

उप्र में बदल गए जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के नियम

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने जन्म-मृत्यु पंजीकरण अधिनियम-1969 में संशोधन के तहत विलंब शुल्क की नई दरें लागू कर दी हैं। अब अगर किसी ने 21 दिन के बाद रजिस्ट्रेशन कराया, तो उसे पहले से 10 गुना तक अधिक लेट फीस देनी पड़ेगी। सरकार की यह नई व्यवस्था शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में समान रूप से लागू होगी।

राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के अनुसार घटना के 21 दिनों के भीतर रजिस्ट्रेशन निःशुल्क है, लेकिन 21 दिन के बाद अब अगर आवेदन किया गया, तो विलंब शुल्क देना अनिवार्य है। 21 से 30 दिन के अंदर 2 रुपये की जगह 20 रुपये विलंब शुल्क लगेगा, 30 दिन से 1 साल के अंदर 5 रुपये की जगह 50 रुपये विलंब शुल्क लगेगा, 1 साल बाद 10 रुपये की जगह 100 रुपये विलंब शुल्क लगेगा। इससे पहले 21 दिन के बाद 30 दिन के भीतर सिर्फ 2 रुपये, 30 दिन से 1 साल तक 5 रुपये और 1 साल बाद 10 रुपये शुल्क लगता था। नियम के मुताबिक बच्चे के जन्म के बाद स्थानीय अधिकारियों के पास 21 दिन के अंदर रजिस्ट्रेशन कराना होता है। अगर बच्चे का जन्म घर में हुआ है, तो भी 21 दिनों के भीतर पंजीकरण कराना होगा। अगर इस अवधि में पंजीकरण नहीं होता, तो पुलिस सत्यापन के बाद ही प्रमाण पत्र जारी होता है। वहीं अगर एक वर्ष की देरी से पंजीकरण कराने पर अब एसडीएम का आदेश जरूरी कर दिया गया है। पहले भी उप जिलाधिकारी के आदेश की जरूरत थी, लेकिन अब शुल्क भी 10 रुपये से बढ़ाकर 100 रुपये कर दिया गया है। केंद्र सरकार के 2023 के संशोधन के बाद जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन कर दी है। अक्टूबर 2023 के बाद जन्मे बच्चों के लिए जन्म प्रमाण पत्र ही एकमात्र वैध दस्तावेज होगा। सभी बड़े अस्पतालों के पास नगर निगम की यूजर आईडी है और वे अपने स्तर से ही प्रमाणपत्र जारी कर देते हैं। बता दें कि बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र उसके स्कूल में प्रवेश, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, बीमा पॉलिसी और राशन कार्ड में नाम दर्ज कराने के लिए जरूरी होता है। वहीं मृत्यु प्रमाण पत्र संपत्ति के उत्तराधिकार, पेंशन और बीमा दावों के निपटारे के लिए काम आता है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि नई व्यवस्था 16 जून की अधिसूचना के तहत लागू की गई है। सरकार का मकसद पंजीकरण को समयबद्ध बनाना और डेटाबेस को राष्ट्रीय स्तर पर अपडेट करना है। इसलिए नागरिकों को सलाह है कि जन्म या मृत्यु की घटना के 21 दिन के भीतर ही नजदीकी रजिस्ट्रार कार्यालय या सीआरएस पोर्टल पर आवेदन कर दें, ताकि विलंब शुल्क से बचा जा सके।

योगी सरकार ने जारी किया नया आदेश

यूपी में खुलेंगी 600 नई शराब की दुकानें

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में आने वाले महीनों में करीब 600 नई फुटकर शराब की दुकानें खुल सकती हैं। आबकारी विभाग पिछले एक साल में प्रमुख शहरों के बाहरी इलाकों में शिफ्ट हुई आबादी का अनुमान लगा रहा है। इसके बाद ही नई दुकानों की सही संख्या तय होगी।

विभाग का मकसद हाल ही में बसी आवासीय कॉलोनियों में विदेशी शराब, बीयर और अन्य शराब की मांग को पूरा करना है। इससे 2026-27 वित्तीय वर्ष में राजस्व भी बढ़ेगा। 31 मार्च से कई दुकानदारों ने वित्तीय व्यवहार्यता न होने का हवाला देकर शराब का कारोबार छोड़ दिया है। प्रदेश में 27,308 शराब दुकानें थीं। इनमें से 421 मॉडल शॉप, देशी शराब और कंपोजिट शॉप के लिए चार दौर की लॉटरी के बाद भी कोई खरीदार नहीं मिला। अधिकारियों ने बताया कि पांचवें दौर में 2025-26 में इन दुकानों के लिए चुकाई गई मूल लाइसेंस फीस में 20 प्रतिशत तक की कटौती की जा सकती है, ताकि संचालन व्यवहार्य हो सके। एक अधिकारी ने कहा, अंतिम फैसला अभी बाकी है।

शहर की सीमा में लाइसेंस फीस बहुत ज्यादा होने के कारण कई उद्यमियों ने मॉडल शॉप छोड़ दीं। जो दुकानें अब तक नवीनीकृत या आवंटित नहीं हो पाई, उनके अलावा विभाग करीब 600 नई दुकानें लाने पर विचार कर रहा है। दरअसल आबकारी नीति के तहत आबकारी आयुक्त को जरूरत पड़ने पर नई आवासीय कॉलोनियों को कवर करने के लिए और दुकानें खोलने का अधिकार है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, नीति के तहत आबकारी आयुक्त किसी जिले में पिछले वित्तीय वर्ष की कुल फुटकर दुकानों की संख्या की तुलना में तीन प्रतिशत तक की बढ़ोतरी कर सकते हैं।

नई दुकानें खोलने से विभाग को मौजूदा दुकानों की लाइसेंस फीस तर्कसंगत करने से होने वाले नुकसान की भरपाई में मदद मिलेगी। अनुमान है कि पिछले वित्तीय वर्ष में लाइसेंस फीस और प्रोसेसिंग फीस से विभाग को 4,000-5,000 करोड़ रुपये मिले। कुल मिलाकर 2025-26 में शराब व्यापार पर शुल्क और फीस लगाकर विभाग ने 57,722 करोड़ रुपये का सालाना राजस्व हासिल किया। सैचुरेशन पॉइंट पर पहुंचने के बाद आबकारी विभाग नए उपायों के जरिए अतिरिक्त राजस्व के रास्ते तलाश रहा है।

आबादी सर्वे के बाद तय होगी संख्या

भाजपा सबसे अधर्मी पार्टी

सपा मुखिया अखिलेश ने बोला हमला

लखनऊ, वार्ता

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नमाज वाले बयान पर कहा कि सड़कों पर क्या होना चाहिए और क्या नहीं, इसके लिए नियम-कानून बने हुए हैं, लेकिन इस मुद्दे पर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश नहीं होनी चाहिए। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर कोई सबसे अधर्मी पार्टी है, तो वह भाजपा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास करती है।

अखिलेश यादव ने कहा कि हाल ही में अधिवक्ता संघ के लोग विरोध प्रदर्शन के लिए निकले थे, जिनके हाथों में रामचरितमानस थी, फिर भी उन पर लाठीचार्ज किया गया और उन्हें पीटा गया। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा खुद को सनातन की पक्षधर मानती है, तो उसे 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना पर चलना चाहिए। अखिलेस ने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि न तो स्मार्ट सिटी बन पाई और न ही स्मार्ट मीटर योजना टिक सकी, जिन्हें हटाना पड़ा। ऐसे में सरकार के कामकाज पर सवाल उठना स्वाभाविक है। योगी आदित्यनाथ ने 18 मई को एक हिंदी अखबार के कार्यक्रम में कहा कि उत्तर प्रदेश में सड़कों पर नमाज नहीं होने दी जाती।

सीएम योगी के नमाज वाले बयान पर पहली प्रतिक्रिया

अगले सात दिनों तक हीटवेव से लेकर सीवियर हीटवेव चलने की चेतावनी

उत्तर प्रदेश में प्रचंड गर्मी से जनजीवन प्रभावित

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश समेत समूचे उत्तर भारत में प्रचंड गर्मी और लू के थपेड़ों ने आम जनजीवन को अस्त व्यस्त कर दिया है। मौसम विभाग ने मंगलवार को जारी पूर्वानुमान में अगले सात दिनों तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में हीटवेव से लेकर सीवियर हीटवेव चलने की चेतावनी जारी की है।

राजधानी लखनऊ समेत पूर्वांचल और बुंदेलखंड के जिलों में दिन का तापमान 44 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच गया है, जबकि रात में भी गर्म हवाओं के कारण लोगों को राहत नहीं मिल रही है। बलिया से गाजियाबाद तक सुबह नौ बजे से ही गर्म हवा के थपेड़ों से लोग बेहाल दिखाई दिए, जबकि 11 बजते बजते सड़कों पर सन्नाटा छाने लगा। गर्मी और लू का प्रभाव इस कदर दिखाई दे रहा है कि पार्क,मॉल,बाजार और प्राणि उद्यान आमतौर पर सुनसान दिखाई दे रहे हैं। भीषण गर्मी के बीच बिजली की मांग पूरी करते ट्रांसफार्मर हांफ रहे हैं जिसके चलते बिजली की आवाजाही आम हो चुकी है। प्रदेश के अधि. कतर जिलों में कक्षा आठ तक के स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां कर दी गई हैं। मौसम के तल्ख तेवरों के बीच सरकारी और निजी अस्पतालों के बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) में भीड़ बढ़ गई है। चिकित्सकों ने लोगों से पर्याप्त मात्रा में पेय पदार्थों का सेवन करने और सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक बाहर न निकलने की सलाह दी है। हृदय रोगियों से अपील की गई है कि वे डाक्टरी परामर्श से ली गई दवा के नियमित सेवन करें और अपरिहार्य स्थितियों में मेडिकल स्टोर का रुख न करके डाक्टर से सलाह लेकर दवाओं का सेवन करें। इस बीच मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में 19 से 25 मई तक मौसम मुख्यत: शुष्क बना रहेगा।

गर्म हवा के थपेड़े से लोग बेहाल दिखाई दिखे, सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक घर से बाहर न निकलने की सलाह दी

पूर्वी यूपी में 22 के बाद बारिश की संभावना

पूर्वी उत्तर प्रदेश के उत्तर-पूर्वी हिस्सों में 22 मई के बाद कहीं-कहीं हल्की बारिश और गरज-चमक की संभावना जताई गई है, लेकिन इससे तापमान में अधिक राहत मिलने के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग ने विशेष चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर भीषण लू से अति भीषण लू चलने की संभावना है। साथ ही कुछ स्थानों पर 'वार्म नाइट' की स्थिति भी बनी रहेगी, जिससे रात के समय भी तापमान सामान्य से काफी अधिक रहेगा। वाराणसी सोमवार को प्रदेश के सबसे गर्म शहरों में शामिल रहा, जहां अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण दोपहर में सड़कों और घाटों पर सामान्य दिनों की तुलना में काफी कम भीड़ दिखाई दी। बढ़ती गर्मी को देखते हुए नगर निगम ने प्रमुख चौराहों पर ग्रीन शेड, मिस्ट गन और 17 वाटर एटीएम की व्यवस्था की हैं

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

सेंसेक्स 75200.85
निफ्टी 23618.00

बिज़नेस-टाइम्स

सोना 159000 प्रति 10 ग्राम
चांदी 270000 प्रति किलो

गिरावट में बंद हुए प्रमुख सूचकांक आईटी कंपनियों में लिवाली का जोर

मुंबई, वार्ता

दिग्गज कंपनियों में अंतिम समय में हुई बिकवाली से मंगलवार घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। आईटी कंपनियों में जबरदस्त तेजी रही, जबकि बैंकिंग एवं वित्तीय कंपनियों ने बाजार पर दबाव बनाया। रसायन, सार्वजनिक बैंक, रियलटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में भी तेजी रही। ऑटो और फार्मा सेक्टरों से सूचकांक भी ऊपर बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 114.19 अंक (0.15 प्रतिशत) गिरकर 75,200.85 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचक. ांक भी 31.95 अंक यानी 0.14 प्रतिशत उतरकर 23,618 अंक पर रहा। सेंसेक्स सुबह बढ़त में खुला था और लगभग पूरे दिन हरे निशान में रहा। आखिरी एक घंटे में दिग्गज कंपनियों में बिकवाली से अंत में यह लाल निशान में बंद हुआ। वृहत बाजार में तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.88 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.17 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। इंफोसिस का शेयर पौने पांच प्रतिशत और एचसीएल टेक्नोलॉजीज का पौने तीन प्रतिशत चढ़ा। टेक महिंद्रा और इंटरनल में भी करीब ढाई प्रतिशत की तेजी रही। टीसीएस का शेयर दो प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। भारतीय स्टेट बैंक, ट्रेंट, पावर ग्रिड और एनटीपीसी के शेयर भी मजबूत रहे। कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर ढाई प्रतिशत टूट गया। अल्ट्राटेक सीमेंट, टाइटन, अडानी पोर्ट्स, भारती एयरटेल, सन फार्मा, इंडिगो और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच गिर गए। रिलायंस इंडस्ट्रीज, बीईएल, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, एशियन पेंट्स और मारुति सुजुकी में भी गिरावट रही।

सोना 1.59 लाख पर पहुंचा, चांदी 2.70 लाख किलो हुई

नई दिल्ली। सोने-चांदी के दाम में मंगलवार को बढ़त दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1168 रुपए बढ़कर 1.59 लाख रुपए हो गया है। वहीं 1 किलो चांदी का दाम 2,181 रुपए बढ़कर 2.70 लाख रुपए पर पहुंच गया है। देश के बड़े शहरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 1,57,190 प्रति दस ग्राम, मुंबई में 1,57,040, कोलकाता में 1,57,040, जयपुर में 1,57,190, भोपाल में 1,57,090, पटना में 1,57,090 और लखनऊ में 1,57,190 रुपये है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 26 हजार रुपए और चांदी 40 हजार रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.59 लाख रुपए पर पहुंच गया है।

चावल , गेहूं, चीनी, दालों के दाम बढ़े, खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल की औसत कीमत बढ़ गई। चावल के साथ गेहूं, चीनी और दालों में भी तेजी रही। वहीं खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत सात रुपये बढ़कर 3,871 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं आठ रुपये महंगा हुआ और 2,784 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।

आटा 15 रुपये मजबूत हुआ। दाल-दलहनों के भाव भी बढ़ गए। उड़द दाल और मूंग दाल के दाम 15.15 रुपये प्रति क्विंटल चढ़े। चना दाल में पांच रुपये की तेजी रही। तुअर दाल और मसूर दाल की कीमतें पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही पड़ी रहीं। मलेशिया का बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अगस्त वायदा 53 रिंगिट चढ़कर 4,587 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.29 प्रतिशत टूटकर 75.45 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की कीमत 105 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। पाम ऑयल 87 रुपये और मूंगफली तेल 45 रुपये महंगा हुआ। सोया तेल का भाव 27 रुपये और वनस्पति का 25 रुपये बढ़ गया। वहीं सूरजमुखी तेल 27 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 13 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया, जबकि चीनी तीन रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7677.12 रुपये, मसूर काली 8132.72 रुपये, मूंग दाल 10161.78 रुपये, उड़द दाल 10844.96 रुपये, तुअर दाल 11253.53 रुपये प्रति क्विंटल रही।

एक जनपद एक व्यंजन से यूपी के पारंपरिक स्वाद को मिलेगी वैश्विक पहचान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की समृद्ध पाक परंपरा को अब ग्लोबल प्लेटफॉर्म मिलेगा। योगी सरकार 'एक जनपद एक व्यंजन' योजना के जरिए प्रदेश के सभी जिलों के विशिष्ट पारंपरिक व्यंजनों का ब्रांड निर्माण कर उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाएगी। हाल ही में योगी मंत्रिमंडल ने इस महत्वाकांक्षी योजना को स्वीकृति दे दी है।

सरकार की ओर से जारी बयान के मुताबिक इस योजना का उद्देश्य केवल स्वाद और परंपरा को संरक्षित करना ही नहीं, बल्कि स्थानीय उद्यमिता, रोजगार और निर्यात को भी बढ़ावा देना है। सरकार हर जिले के पारंपरिक व्यंजनों की पहचान कर उन्हें संगठित, सुरक्षित, ब्रांडेड और बाजारोन्मुख बनाएगी। योजना के तहत जिलाधिकारियों, संबंधित विभागों, प्रतिष्ठित संस्थानों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और जिला उद्योग केंद्रों से मिले सुझावों के आधार पर जनपदवार व्यंजनों की पहचान की गई है।

प्रथम पृष्ठ के शेष...

उत्तराखंड के... पहले वे केंद्रीय मंत्री भी रह चुके थे। भारतीय सेना से रिटायरमेंट के बाद उनका 30 साल का राजनीतिक करियर रहा है। उनके निधन से प्रदेश में शोक की लहर दौड़ गई। उनके पुत्र भाजपा नेता मनीष खंडूड़ी ने पिता के निधन की जानकारी सोशल मीडिया के जरिये साझा की। वहीं, उनके निधन पर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी (सेवा. निवृत्त) के निधन का दु:खद समाचार प्राप्त हुआ। खंडूड़ी ने भारतीय सेना में रहते हुए राष्ट्र सेवा, अनुशासन और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। सैन्य जीवन से लेकर सार्वजनिक जीवन तक उनका व्यक्तित्व राष्ट्रहित और जनसेवा के प्रति समर्पित रहा। राजनीतिक जीवन में उन्होंने उत्तराखंड के विकास, सुशासन, पारदर्शिता और ईमानदार कार्यशैली की मजबूत पहचान बनाई। एक जननेता के रूप में उन्होंने प्रदेश के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए और अपनी सादगी, स्पष्टवादिता एवं कार्यकुशलता से लोगों के हृदय में विशेष स्थान बनाया। उनका निधन उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर से प्रार्थना है कि पुण्यात्मा को श्रीचरणों में स्थान तथा शोकाकुल परिजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। वहीं, उनके निधन के बाद उनके पार्थिव शरीर को देहरादून के बसंत विहार उनके निवास स्थान पर लाया गया।

उच्चतम न्यायालय के आदेश पर खांडू से इस्तीफा मांगें मोदी: कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि उच्चतम न्यायालय की तीन सदस्यीय पीठ के अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच का आदेश दिए जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनसे इस्तीफा मांगना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि गत छह अप्रैल को उच्चतम न्यायालय की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को उन आरोपों की प्रारंभिक जांच करने का निर्देश दिया था, जिनमें जनवरी 2015 से दिसम्बर 2025 के बीच अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के परिवार को कथित हितों के टकराव की स्थिति में 1,270 करोड़ रुपये के ठेके दिए जाने का मामला शामिल है।

पेट्रोल-डीजल के दाम चार दिन में दूसरी बार बढ़ाने पर जवाब दें मोदी

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चार दिन के भीतर दूसरी बार पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाए जाने के सरकार के फैसले पर हैरानी जताते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस बारे में जनता को जवाब देना चाहिए।

खड़गे ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि सरकार ने 15 मई के बाद आज सुबह अचानक फिर पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ा दिए। उन्होंने कहा कि अब स्पष्ट हो गया है कि देश संकट में है और श्री मोदी को इसका जवाब देना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने तेल के दाम चार दिन में दूसरी बार में बढ़ाने के निर्णय को सरकार की गलत नीतियों का परिणाम बताया और कहा कि मोदी सरकार नाकामियों का बोझ जनता के सिर पर डाल रही है। उन्होंने कहा कि दाम बढ़े चार ही दिन हुए कि मोदी सरकार ने पेट्रोल-डीजल के दाम फिर बढ़ा दिए। पूरी भूमिका बनाकर, बचत का उपदेश देकर अपनी नाकामियों का बोझ जनता पर डालने का कार्य प्रगति पर है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा कि 'आम जनता की लूट और उद्योग पति गौतम अडानी को अमेरिका से छूट', यही मोदी जी का 'कम्प्रोमाइज्ड मॉडल' है। प्रधानमंत्री ने अमे. रिका से हाथ-पैर जोड़कर रूसी तेल खरीदने की अनुमति की अवधि एक महीने के लिए बढ़वाई है और इससे देश के स्वाभिमान को ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार के अनुसार रूसी तेल खरीदने की अनुमति मिल गई है, तो पेट्रोल-डीजल की कीमतों का बोझ आम जनता पर क्यों डाला जा रहा है। खड़गे ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी में दूरदर्शिता और नेतृत्व की कमी है।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने जताई हैरानी, पीएम से मांगा जवाब

तेल उत्पादन बढ़ाने में विफल रही है सरकार

नई दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार ने तेल आपूर्ति तथा तेल उत्पादकता बढ़ाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए हैं, जिसके कारण देश में तेल का संकट बढ़ गया है और इसका खामियाजा आम जनता को झेलना पड़ रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा राज्यसभा सांसद शक्ति सिंह गोहिल ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री ने ईंधन उत्पादन को लेकर देश की जनता से जो वायदा किया था उसे पूरा करने में विफल रहे हैं और इसको लेकर उन्हें जनता को जवाब देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि वह जो कहते हैं, करते नहीं हैं। इसका उदाहरण देते हुए हाल ही में प्रधानमंत्री ने लोगों को विदेश यात्रा नहीं करने और पेट्रोल-डीजल का उपयोग कम करने की सलाह दी लेकिन इसके कुछ ही समय बाद खुद विदेश यात्रा पर चले गए।

21 से 3 दिन टैक्सी-ऑटो हड़ताल

■ मंडियों, बाजारों व औद्योगिक क्षेत्रों में धीमी पड़ सकती है सामान की आवाजाही

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली में टैक्सी और ऑटो चालकों ने 21 मई से तीन दिवसीय हड़ताल की घोषणा की है। चालक किराए में बढ़ोतरी की मांग कर रहे हैं। चालकों का कहना है कि वे भुखमरी की कगार पर पहुंच चुके हैं। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है, जिसे दिल्ली की सभी ट्रांसपोर्ट यूनियनों का समर्थन मिला है। चालक 10 से 12 घंटे काम करके भी घर चलाने में मुश्किल महसूस कर रहे हैं। उनकी मुख्य मांग है कि सरकार किराया दरें तय करे ताकि वे अपनी आजीविका चला सकें। वे ओला, उबर और रैपिडो जैसी ऑनलाइन कंपनियों पर दबाव बनाने की भी मांग करते हैं, ताकि वे तय किराया ढांचे का पालन करें। चालकों ने 18, 21, 22 और 23 मई को प्रस्तावित देशव्यापी चक्का जाम को भी समर्थन दिया है।

ट्रांसपोर्ट कारोबार से जुड़े संगठनों का कहना है कि लगातार बढ़ती लागत और परिवहन क्षेत्र की समस्याओं को लेकर कई बार सरकार के सामने मांगें रखी गईं, लेकिन अब तक समाधान नहीं निकला। इसी कारण आंदोलन का फैसला लिया गया है। इस कारण दिल्ली की मंडियों, बाजारों और औद्योगिक क्षेत्रों में सामान की आवाजाही धीमी पड़ सकती है।

दिल्ली की आजादपुर मंडी, गाजीपुर मंडी और ओखला सब्जी मंडी जैसे बड़े व्यापारिक केंद्रों में रोजाना बड़ी मात्रा में फल, सब्जियां और अन्य जरूरी सामान ट्रकों के जरिए पहुंचता है। हड़ताल के दौरान मालवाहक वाहनों की संख्या कम होने पर सप्लाई प्रभावित हो सकती है। व्यापारियों का कहना है कि अगर ट्रकों की आवाजाही रुकी तो खुदरा बाजारों में सामान देर से पहुंचेगा। इसका असर कीमतों पर भी दिखाई दे सकता है। गर्मी के मौसम में फल और हरी सब्जियों की मांग अधिक रहती है, ऐसे में सप्लाई प्रभावित होने पर लोगों को महंगे दाम चुकाने पड़ सकते हैं। कई दुकानदारों ने पहले से अतिरिक्त स्टॉक रखने की तैयारी शुरू कर दी है।

हड़ताल का असर ई कॉमर्स और ऑनलाइन डिलीवरी सेवाओं पर भी पड़ सकता है। दिल्ली में रोजाना हजारों पार्सल और घरेलू सामान ट्रांसपोर्ट नेटवर्क के जरिए अलग-अलग गोदामों तक पहुंचते हैं।

नवजात बेटी को मरने के लिए फेंक आया कूड़ेदान में, पिता गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। बुध विहार इलाके में एक व्यक्ति के जब बेटी ने जन्म लिया। उसको इतना ज्यादा नागवार गुजरा कि उसने अपनी बेटी को इलाके के कूड़ेदान में फैंक दिया। समय रहते पुलिस को उसी की पत्नी ने सूचना दी और पुलिस ने भी तुरंत कार्यवाई करते हुए बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने मामला दर्ज करके आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रविवार को,बुध विहार पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली थी। महिला कॉलर ने बताया कि उसके पति सज्जन कुमार सुबह-सुबह उनकी 1 महीने और 12 दिन की बेटी को अपने साथ ले गए थे। उसने आगे बताया कि उसका पति बेटी के जन्म से खुश नहीं था। पुलिस ने मामला दर्ज किया। एसीपी रामफूल मीणा की देखरेख में एसएचओ मदन लाल के निर्देशन में पुलिस टीम ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली। सज्जन कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ करने पर आरोपी सज्जन ने बताया कि उसने बच्ची को पाल कॉलोनी पार्क, गंदा नाला, रिठाला के पास वाले नाले में छोड़ दिया है।

पुलिस ने तुरंत उसको लेकर नाले पर पहुंची। उसकी निशानदेही पर नाले के आसपास एक गहन तलाशी अभियान चलाकर तीन घंटे के अंदर बच्ची को बरामद कर लिया गया। बच्ची को तुरंत नजदीक के बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बच्ची की हालत स्थिर बताकर उसकी मां को सौंप दिया।

शराब पर सख्ती करते हुए शुरू किया 'नशे पर लगाम' देश को सलाम

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। द्वारका जिला पुलिस ने नशीले पदार्थों और अवैध शराब पर सख्ती करते हुए नया अभियान 'नशे पर लगाम, देश को सलाम' शुरू किया है। अभियान के तहत स्पेशल स्टाफ और एंटी-नारकोटिक्स सेल की टीमों ने संयुक्त कार्रवाई कर दो अंतर-राज्यीय अवैध शराब सप्लायरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से 3850 क्वार्टर अवैध शराब बरामद की है और दो कारें भी जब्त कर ली हैं। 8 मई को द्वारका जिला पुलिस की टीमों ने दो अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की। नजफगढ़ थाना क्षेत्र में यूईआर दीचाऊं डिपो के पास कार से धर्मेंद्र (25 वर्ष, निवासी रोहतक, हरियाणा) को गिरफ्तार किया गया। उसकी कार से 2500 क्वार्टर अवैध शराब बरामद हुई। दूसरी कार्रवाई साई बाबा मंदिर के पास हुई, जहां अमन (22 वर्ष, निवासी झिलमिल, शाहदरा) को एक कार के साथ 1350 क्वार्टर अवैध शराब के साथ पकड़ा गया।

दोनों मामलों में नजफगढ़ पुलिस स्टेशन में दिल्ली आबकारी अधिनियम की धारा 33/38/58 (डी) के तहत अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई हैं। द्वारका जिले के डीसीपी कुशल पाल सिंह (आईपीएस) के निर्देश पर शुरू किए गए इस अभियान का उद्देश्य दिल्ली-एनसीआर में अवैध शराब और नशीले पदार्थों की सप्लाई को पूरी तरह रोकना है। डीसीपी ने अपनी टीमों को सख्त निर्देश दिए हैं कि युवाओं को नशे की लत से बचाने और समाज को इस सामाजिक बुराई से मुक्त करने के लिए लगातार अभियान चलाए जाएं। कार्रवाई इंस्पेक्टर कमलेश कुमार के नेतृत्व में की गई। टीम में हेड कांस्टेबल प्रदीप, सुधीर, जयराम, जितेंद्र यादव, जयभगवान, विकास, गोपाल यादव और अन्य जवान शामिल थे। पूरे ऑपरेशन की देखरेख एसीपी (ऑपरेशंस) सुभाष मलिक ने की। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अवैध शराब को दिल्ली और आसपास के इलाकों में सप्लाई करने की बात स्वीकार की। अमन ने बताया कि माता-पिता के देहांत के बाद आसानी से पैसे कमाने के लिए वह इस धंधे में शामिल हो गया था।

नागरिकों की सुरक्षा, भयमुक्त जीवन को प्राथमिकता: गोयल

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने आवारा कुत्तों की समस्या पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का जोरदार स्वागत करते हुए इसे देश के करोड़ों नागरिकों को सुरक्षा, गरिमा और भयमुक्त जीवन दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया है। गोयल पिछले तीन सालों से इस पर आन्दोलन चला रहे हैं। उनका आज आरडब्लूए ने जोरदार स्वागत किया। गोयल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने सभी पक्षों को गंभीरता से सुनने के बाद इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि देश में आवारा कुत्तों की स्थिति भयावह हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि अदालत ने यह तक स्पष्ट किया है कि आवश्यकता पड़ने पर कानून के अनुसार रैबीज से संक्रमित एवं अत्यधिक आक्रामक आवारा कुत्तों को यूथेनेशिया एवं अन्य स्वीकृत इंजेक्शन के माध्यम से मारा जा सकता है। गोयल ने कहा कि आवारा कुत्तों द्वारा बच्चों को नोचना, बुजुर्गों पर हमला करना तथा विदेशी पर्यटकों तक को काटना अत्यंत गंभीर विषय बन चुका है।

उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के उस निर्देश का स्वागत किया जिसमें सार्वजनिक स्थानों, रेलवे स्टेशन, टर्मिनल, एयरपोर्ट, स्कूल, कॉलेज, सोसाइटी एवं अपार्टमेंट परिसरों से आवारा कुत्तों को हटाने तथा दोबारा वहां न छोड़े जाने की बात कही गई है।

आवारा कुत्तों की समस्या पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद आरडब्लूए के सदस्य पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने स्वागत करते हुए।

एक नजर

एनएसई में निवेशकों की संख्या 13 करोड़ के पार पहुंची

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) पर अद्वितीय पंजीकृत निवेशकों की संख्या 27 अप्रैल 2026 को 13 करोड़ के स्तर पर पहुँच गई। सितंबर 2025 में 12 करोड़ का आँकड़ा पार करने के बाद लगभग सात महीनों में यह उपलब्धि हासिल की गई। एनएसई के मुख्य व्यवसाय विकास अधिकारी श्रीराम कृष्णन ने कहा, 13 करोड़ निवेशकों का स्तर हासिल करना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बावजूद सात महीनों में 1 करोड़ निवेशकों की वृद्धि भारतीय पूंजी बाजार में भागीदारी की मजबूती को दर्शाती है।

जल जांच किट का किया वितरण

नई दिल्ली। विकास खण्ड अफजलगढ़ जनपद बिजनौर के सभागार में जिला पेय जल स्वच्छता मिशन के तहत चल रहे जल जीवन मिशन राष्ट्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत जल सखियों को जल जांच किट कार्यरत आई.एस.ए. राम मनोहर एजुकेशनल एंड समुदाय बाल विकास सोसाइटी द्वारा वितरित किया गया इस प्रशिक्षण में समूह की दीदियाँ और बीएमएम विमला देवी जी उपस्थित रही। इसके बाद आई एस ए संस्था प्रमुख सुरेश चंद्र शुक्ला ने यहाँ पर उपस्थित सभी दीदियों को आजीविका से सम्बन्धित बहुत सारी जानकारी दिया जैसे कि व्यक्तिगत लोन,सेनेटरी पैड्स, और सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न उद्यमिता योजनाओं की जानकारी दी इसके बाद जल जाँच के लिए राकेश चौधरी अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण बिजनौर द्वारा भेजे गए। प्रयोग शाला सहायक अमित जी ,नीरज कुमार ने दीदियों को जल की जाँच करने का तरीका बहुत ही सरल तरीके से समझाया और इसके बाद प्रत्येक पंचायत की दीदियों को जल जाँच की किट वितरित की गई। कार्यक्रम खंड विकास अधिकारी मनवीर सिंह ,एवं एडीओ आई एस बी मोहम्मद इकबाल के मार्गदर्शन में हुआ कार्यकत्री मोनिका स्वाति आदि का भरपूर संहयोग मिला।

अवैध शराब तस्करी का भंडाफोड़

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ), शाहदरा जिला ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शराब सप्लायर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1200 क्वार्टर अवैध शराब और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही एक कार बरामद की है। पुलिस की ओर से मंगलवार को जारी एक प्रेस नोट में बताया गया कि 15 मई को एएनटीएफ/शाहदरा को गुप्त सूचना मिली थी कि आनंद नामक व्यक्ति शाम करीब 7:30 बजे दिलशाद गार्डन के जे एंड के ब्लॉक इलाके में सफेद रंग की हुंडई एक्सेंट कार से अवैध शराब की खेप पहुंचाने आने वाला है। सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर विनोद कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें एसआई धीर सिंह, एएसआई शोकिंदर, हेड कांस्टेबल विकास मलिक, राजेश कुमार, पंकज कुमार, वेदपाल और कांस्टेबल अर्जुन शामिल थे। पूरी कार्रवाई एसीपी विवेक विहार और डीसीपी शाहदरा की निगरानी में की गई। पुलिस टीम ने मेन रोड, जे एंड के ब्लॉक, दिलशाद गार्डन के पास घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें छिपाकर रखी गई भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई।

गंगा दशहरा मेले पर हरिद्वार को 25 व 26 मई को विशेष ट्रेनें

नई दिल्ली। हरिद्वार में 25 मई को आयोजित होने जा रहे गंगा दशहरा मेला में जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे ने विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की है। 04308/ 04307 नंबर की मेला विशेष ट्रेन 25 मई और 26 मई को चलेगी, जिसमें सिर्फ अनारक्षित कोच लगाए जाएंगे। 04308 नंबर को मेला विशेष ट्रेन हरिद्वार से 25 व 26 मई को शाम पौने चार बजे चलेगी और रात साढ़े नौ बजे दिल्ली शाहदरा पहुंचेगी। दिल्ली शाहदरा से रात 11:30 बजे चलकर सुबह सवा चार बजे हरिद्वार पहुंचेगी। रास्ते में इसका ठहराव रुड़की,टपरी, शामली, बड़ौत, बागपत रोड और नोली में होगा।

तिब्बी कांग्रेस कैराना का यूनानी मेडिकल कैंप संपन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस कैराना, उत्तर प्रदेश की ओर से 149वां मुफ्त यूनानी मेडिकल कैंप आयोजित किया गया। जिससे सैकड़ों मरीजों ने फायदा उठाया। ज्यादातर मरीज पेट और लिवर की बीमारियों, जोड़ों के दर्द, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर और मेटाबोलिक डिसऑर्डर से परेशान पाए गए।

दिल्ली से एडवोकेट शाह जबी काजी, डॉ. इलियास मजहर हुसैन, हकीम मुहम्मद मुर्तजा देहलवी, जीशान काजी और ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के सेक्रेटरी जनरल डॉ. सैयद अहमद खान ने शिरकत की। प्रोग्राम के कन्वीनर, डॉ. सैयद यासिर और जीशान प्रधान ने अपने साथियों के साथ मिलकर बेहतरीन इंतजाम किया। कैंप के आखिर में, लोगों को उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर मेम्बर पारलियामेन्ट इकरा हसन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि यूनानी सदियों से आजमाया हुआ तरीका ए इलाज हमारी सेहत की गारंटी है क्योंकि अब लाइफस्टाइल में बदलाव की वजह से लोग पहले से ज्यादा बीमारियों से ग्रसित हैं।

पत्नी से विवाद के बाद शख्स ने आत्मदाह किया

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। जहांगीरपुरी इलाके में वैवाहिक विवाद के चलते एक व्यक्ति ने कथित तौर पर खुद को आग लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, सोमवार को महेंद्र पार्क थाने को जहांगीरपुरी के एक इलाके में आग लगने की घटना के संबंध में सूचना मिली। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि थाना प्रभारी सहित पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और दीपांश चौधरी नामक व्यक्ति को झुलसी हुई अवस्था में पाया और उसे बाबू जगजीवन राम मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि चौधरी और उसकी पत्नी के बीच वैवाहिक विवाद चल रहा था और इस संबंध में पहले 'महिलाओं के खिलाफ अपराध प्रकोष्ठ' में एक शिकायत भी की गई थी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना वाले दिन, पत्नी से कहासुनी के बाद चौधरी ने आत्महत्या करने की धमकी दी और बाद में खुद को आग लगा ली। उन्होंने बताया कि मामले में आगे की जांच जारी है जिसके तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

खंडित मूर्तियों के ससम्मान रीसाइक्लिंग के लिए बनेंगे विशेष कलेक्शन सेंटर्स

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजधानी में खंडित देवी-देवताओं की मूर्तियों के सम्मानजनक संग्रह एवं रीसाइक्लिंग के लिए एक विशेष जनभागीदारी अभियान शुरू करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली में खंडित (पुरानी) मूर्तियों के सम्मानजनक विसर्जन और रीसाइक्लिंग के लिए समर्पित 'कलेक्शन सेंटर्स' स्थापित करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने इस मुहिम को पूरी तरह नागरिक-केंद्रित बनाने के लिए सीधे दिल्लीवासियों से सुझाव मांगे हैं ताकि जनभागीदारी से इस योजना को अंतिम रूप दिया जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्षों तक जिन मूर्तियों को लोग अपने घरों में भगवान के रूप में पूजते हैं, उनके खंडित हो जाने के बाद अक्सर उन्हें पीपल के पेड़ों के नीचे, नदी किनारे, पार्कों या सड़कों पर छोड़ दिया जाता है। यह न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत करता है, बल्कि स्वच्छता और पर्यावरण के लिए भी गंभीर चिंता का विषय है।

शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

नई दिल्ली। एएटीएस स्टाफ ने अंतर-राज्यीय चार-पहिया वाहन चोरी गैंग का भंडाफोड़ कर एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से चार चोरी की कारें बरामद की है। दिल्ली के शाहद. रा जिला पुलिस उपायुक्त राजेंद्र प्रसाद मीणा ने बताया कि शाहदरा जिले और आसपास के इलाकों में चार-पहिया वाहन चोरी की हालिया घटनाओं को देखते हुए, एसीपी ऑपरेशन मोहिंदर सिंह की देखरेख में प्रतीक सक्सेना के नेतृत्व में टीम को सक्रिय वाहन चोरों को पकड़ने का काम सौंपा गया था।

एआई आधारित ट्यूटरिंग प्रोग्राम से परीक्षा परिणाम बेहतर

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। जहाँ कभी फेल होने वाले छात्रों की संख्या बड़ी चुनौती मानी जाती थी, वहीं अब एक ही साल में फेलियर रेट में 70% तक की गिरावट दर्ज की गई है। कई स्कूलों में पास प्रतिशत सिर्फ 12 महीनों में 87% से बढ़कर 99.3% तक पहुँच चुका है।

वहीं, पहले शिक्षा के मामले में पिछड़े माने जाने वाले जिलों के सरकारी स्कूल, अब पहले स्थान तक पहुँचने लगे हैं। इन आँकड़ों में बढ़त के मायने में जिस प्रोग्राम ने सबसे बड़ा बदलाव किया है, उसका नाम है 'संपूर्ण शिक्षा कवच' (एसएसके)। यह राज्य सरकारों और दिल्ली स्थित एआई एजुकेशन स्टार्टअप 'फिलो' के बीच पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत संचालित किया जा रहा है। फिलो के को-फाउंडर रोहित कुमार ने कहा, 'हम जिस भी जिले में जाते हैं, लोग हमें बताते हैं कि वहाँ की चुनौतियाँ अलग हैं, कहीं भाषा की दिक्कत है, कहीं पहाड़ी इलाके हैं, तो कहीं शिक्षकों की कमी है और यह बात सही भी है। लेकिन, पढ़ाई में आने वाली परेशानी हर जगह एक जैसी है।

जगन्नाथ पहाड़िया की पुण्यतिथि पर संगोष्ठी आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। ऑल इंडिया खटीक फेडरेशन की दिल्ली इकाई द्वारा डॉ. अंबेडकर नगर विधानसभा के संत दुर्बलनाथ मार्ग, दक्षिणपुरी स्थित संत दुर्बलनाथ मंदिर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम खटीक समाज के गौरव, राजस्थान के पहले मुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री एवं बिहार व हरियाणा के दो बार राज्यपाल रहे स्वर्गीय श्री जगन्नाथ पहाड़िया की पांचवीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था, जिसमें समाज के प्रबुद्ध जनों ने उन्हें भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की और उनके जीवन पर आधारित एक विचार गोष्ठी में भाग लिया। इस विचार गोष्ठी की

अध्यक्षता दिल्ली प्रदेश खटीक समाज के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद खितौलिया ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्व. जगन्नाथ पहाड़िया जी के छोटे भाई श्री रामस्वरूप पहाड़िया जी गरिमामयी उपस्थिति रहे। गोष्ठी के दौरान उपस्थित विभिन्न वक्ताओं विकास खितौलिया, रामचरण महामना, प्रेम पहाड़िया, कमल बसवाला, गंभीर राजोरा, भूपेंद्र किराड़ एवं छोटे लाल खींची आदि ने जगन्नाथ पहाड़िया के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

जापान कोरिया कांक्लेव अपने अंतिम चरण में

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित जापान-कोरिया कॉन्क्लेव अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। 20 मई को इस गौरवपूर्ण यात्रा का समापन होगा जिसके बाद सभी सम्मानित सदस्य अपनी अमिट यादों को समेटकर वतन वापस लौटेंगे। यह पावन यात्रा जापान और कोरिया में भारतीय संस्कृति तथा सिंधी समाज की समृद्ध विरासत के प्रचार-प्रसार के मुख्य उद्देश्य में पूरी तरह सफल रही। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया के वरिष्ठ पदाधिकारी अशोक लालवानी ने बताया वित्तीय अनियमितताओं, एग्रीमेंट के उल्लंघन और मानसिक प्रताड़ना के इस गंभीर मामले का स्थायी समाधान निकालने के लिए, सभी यात्रियों की सहमति से उक्त ट्रैवल एजेंट के खिलाफ सख्त कदम उठाए गए हैं।

महिला को ऑटो में घेरकर लूटा, तीन दबोचे

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के कृष्णा नगर इलाके में अकेली महिला यात्रियों को निशाना बनाकर छीना-झपटी करने वाले गिरोह का शाहदरा जिला पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में ऑटो चालक समेत तीन आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों की पहचान लोनी निवासी 24 वर्षीय तालिब, उसके पिता 45 वर्षीय राशिद और रिश्तेदार वकील के रूप में हुई है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल ऑटो, छीने गए 40 हजार रुपये और घटना के समय पहने गए कपड़े बरामद किए हैं। मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच जारी है। डीसीपी शाहदरा राजेंद्र प्रसाद मीणा के मुताबिक गत 10 मई की सुबह करीब साढ़े पांच बजे वसुंधरा निवासी महिला ईस्ट आजाद नगर मेट्रो स्टेशन से ऑटो में बैठी थी। महिला के पास ट्रॉली बैग और पर्स में करीब 55 हजार रुपये नकद थे। रास्ते में ऑटो चालक ने दो युवकों को अपना रोज का यात्री बताकर ऑटो में बैठा लिया।

दोनों बदमाश महिला के दोनों तरफ बैठ गए और उसे घेर लिया। कुछ दूर पहुंचने के बाद चालक ने ऑटो में कुछ तकनीकी खराबी आने का बहाना बनाकर वाहन सड़क किनारे रोक दिया। इसी दौरान एक बदमाश ने महिला का ट्रॉली बैग बाहर फेंक दिया, जबकि दूसरे ने पर्स झपट लिया।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

सम्पादकः
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं

फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल में दो दिवसीय इंटर स्कूल क्रिकेट चैंपियनशिप का भव्य समापन

शाह टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। दिल्ली-एनसीआर: सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल द्वारा '6-ए-साइड क्रिकेट एसोसिएशन' के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय 'इंटर स्कूल क्रिकेट चैंपियनशिप-2026' का भव्य समापन हो गया। रोमांचक प्रतियोगिता में दिल्ली-एनसीआर की कुल 34 टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें कक्षा तीन से पांचवीं और कक्षा छः से आठवीं तक के छात्र शामिल हुए। चैंपियनशिप के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि के रूप में ओम वीर सिंह (सामाजिक कार्यकर्ता एवं सेवानिवृत्त खेल शिक्षक, डी ए वी स्कूल) और विशिष्ट अतिथि के रूप में मेरठ मंडल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के ऑब्जर्वर रविंद्र उपस्थित रहे।

इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. मेघा शर्मा ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि जीत और हार से ज्यादा महत्वपूर्ण खेल की भावना है और मैदान पर उतरी सभी टीमों ने कमाल का प्रदर्शन किया है। वहीं, पर स्कूल के डायरेक्टर (एडमिशन) अखिलेश वर्मा ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए जरूरी हैं, बल्कि यह बच्चों में टीम वर्क और अनुशासन की भावना भी पैदा करते हैं और हमारा स्कूल हमेशा से ऐसी खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने आगे ये भी बताया

कि 3-5 क्लास केटेगरी में प्रथम स्थान सुंदर दीप वर्ल्ड स्कूल, द्वितीय स्थान डीपीएस एच आर आई टी एवम तृतीय स्थान इंदिरा. पुरम पब्लिक स्कूल प्रताप विहार को मिला तथा 6-8 क्लास केटेगरी में प्रथम स्थान द समर्थ स्कूल, दिल्ली, द्वितीय स्थान न्यू रेनबो पब्लिक स्कूल प्रताप विहार एवम तृतीय स्थान हिंडन पब्लिक स्कूल को प्राप्त हुआ।

प्रतियोगिता के समापन और पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी पीयूष श्रीवास्तव (रिटायर्ड आईजी) रहे, जिन्होंने चैंपियनशिप में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया।

इस मौके पर पीयूष श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त रिटायर्ड आई.जी, आई.पी.एस प्रति-कुल. पति प्रशासन, एस.जी.यू. ने अपने प्रेरक विचार साझा करते हुए कहा कि खेल जीवन में अनुशासन और विपरीत परिस्थितियों से लड़ना सिखाते हैं, आज के युवा खेल के क्षेत्र में देश का नाम वैश्विक स्तर पर रोशन कर रहे हैं और पुलिस विभाग में भी खेल को हमेशा बहुत सम्मान दिया जाता है। अंत में उन्होंने सभी विजेता बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की, जिसके बाद तालियों की गड़गड़ाहट के साथ इस शानदार खेल उत्सव का समापन हुआ। इस पूरे आयोजन और व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से सफल बनाने में हेड-स्पोर्ट्स रिंकू सिंह के साथ-साथ अभिषेक, योगेश और रोहित ने मुख्य कार्यकर्ता के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और पूरा अरेंजमेंट संभाला।

लाइनमैन की करंट लगने से मौत

चांदपुर। ग्राम पीपलसाना स्थित 11 केवीए विद्युत लाईन पर काम कर है एक संविदाकर्मी लाईनमैन की करंट लगने से मौत हो गई। इस घटना से पॉवर हाउस पर हड़कम्प मच गया तथा अधिकारी मौके पर पहुंचे और लाईन पर काम कर रहे संविदाकर्मी ग्राम खानपुर खादर निवासी कमल कुमार के शव को नीचे उतरवाया तथा उसके परिजनों को सूचना दी। सूचना पाकर मृतक कमल के परिजनों ने बिजली घर पहुंचकर हंगामा शुरु कर दिया तथा कमल को जान बूझकर लाईन पर चढ़ाने का आरोप लगाते हुए उसे मारने का आरोप लगाया। इस बाबत विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा काफी समझाने के बाद भी मृतक के परिजन नहीं माने और स्याऊ सीएचसी के सामने जाम लगा दिया। जिसे पुलिस ने बड़ी मुश्किल से खुलवाया गया।

निवाड़ी पुलिस ने अवैध शराब व गांजे के साथ पकड़े तीन तस्कर

शाह टाइम्स संवाददाता

मोदीनगर। निवाड़ी पुलिस ने एक फ्लैट से तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से 94 बोतल हरियाणा मार्का शराब की बोतल व 739 ग्राम गांजा बरामद किया है।

एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा ने पत्रकार वार्ता में बताया कि मुखबिर की सूचना पर ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत निवाड़ी थाना क्षेत्र की कन्नन ग्रीन सोसाइटी निकट एस आर एम यूनिवर्सिटी में छापा मारकर तीन अभियुक्तों हिमांशु पुत्र सुजीत, अनमोल पुत्र मनोज व उंदपी पुत्र मनोज तीनो निवासी थाना मोकामा पटना बिहार को गिरफ्तार किया है।

जिनके कब्जे से 94 बोतल शराब ब्लेंडर प्राइड हरियाणा मार्का, 739 ग्राम गांजा, इलेक्ट्रॉनिक काँटा व 1120 रूपये नगद बरामद हुए है। एसीपी ने यह भी बताया कि अभियुक्त हरियाणा से सस्ती शराब लाकर रेल द्वारा बिहार भेजकर वहां बेचेंगे व बिहार से सस्ता गांजा लाकर यहां बेचेंगे, अभी तक

ये लोग केवल 2 पेटी शराब ही बिहार रेल द्वारा भेज सके थे इसी बीच पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जा रही है। वार्ता में एसओ निवाड़ी कृष्ण कुमार मौर्या व पुलिस टीम भी मौजूद रही।

सिद्धार्थ विहार में विधायक संजीव शर्मा ने व्यापारियों संग की चाय पर चर्चा

कार्यक्रम में आए व्यापारियों से संजीव शर्मा ने एक-एक करके परिचय किया

शाह टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। शहर विधायक संजीव शर्मा ने सोमवार को सिद्धार्थ विहार में एक अनोखी पहल करते हुए व्यापारियों के साथ "चाय पर चर्चा" कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में सिद्धार्थ विहार व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं स्थानीय व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान विधायक ने व्यापारियों की समस्याएं सुनीं और उन्हें शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के दौरान विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि व्यापारी समाज शहर की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने व्यापारियों से खुलकर अपनी समस्याएं और सुझाव रखने की अपील की। कार्यक्रम में आए सभी व्यापारियों से

विधायक संजीव शर्मा ने एक-एक करके परिचय लिया और सभी की बात शांतिपूर्ण तरीके से सुनी व्यापारियों ने कहा विधायक हो तो ऐसा स विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि क्षेत्र के विकास और व्यापारिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर सिद्धार्थ विहार व्यापार मंडल के अध्यक्ष वसीम अली एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष हर्ष कुमार ने विधायक संजीव शर्मा का मोमेंटो देकर स्वागत किया।

कार्यक्रम में सिद्धार्थ विहार व्यापार मंडल के संरक्षक ज्ञानेंद्र शर्मा, ओम प्रकाश शास्त्री, राकेश कौशिक, कोषाध्यक्ष डॉक्टर अमन माथुर. उपाध्यक्ष नीलकमल, उपाध्यक्ष जसवीर त्यागी, कानूनी सलाहकार एडवोकेट शैलेंद्र वर्मा, मंत्री सुरेंद्र सिंह, मंत्री हेमंत कुमार, नंबरदार हसनैन चौधरी, राहुल मिथिलेश, अबरार अहमद, अनिल शर्मा, दिनेश जैन, शैलेंद्र राणा, राधेश्सम राय, राहुल निमेष, विवेक गुप्ता, विनोद भट्ट, अनिल शर्मा, परवेज चौधरी,रमन, नरेश शर्मा, सचिन शर्मा, खालिद चौधरी, छोटेलाल, वीके गुप्ता, अनिल कुशवाहा, रवि अग्रवाल, हारून आदि कॉफी संख्या में व्यापारीगण उपस्थित रहे।

आई.टी.एस द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन

अर्पित चड्ढा "Excellence in Higher Education (BBA & BCA Courses)" सम्मान से सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। आई.टी.एस द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को "Excellence in Higher Education (BBA & BCA Courses)" सम्मान से सम्मानित किया गया। आई.टी.एस द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को प्रतिष्ठित CSR Magazine द्वारा वर्ष 2026 के लिए "Excellence in Higher Education (BBA & BCA Courses)" सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य पुरस्कार समारोह में प्रदान किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान आई.

टी.एस - द एजुकेशन ग्रुप की उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता, नवाचार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण एवं विद्यार्थियों के समग्र विकास के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता का प्रमाण है। संस्थान ने वर्षों से अपने दूरदर्शी नेतृत्व, आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, उद्योग-अकादमिक सहभागिता तथा विद्यार्थी-केंद्रित दृष्टिकोण के माध्यम से ठठ। एवं ठब शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान स्थापित की है। इस अवसर पर आई.टी.एस ख द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर.पी चड्ढा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पूरे आईटीएस परिवार के सदस्यों को बधाई दी।

इस अवसर पर अर्पित चड्ढा ने कहा कि यह सम्मान पूरे आई.टी.एस परिवार के सामूहिक प्रयासों, समर्पण एवं उत्कृष्टता की निरंतर यात्रा का परिणाम है। उल्लेखनीय है कि छात्रों में स्किल डेवलपमेंट, उनके बहुमुखी विकास के लिए संस्था के प्रयास क्षेत्र में प्रसिद्ध हैं जिनमें इंडस्ट्री-लिंक्ड वैल्यू एडेड प्रोग्राम, आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में संस्था पर बड़े स्तर पर कार्य चल रहा है। इसके साथ छात्रों को शिक्षण के उत्कृष्ट अवसरों एवं नवाचार को बढ़ने के उद्देश्य से संस्था ने कई आईआईएम एवं आईआईटी में क्रमिक रूप से प्रशिक्षण के लिए भेजा जा रहा है।

यह सम्मान संस्थान की दूरदृष्टि, गुणवत्ता आधारित शिक्षा के प्रति सतत प्रयासों एवं उत्कृष्टता की दिशा में किए जा रहे कार्यों का सशक्त प्रमाण है। आई.टी.एस द एजुकेशन ग्रुप शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, नेतृत्व एवं वैश्विक मानकों को स्थापित करने हेतु निरंतर अग्रसर है।

वैवाहिक विवादों का समाधान मध्यस्थता से संभव

महिला पुलिस चौकी में साक्षरता शिविर

शाह टाइम्स संवाददाता

धामपुर। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के माह मई के एक्शन प्लान तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार धामपुर स्थित महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी में 'मुकदमेबाजी से पूर्व वैवाहिक विवादों का निपटारा मध्यस्थता द्वारा' विषय पर एक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य लोगों को वैवाहिक एवं पारिवारिक विवादों के शांतिपूर्ण और आपसी सहमति से समाधान के प्रति जागरूक करना था।

इस मौके पर पीएलवी जयवीर सिंह ने कहा कि वैवाहिक और पारिवारिक विवादों का समाधान आपसी बातचीत, मध्यस्थता और परामर्श केंद्रों के माध्यम से करना अधिक प्रभावी होता है। इससे न केवल समय और धन की बचत होती है, बल्कि मान. सिक एवं भावनात्मक तनाव से भी राहत मिलती है। एसआई सीमा खोखर ने बताया कि घरेलू हिंसा, तलाक और दहेज से संबंधित विवादों के समाधान के लिए मध्यस्थता एक स्वैच्छिक एवं गोपनीय प्रक्रिया है। इसमें पति-पत्नी को बिना किसी पूर्वाग्रह के खुलकर अपनी बात रखने का अवसर दिया जाता है, ताकि दोनों पक्षों की सहमति से सकारात्मक समाधान निकाला जा सके। एसआई शिवानी चौहान ने कहा कि परामर्श केंद्र की टीम पति-पत्नी के बीच उत्पन्न गलतफहमियों, अहंकार और संवादहीनता को दूर कर रिश्तों को बचाने का प्रयास करती है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे मतभेद यदि समय रहते बातचीत से सुलझा लिए जाएं तो परिवार टूटने से बच सकते हैं। शिविर में आशा देवी, सविता, ललिता, शम्मा खातून, नूरजहां, मकसूदा, शाहनवाज सहित अन्य लोगों ने भाग लेकर जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में वैवाहिक विवादों के समाधान के लिए कानूनी सहायता और मध्यस्थता की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

एचएलएम 14वीं लीग ऑफ इमर्जिंग प्लेयर्स

आशिष नेहरा क्रिकेट अकादमी ने संदीप यादव क्रिकेट अकादमी को 225 रनों से हराया

शाह टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। एच.एल.एम कॉलेज ग्राउंड, में खेले गए भ्स्ड 14वीं लीग ऑफ इमर्जिंग प्लेयर्स के मुकाबले में आशिष नेहरा क्रिकेट अकादमी ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए संदीप यादव क्रिकेट अकादमी (SRCA) को 225 रनों के बड़े अंतर से पराजित किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आशिष नेहरा क्रिकेट अकादमी ने 40 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर विशाल 340 रन बनाए। टीम की ओर से

कप्तान रितज मलिक और शौर्य प्रताप सिंह ने शानदार शतकीय पारियां खेलीं। रिताज मलिक ने मात्र 49 गेंदों पर 109 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें 9 चौके और 8 छक्के शामिल रहे। उनका स्ट्राइक रेट 222.45 रहा। वहीं, शौर्य प्रताप सिंह ने 72 गेंदों में शानदार 105 रन बनाए।

इससे पहले अक्षज ने 74 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेलकर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई और बड़े स्कोर की नींव रखी। 340 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी संदीप यादव क्रिकेट अकादमी की टीम अनुशासित गेंदबाजी के सामने संघर्ष करती नजर आई और 24.1 ओवरों में 115 रन पर ऑलआउट हो गई। आशिष नेहरा क्रिकेट अकादमी की ओर से मयंक यादव ने शानदार गेंदबाजी करते हुए मात्र 15 रन देकर 4 विकेट हासिल किए, जबकि शौर्य तेवतिया ने 3 विकेट लेकर टीम की जीत सुनिश्चित की। ैत्व की ओर से अविकल ने सर्वाधिक 35 रन बनाए, जबकि कप्तान विशाल चौधरी ने 25 रनों का योगदान देने के साथ पहली पारी में 3 विकेट भी अपने नाम किए। इस शानदार जीत के साथ आशिष नेहरा क्रिकेट अकादमी ने टूर्नामेंट में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है। बल्लेबाजों और गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन ने टीम की संतु. लित ताकत को एक बार फिर साबित किया।

दलित उत्पीड़न प्रकरण ने तूल पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

धामपुर। ठाकुरद्वारा में दलित परिवार के साथ कथित उत्पीड़न के मामले ने सोमवार को उस वक्त राजनीतिक तूल पकड़ लिया, जब नगीना सांसद व आसपा राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद को ठाकुरद्वारा जाने से पुलिस ने रोक दिया। कई घंटों तक चले हाई-वोल्टेज घटनाक्रम के बाद पुलिस और सांसद के बीच सहमति बनी, जिसके तहत पीड़ित परिवार की मुलाकात किसी अन्य सुरक्षित स्थान पर सांसद से कराई गई। इसके बाद सांसद अपने काफिले के साथ रवाना हुए।

प्राप्त समाचार के अनुसार ठाकुरद्वारा क्षेत्र में एक दलित परिवार के साथ कथित उत्पीड़न और मारपीट की घटना सामने आई थी। इस मामले में पीड़ित पक्ष की शिकायत पर समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें पीड़ित परिवार ने अपनी व्यथा जाहिर की। यह वीडियो सामने आने के बाद नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने पीड़ित परिवार से मिलकर हालात का जायजा लेने का निर्णय लिया।

हालांकि, सांसद के ठाकुरद्वारा रवाना होने से पहले ही धामपुर स्थित उनके जैतरा आवास पर भारी पुलिस बल पहुंच गया। एएसपी पूर्वी अमित किशोर श्रीवास्तव, सीओ अभय पांडे, कोतवाल मृदुल कुमार तथा स्थानीय अभिसूचना इकाई के अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौके पर तैनात रहे। प्रशासन ने कानून-व्यवस्था और संभावित तनाव का हवाला देते हुए सांसद को सीधे गांव जाने की अनुमति नहीं दी।

करीब दो घंटे तक चली वार्ता के दौरान पुलिस प्रशासन ने सांसद को समझाया कि पीड़ित और दूसरे पक्ष के लोग एक ही गांव के रहने वाले हैं, ऐसे में उनके गांव पहुंचने से तनाव बढ़ सकता है। काफी चर्चा के बाद यह सहमति बनी कि पीड़ित परिवार को किसी अन्य स्थान पर बुलाकर सांसद से मुलाकात कराई जाएगी, ताकि वे अपनी बात सीधे सांसद के सामने रख सकें।

अदालती सूचना

न्यायालय सिविल जज (जू0 डि0), जनपद-गाजियाबाद
विविध वाद सं0 17 सन् 2026
(कम्प्यूटर रजि0 सं0- 89 सन् 2026)

अंकित गर्ग पुत्र स्व० अरविन्द कुमार निवासी आर-6/156, राजनगर, तहसील व जिला गाजियाबाद। आधार नं०-5070 6547 1153

...प्रार्थी/वादी

बनाम

1. प्रणव गर्ग पुत्र स्व० अरविन्द कुमार निवासी 1/21, राज नगर, न्यू राज नगर, गाजियाबाद 2. The Oriental Insurance Company Ltd. द्वारा शाखा प्रबन्धक कार्यालय स्थित आर डी सी राज नगर गाजियाबाद डिवीजनल ऑफिस - 1, बी-8, आर डी सी राज नगर, गाजियाबाद। 3- Paramount Health Services & Insurance TPA Pvt. Ltd- D-39, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज।, नई दिल्ली - 110020

...विपक्षी/प्रतिवादी

इश्तहार प्रार्थना पत्र वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र

श्रीमानजी, अंकित गर्ग वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बाबत धनराशि करीब 1,35,195/-रुपये लगभग स्व० अरविन्द कुमार, अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम प्रस्तुत किया कि वास्ते सुनवाई हेतु दिनांक 27-05-2026 नियत की जाती है। अतः यह इश्तहार जारी किया जाता है कि यदि किसी को कोई एतराज करना हो तो नियत तिथि को प्रातः 10 बजे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित होकर एतराज प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा इसके बाद किसी को नहीं सुना जाएगा तथा मुनासिब आदेश पारित कर दिया जाएगा। आज दिनांक 18-05-2026 को न्यायालय के आदेशानुसार जारी किया गया।

मृतक द्वारा छोड़ी गयी धनराशि का विवरण। प्रार्थना पत्र 4 ग क अनुसार धनराशि करीब 1,35,195/- रुपये है।

आदेशानुसार
मुंसरिम
सिविल जज (जू0 डि0), गाजियाबाद।

भाकियू कार्यकर्ताओं ने घेरी गन्ना समिति

चांदपुर। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) कार्यकर्ताओं ने गन्ना समिति कार्यालय में सचिव का घेराव करते हुए गन्ना पर्यवेक्षक परमजीत सिंह पर अपने खाद स्टोर से प्राईवेट कम्पनी की दवाई बेचने और दूसरे स्टोर संचालक पर किसानों के नाम फर्जी तरीके से खाद बीज/लोन चढ़ाने का आरोप लगाते हुए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि विनीत कुमार पुत्र चरण सिंह निवासी ग्राम पृथ्वीपुर ने सात मई को अंथाई गन्ना समिति स्टोर से एक किलो ग्राम दवाई ली थी। जिसका भुगतान चैक नम्बर 263992 के द्वारा किया गया। उसके बाद भी आधार नम्बर लिया और मशीन पर अंगूठा लगवाया था। कुछ समय पश्चात उनके मोबाईल नम्बर पर मैसेज आया, जिसमें पांच कट्टे डीएपी व के लिए हैं। जबकि डीएपी खाद खरीदा ही नहीं था। जिसकी मौखिक शिकायत गन्ना समिति सचिव को दे दी गई थी। बावजूद इसके उस पर बकाया निकाली गई है। शिकायत में कहा गया है कि स्टोर संचालक परमजीत सिंह के द्वारा अपनी प्राईवेट कम्पनी की दवाई किसानों को जबरन थोपी जा रही है। किसानों ने मशीन से किसानों को तुरंत पर्ची जारी किए जाने, दिनभर की खाद व दवाई की बिक्री का रिकार्ड प्रतिदिन समिति द्वारा चैक किए जाने, समिति स्टोर पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने की भी मांग की गई। ज्ञापन पर अरविंद कुमार ब्लाक सचिव, इरफान अहमद, फैज कुरैशी एड., मौहम्मद आसिफ, विनीत कुमार, लाला सिंह, संजीव कुमार, राकेश कुमार, अमरपाल सिंह, ध्यान सिंह आदि के नाम व हस्ताक्षर है।

डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की नई प्रतिमा का भव्य अनावरण संपन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। सीकरी कला मोदीनगर स्थित जाटव धर्मशाला में कुछ दिन पूर्व भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा क्षतिग्रस्त पाए जाने के बाद क्षेत्रवासियों में गहरा आक्रोश था। सामाजिक सौहार्द एवं सम्मान को ध्यान में रखते हुए आज नई डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा का भव्य अनावरण समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उमेश वशिष्ठ (पल्लड़ जी), पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली जी, विनोद जाटव (मुरादनगर), हिंदू

जागरण मंच के जिला महामंत्री पंकज कंसल जी, युवा प्रमुख हिंदू जागरण मंच सुबोध कुमार, रामकिशोर गौतम जी, भीमराव अंबेडकर समिति सीकरी कला के अध्यक्ष अमित कुमार जी, डॉ. सोनू, सनी, सोनू, बबलू, संदीप, मूलचंद एवं सीकरी कला के सम्मानित ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस दौरान उमेश वशिष्ठ जी द्वारा समिति के कार्यकर्ताओं को भारतीय संविधान की प्रति एवं कलम भेंट कर बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने और संविधान के मूल्यों पर चलने का संदेश दिया गया।

वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के विचार समाज को समानता, शिक्षा और न्याय का मार्ग दिखाते हैं। उनकी प्रतिमा केवल एक स्मारक नहीं, बल्कि उनके आदर्शों और संविधान के प्रति सम्मान का प्रतीक है। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें सभी ने बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

दहशत फैलाने वाले समेत चार को दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिम जिला की स्पेशल स्टाफ पुलिस टीम ने इलाके में आतंक का पर्याय बन चुके कुख्यात ष्मोहित उर्फ बाबा गैंगष से जुड़े एक नाबा. लिग समेत चार बदमाशों को दबा. `चा है। पकड़े गए बदमाशों में से एक आरोपी हत्या के मामले में काफी समय से वांछित चल रहा था। पुलिस ने इन्हें दबोच कर एक और सनसनीखेज हत्या की वारदात की साजिश को समय रहते नाकाम कर दिया है।

दरअसल आरोपियों ने पकड़े जाने पर यह खुलासा किया है कि ये विरोधी गुट से चल रही रंजिश के कारण गैंगवार में हत्या की साजिश रच रहे थे। इनके कब्जे से दो अत्याधुनिक पिस्टल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। खासबात यह है कि इलाके में खौफ पैदा करने के लिए ये बदमाश सोशल मीडिया पर हथियार के साथ रील बनाकर डालते थे।

पुलिस ने बताया कि इस गैंग के सभी सदस्य ही अवैध हथियारों के साथ सोशल मीडिया पर रील और वीडियो पोस्ट करने के बेहद शौकीन थे। ये इंटरनेट पर सरेआम कट्टे और पिस्टल लहराकर आम जनता और विरोधी गैंग्स में अपना खौफ और आतंक पैदा करना चाहते थे।

पुलिस अब इनके सोशल मीडिया हैंडल्स की भी जांच कर रही है ताकि इनसे जुड़े अन्य लोगों का पता लगाया जा सके। पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपियों में जहांगीरपुरी निवासी सरगना प्रिंस उर्फ मोहित उर्फ बाबा, मेट्रो विहार होलंबी कला निवासी राधे, जहांगीरपुरी निवासी शांतनु उर्फ चिका और एक नाबालिग शामिल हैं। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, गैंग का सरगना प्रिंस उर्फ मोहित और उसका साथी राधे बेहद शातिर और आदतन अपराधी हैं।

इन दोनों के खिलाफ दिल्ली के अलग-अलग थानों में हत्या, हत्या का प्रयास, लूटपाट, स्नैचिंग और आर्म्स एक्ट (अवैध हथियार रखने) जैसे कई गंभीर और संगीन मामले पहले से दर्ज हैं। पुलिस अब इन सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेगी ताकि यह पता लगाया जा सके कि इन्हें ये अत्याधुनिक हथियार कहां से सप्लाई हुए थे। पुलिस के मुताबिक इस मामले में जहांगीरपुरी निवासी शिकायत कर्ता शोएब ने आरोप लगाया कि आठ मई को आरोपी मोहित उर्फ बाबा ने उसके भाई जुनैद कुरैशी की हत्या के मामले में पुरानी रंजिश के चलते उसे इंस्टाग्राम के जरिये जान से मारने की धमकी दी।

आरोपी ने इंस्टाग्राम पर वीडियो अपलोड किए, जिनमें वह एवं उसके साथी शिकायतकर्ता के घर के बाहर फायरिंग करते हुए उसे एवं उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे थे। शिकायतकर्ता ने आगे बताया कि दिनांक 11 मई को दो लड़के पिस्टल लेकर उसके घर के बाहर आए और घर की ओर फायरिंग करने का प्रयास भी किया। बहरहाल पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच आरंभ की।

इस दौरान सोशल मीडिया पर अपराधियों द्वारा खुलेआम हथियार लहराने एवं फायरिंग करने वाले कई वायरल वीडियो सामने आए।

दो वायरल रीलों में दो युवक खुलेआम पिस्टल से फायरिंग करते दिखाई दिए, जिससे स्थानीय लोगों में भय एवं दहशत का माहौल उत्पन्न हो गया। इसके बाद तकनीकी जांच के जरिये इनकी पहचान की गई और लोक. `शन का पता लगाया गया और इन्हें दबोच लिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों पर करीब दर्जन भर आपराधिक मामलों में शामिल होने का आरोप है।

अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। शाहदरा जिले की वाहन चोरी निरोधक दस्ता (एएटीएस) ने संगठित वाहन चोरी गिरोह का बड़ा भंडाफोड़ किया है। टीम ने एक शातिर अंतर-राज्यीय वाहन चोर को गिरफ्तार कर लिया है और उसकी निशानदेही पर 4 चोरी की लग्जरी कारें बरामद की हैं।

इस सफल ऑपरेशन में दिल्ली के दक्षिण-पूर्व, पूर्वी और शाहदरा जिले के 4 वाहन चोरी के मामले सुलझ गए हैं। साथ ही दिल्ली, उत्तर प्रदेश और तेलंगाना में सक्रिय अंतर-राज्यीय वाहन चोरी नेटवर्क का भी पर्दाफाश हुआ है। 6 मई को एएटीएस शाहदरा को खुफिया जानकारी मिली कि एक कुख्यात वाहन चोर चोरी की मारुति ब्रेजा लेकर हसनपुर डिपो मार्ग से शाहदरा की ओर आ रहा है। इंस्पेक्टर प्रतीक सक्सेना के नेतृत्व वाली टीम ने कड़कड़ी मोड़ फ्लाईओवर के पास नाकेबंदी कर आरोपी सदाब को रंगे हाथों पकड़ लिया। उसके कब्जे से एक चोरी की मारुति ब्रेजा भी बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी सदाब (35 वर्ष, निवासी मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश) ने कई चोरियों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने 4 चोरी की कारें बरामद कीं, जिनमें मारुति ब्रेजा (दो सफेद, एक लाल) और एक मारुति बलेनो शामिल हैं। सदाब एक आदतन अपराधी है। उसके ऊपर दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में 16 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

जीटीबी अस्पताल की खामियां हुई दूर, खबर का दिखा असर

नई दिल्ली। जीटीबी अस्पताल में खामियों को लेकर सोमवार को **शाह टाइम्स** में खबर प्रकाशित की गयी थी, जिसका असर मंगलवार को देखने को मिला ओर अस्पताल प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लेते हुए प्रकाशित सभी खामियों को दूर किया स खबर में प्रमुखता के साथ महिला शौचालय बंद होने, मजबूरी में लघुशंका के लिए महिलाओ को पुरुष शौचालय में जाने पर मजबूर होना, लिफ्ट की खराबी ओर वाटर कूलर बंद होने का मुद्दा उठाया गया था, खबर छपने के बाद अस्पताल प्रशासन ने संबंधित अधिकारीयों को सम्बंधित खामियां दूर करने के आदेश दिए। मंगलवार को अस्पताल के कमरा नं-32 के सामने बने महिला शौचालय को खोल दिया गया।

कोंडली नहर में मिला युवक का शव, हत्या या आत्महत्या

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के न्यू अशोक नगर थाना क्षेत्र स्थित कोंडली नहर में मंगलवार को करीब 40 से 42 साल के एक अज्ञात युवक का शव मिला। पुलिस की शुरुआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि शव करीब दो दिन पुराना हो सकता है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, डिजास्टर मैनेजमेंट टीम और क्राइम टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवाकर कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। जानकारी के मुताबिक मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन युवक की पहचान नहीं हो सकी। मृतक के शरीर पर मिले संकेतों और हालात को देखते हुए पुलिस फिलहाल हर पहलू से जांच कर रही है।

शुरुआती स्तर पर यह साफ नहीं हो पाया है कि मामला हत्या का है या फिर आत्महत्या का। क्राइम टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक युवक की पहचान कराने के लिए शव की फोटो और अन्य जानकारी दिल्ली के अलग अलग थानों में भी भेजी गई है।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी व मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता डीएनडी महारानी बाग से जैतपुर पुश्ता रोड राजमार्ग परियोजनाओं का निरीक्षण करते हुए।

नितिन गडकरी व रेखा गुप्ता ने किया एक्सप्रेसवे खंड का निरीक्षण

नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने वाली महत्वाकांक्षी एनएच-148एनए के अंतर्गत डीएनडी महारानी बाग से जैतपुर पुश्ता रोड तथा फरीदाबाद-बल्लभगढ़ बाईपास खंड तक निर्माणाधीन छह लेन एक्सेस कंट्रोल्ड राजमार्ग परियोजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, अजय टम्टा, सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी तथा पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी भी मौजूद रहे। डीएनडी की ओर से आगे बनने वाले इस लगभग नौ किलोमीटर लंबे हिस्से में करीब 7.50 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर बनाया जा रहा है, जबकि आगरा नहर के आगे जैतपुर पुश्ता रोड तक लगभग 1.50 किलोमीटर सड़क सतह पर विकसित की गई है। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय मंत्री ने फरीदाबाद को नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से जोड़ने वाले ग्रीनफील्ड द्रुतमार्ग परियोजना की प्रगति का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम के बाद उन्होंने डीएनडी महारानी बाग छोर पर मीडिया को परियोजना से संबंधित जानकारी दी। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से विकसित की जा रही इस परियोजना की कुल लंबाई लगभग 59.063 किलोमीटर है तथा इसकी अनुमानित लागत लगभग 4463 करोड़ रुपये है।

यह छह लेन नियंत्रित प्रवेश राजमार्ग दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद, गुरुग्राम और सोहना को जोड़ते हुए दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे तथा आगामी नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, जेवर तक निर्बाध संपर्क उपलब्ध कराएगा।

महापौर ने रोड स्वीपिंग मशीनों को निगम के बेड़े में शामिल किया

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। महापौर प्रवेश वाही ने आज दिल्ली नगर निगम मुख्यालय, डॉ. एस.पी.एम. सिविक सेंटर, नई दिल्ली से 08 ट्रक-माउंटेड मैकेनिकल रोड स्वीपिंग (एमआरएस) मशीनों को हरी झंडी दिखाकर निगम के बेड़े में शामिल किया। इस अवसर पर उप-महापौर डॉ. मोनिका पंत, स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा, नेता सदन, जय भगवान यादव, इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी (आईवीपी) के नेता मुकेश गोयल, एमसीडी आयुक्त संजीव खिरवार तथा निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर महापौर श्री प्रवेश वाही ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व एवं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में दिल्ली नगर निगम राष्ट्रीय राजधानी में स्वच्छता व्यवस्था को निरंतर सुदृढ़ एवं आधुनिक बना रही है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम पहल के अंतर्गत दिल्ली नगर निगम ने 08 अतिरिक्त

मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों की खरीद की है। महापौर ने कहा कि वर्तमान बेड़े में वृद्धि करने का उद्देश्य दिल्ली में विशेष रूप से 60 फीट या उससे अधिक राइट ऑफ वे वाली सड़कों पर यांत्रिक सड़क सफाई के दायरे और आवृत्ति को बढ़ाना है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि ये आधुनिक मशीनें दिल्ली की सड़कों पर धूल प्रदूषण को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

बाहरी जिला पुलिस ने चलाया महिला सुरक्षा पर केंद्रित अभियान

नई दिल्ली। महिलाओं की सुरक्षा, जनता के विश्वास और निवारक पुलिसिंग के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को दोहराते हुए,दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस के 'शिष्टाचार स्क्वाड' ने जिले के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों, परिवहन मार्गों और संवेदनशील जगहों पर महिलाओं पर केंद्रित एक व्यापक संपर्क और दृश्यमान पुलिसिंग अभियान शुरू किया। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि इस अभियान बसों से लेकर बस स्टैंड तक, पार्कों से लेकर स्कूलों और स्कूलों के आस- पास के इलाकों तक, तथा स्टेडियमों और अन्य भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों तकचलाया।

मोबाइल छीनने वाला आरोपी गिरफ्तार, 6 चोरी के फोन व बाइक बरामद की

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली पुलिस की वाहन चोरी निरोधक दस्ता (एएटीएस) ने तेज कार्रवाई करते हुए एक मोबाइल छीनने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 6 चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए और अपराध में इस्तेमाल हुई मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है। सी.आर. थाना क्षेत्र में जी-ब्लॉक के पास एक महिला, युविका वधवा, से मोबाइल छीने जाने की शिकायत मिली थी। इसके आधार पर 5 मई 2026 को एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज का गहन विश्लेषण किया।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!
महत्वपूर्ण जानकारी

ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों में वृद्धि-2026

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ भी नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जायेंगी :-

06261/06262 मैसूरु जं. – हज़रत निज़ामुद्दीन – मैसूरु जं. ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेलगाड़ी — 02 फेरे

रेलगाड़ी सं. 06261		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 06262	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	04:00	मैसूरु जं.	23:55	--
05:45	--	हज़रत निज़ामुद्दीन	--	21:00

चलने की तिथि : 06261 मैसूरु जं. से दिनांक 21.05.2026 (गुरुवार) को एवं **06262 हज़रत निज़ामुद्दीन** से दिनांक 24.05.2026 (रविवार) को।
स्थान: शयनयान।
ठहराव: हासन जं., अरसीकेरे जं., बीरूर जं., हावेरी, हुब्बल्लि जं., विजयपुरा, सोलापुर जं., दौंड जं., बेलापुर, मनमाड जं., मुसावल जं., इटारसी जं., रानी कमलापति (भोपाल), वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी) एवं आगरा कैंट स्टेशन।

03011/03012 हावड़ा जं. – आनन्द विहार (ट.) – हावड़ा जं. ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेलगाड़ी — 02 फेरे

रेलगाड़ी सं. 03011		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 03012	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	11:10	हावड़ा जं.	09:20	--
22:10	--	आनन्द विहार (ट.)	--	02:15

चलने की तिथि : 03011 हावड़ा जं. से दिनांक 22.05.2026 (शुक्रवार) को एवं **03012 आनन्द विहार (ट.)** से दिनांक 25.05.2026 (सोमवार) को।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।
ठहराव: बर्द्धमान जं., रामपुर हाट जं., दुमका, जसीडीह जं., पटना जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं गोविंदपुरी स्टेशन।

04066/04065 आनन्द विहार (ट.) – खोरधा रोड जं. – आनन्द विहार (ट.) ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेलगाड़ी — 04 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04066		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04065	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	00:30	आनन्द विहार (ट.)	03:40	--
11:30	--	खोरधा रोड जं.	--	15:30

चलने की तिथि : 04066 आनन्द विहार (ट.) से दिनांक 01.06.2026 और 08.06.2026 (प्रत्येक सोमवार) को एवं **04065 खोरधा रोड जं.** से दिनांक 02.06.2026 और 09.06.2026 (प्रत्येक मंगलवार) को
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: गाज़ियाबाद, गोविंदपुरी, सूबेदारगंज, मिर्जापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑनसोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., पहाड़पुर, कोडरमा, हज़ारीबाग रोड, पारसनाथ, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जं. गोमो, आद्रा, बाँकुड़ा, बिष्णुपुर, मिदनापुर, हिजली, बालासोर, भद्रक, जाजपुर केन्दुझर रोड, कटक एवं भुवनेश्वर स्टेशन।

04028/04027 आनन्द विहार (ट.) – मुज़फ़्फ़रपुर जं. – आनन्द विहार (ट.) ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेलगाड़ी — 06 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04028		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04027	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	11:50	आनन्द विहार (ट.)	05:30	--
04:30	--	मुज़फ़्फ़रपुर जं.	--	06:25

चलने की तिथि : 04028 आनन्द विहार (ट.) से दिनांक 29.05.26, 05.06.26 और 12.06.26 (प्रत्येक शुक्रवार) को एवं **04027 मुज़फ़्फ़रपुर जं.** से दिनांक 30.05.26, 06.06.26 और 13.06.26 (प्रत्येक शनिवार) को।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जंक्शन, गोंडा जंक्शन, बस्ती, गोरखपुर जंक्शन, छपरा, सोनपुर जंक्शन एवं हाजीपुर जं. स्टेशन।

09257/09258 भावनगर (ट.) – शकूरबस्ती – भावनगर (ट.) स्पेशल रेलगाड़ी — 10 फेरे

रेलगाड़ी सं. 09257		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 09258	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	14:20	भावनगर (ट.)	08:50	--
10:55	--	शकूरबस्ती	--	13:15

चलने की तिथि : 09257 भावनगर (ट.) से दिनांक 29.05.26, 05.06.26, 12.06.26, 19.06.26 और 26.06.26 (प्रत्येक शुक्रवार) को एवं **09258 शकूबस्ती** से दिनांक 30.05.26, 06.06.26, 13.06.26, 20.06.26 और 27.06.26 (प्रत्येक शनिवार)
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।
ठहराव: भावनगर पारा, सिहोर गुजरात, ढोला जं., बोटाद जं., धंधुका, धोलका, सरखेज, गांधीग्राम, चांदखेड़ा रोड, महेसाना जं., पालनपुर जं., आबू रोड, फालना, मारवाड़ जं., अजमेर जं., किशनगढ़, फुलेरा, रींगस, नीम का थाना, नारनौल, रेवाड़ी जं., गुरुग्राम एवं दिल्ली कैंट स्टेशन।

04137/04138 ग्वालियर जं. – बरौनी जं.– ग्वालियर जं. ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन) — 33 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04137		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04138	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	14:15	ग्वालियर जं.	12:20	--
03:20	03:30	वाराणसी कैंट	23:40	23:50
12:15	--	बरौनी जं.	--	13:45

चलने की तिथि : 04137 ग्वालियर जं. से दिनांक 14.07.2026 तक (प्रत्येक शनिवार एवं मंगलवार) को एवं **04138 बरौनी जं.** से दिनांक 20.05.2026 से 15.07.2026 (प्रत्येक रविवार एवं बुधवार) को।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., कुर्सीयान, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।
ठहराव: सानिचरा, मालनपुर, गोहद रोड, सोनी, भिण्ड, इटावा जंक्शन, गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जंक्शन, ज्ञानपुर रोड, वाराणसी, औंडिहार जंक्शन, गाजीपुर सिटी, बलिया, रेवती, सुरेमनपुर, छपरा, सोनपुर जंक्शन, हाजीपुर जंक्शन एवं शाहपुर पटोरी स्टेशन।

05064/05063 गोमती नगर – खोरधा रोड जं.– गोमती नगर ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेलगाड़ी — 08 फेरे

रेलगाड़ी सं. 05064		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 05063	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	18:55	गोमती नगर	20:00	--
07:10	07:20	वाराणसी कैंट	08:00	08:10
02:25	--	खोरधा रोड जं.	--	12:45

चलने की तिथि : 05064 गोमती नगर से दिनांक 28.05.2026 से 18.06.2026 (प्रत्येक गुरुवार) को एवं **05063 खोरधा रोड जं.** से दिनांक 30.05.2026 से 20.06.2026 (प्रत्येक शनिवार) को।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: गोंडा जंक्शन, बस्ती, गोरखपुर जंक्शन, देवरिया सदर, मऊ जंक्शन, औंडिहार जंक्शन, जौनपुर जंक्शन, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, गया जंक्शन, कोडरमा, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जंक्शन गोमो, भोजूडीह जंक्शन, आद्रा, बांकुड़ा, बिष्णुपुर, मिदनापुर, हिजली, बालासोर, भद्रक, जाजपुर के रोड, नराज मराठापुर एवं भुवनेश्वर स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए दूरभाष सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App. देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

ससुराल के बाहर जिंदा जला, पत्नी व सास पर आग लगाने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। राजधानी के महेंद्र पार्क के जहांगीरपुरी इलाके में सोमवार रात वैवाहिक विवाद के बीच एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां ए-ब्लॉक स्थित एक मकान के बाहर 39 वर्षीय दीपांश चौधरी नामक एक शख्स की जिंदा जलकर मौत हो गई। मरते वक्त जहां उसने पत्नी व सास सहित कुछ लोगों पर आग लगाने का आरोप लगाया, वहीं पुलिस ने बयान दिया कि उत्तम नगर निवासी दीपेश चौधरी ने खुद पर मिट्टी का तेल डालकर आग लगाई थी। कॉल मिलते ही पुलिस उसे पास के बाबू जगजीवन राम अस्पताल लेकर गई, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। बहरहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच आरंभ कर दी है।

जिले की डीसीपी आकांक्षा यादव ने बताया कि सोमवार रात करीब साढ़े आठ बजे शाम जहांग. `रपुरी इलाके में स्थित ए ब्लॉक में एक युवक द्वारा आग लगाने की जानकारी मिली। कॉल मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो वहां दीपेश चौधरी जली हुई हालत में मिला। पुलिस ने वीडियो रिकार्डिंग कर उसके बयान का दर्ज किए, जिसमें उसने बताया कि उसका पत्नी के साथ विवाद चल रहा था तो वह अपने मायके आ गई थी। वह उसे वापस अपने साथ ले जाने की कोशिश कर रहा था तो पत्नी और सास ने उसपर मिट्टी का तेल डालकर उसे आग के हवाले कर दिया। हालांकि पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन उसने इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

इसके बाद पुलिस ने दीपेश की पत्नी निशा और सास को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की तो यह पता चला कि निशा की वर्ष-2025 में जीवन साथी डॉट कॉम के जरिए उससे ऑनलाइन मुलाकात हुई। मूलत: पुणे का रहने वाले दीपेश ने साइट पर अपने प्रोफाइल में खुद को फॉरेस्ट अधिकारी बताया था। जबकि निशा ने एमबीए किया था और वह नौकरी कर रही थी। बहरहाल इनके बीच बातचीत और मुलाकात का सिलसिला शुरू हुआ। निशा द्वारा पुलिस को दिए गए बयान के मुताबिक इस दौरान उसने दीपेश ने उसके कुछ फोटोग्राफ ले लिए। इस बीच निशा को उसपर कुछ शक हुआ तो उसने उसके काम के बारे में पूछा। इसपर उसने खुद को रॉ का अधिकारी बताया और निशा को धमकाने लगा। निशा ने इसपर शादी से इंकार किया तो दीपेश ने उसके पिता और भाई की मारने की धमकी दी और उसके फोटोग्राफ को वायरल कर घर के सामने खुदकुशी करने की धमकी दी। पुलिस ने बताया बहरहाल 2 अप्रैल 2026 में उसने दीपेश से उसकी शादी हुई।

आठ लाख से अधिक महिलाओं के पास पहुंचा 'पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड'

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में राजधानी की महिलाओं के लिए सुरक्षित, आधुनिक और बाधा-मुक्त सार्वजनिक परिवहन सुनिश्चित करने की दिशा में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई है। दिल्ली सरकार और दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की महत्वाकांक्षी 'पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड' योजना के तहत अब तक आठ लाख से अधिक स्मार्ट कार्ड जारी किए जा चुके हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सुविधा और आत्मनिर्भरता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतर कार्य कर रही है। 'पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड' केवल मुफ्त यात्रा की सुविधा नहीं है, बल्कि यह महिलाओं को सम्मानजनक, सुरक्षित और डिजिटल रूप से सशक्त यात्रा अनुभव प्रदान करने का माध्यम बन चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य राजधानी की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को पूरी तरह महिला हितैषी, स्मार्ट और विश्वस्तरीय बनाना है। डिजिटल गवर्नेंस और आधुनिक तकनीक के माध्यम से सरकार परिवहन सेवाओं को अधिक पारदर्शी, कुशल और सुरक्षित बना रही है। यही विकसित और सशक्त दिल्ली की पहचान है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिंक कार्ड को तेजी से बनाने के लिए सरकार ने अभियान चला रखा है।

उत्तर रेलवे
खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल इंजीनियर-ट्रैक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1	कार्य का नाम	रागकुमारपुरा खनन क्षेत्र, ग्राम रामकुमारपुरा, तहसील खेतड़ी, जिला झुंझुनू, राजस्थान से पहचाने गए स्रोत से मशीन द्वारा क्रश किया हुआ हार्ड स्टोन ट्रैक बैलेस्ट की आपूर्ति, जो RDSO's की रेलवे विनिर्देश (IS/RDSO-GE/0001:2023) फरवरी 2023 एवं उसके नवीनतम करेक्शन स्लिप के अनुरूप हो, तथा निर्देशानुसार लोडिंग पॉइंट तक पहुंचाना एवं उसे NWR क्षेत्र के निजामपुर/मौंडा रेलवे स्टेशनों से BOBYN प्रकार के रेलवे वैगनों में लोड करना। दर में समस्त लागत, ठेकेदार श्रम, औजार, संयंत्र एवं मशीनरी सहित सभी प्रकार की लीड, लिफ्ट, कर, रॉयल्टी शुल्क एवं अन्य शुल्क शामिल होंगे। साथ ही साइट पर बैलेस्ट ट्रकैकिंग हेतु एप्रोच रोड बनाना एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं करना भी शामिल होगा, ताकि कार्य पूर्ण रूप से अभियंता प्रभारी के निर्देशानुसार संपन्न किया जा सके। (निविदा आमंत्रण सूचना – 03-26-27 –डब्ल्यूसी)
2	अनुमानित लागत	Rs. 2,32,88,400.45/-
3	धरोहर राशि	Rs. 4,60,000/-
4	ई-निविदा भरने का दिनांक और समय एवं ई- निविदा खुलने का दिनांक और समय	ई-निविदा भरने का समय शुरू **दिनाँक 22/05/2026** को 15.00 बजे से निविदा खुलने का समय एवं ई-निविदा खुलने का **दिनांक 11/06/2026** को 15:00 बजे तक।
5	निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है	www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

पत्रसंख्या 128-डब्ल्यू/वं.मं.अधि./सं/निविदा आमंत्रण सूचना-03-26-27-डब्ल्यूसी दिनांक :- 18.05.2026 1663/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हापुड़ में पर्यावरण को लेकर बड़ा एक्शन प्लान

वृक्षारोपण अभियान में लापरवाही नही होगी बर्दाश्त, डीएम ने अफसरों को दिए सख्त निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। जनपद में पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण और गंगा स्वच्छता को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला. धिकारी कविता मीना की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति, जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला गंगा समिति की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक में अधिका. रियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण वर्ष 2026-27 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों को आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत भूमि चिन्हांकन और अग्रिम मृदा कार्य समय से पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही जनपद में विशिष्ट वन स्थापित करने की योजना पर भी जोर देते हुए अधिकारियों से निर्धारित प्रारूप में वृक्षारोपण कार्ययोजना शीघ्र प्रस्तुत करने को कहा। बैठक में बढ़ती गर्मी और हीट वेव को देखते हुए जिलाधिक. री ने सभी विभागों को अपने कार्यालयों एवं कार्यस्थलों पर लू से बचाव के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पशु-पक्षियों के लिए भी जगह-जगह नांद और हौदे बनाकर उनमें पानी भरवाने की व्यवस्था कराने को कहा। पर्यावरण प्रदूषण को लेकर जिलाधिकारी ने सख्त

नाराजगी जताते हुए कहा कि प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के अनुरूप किया जाए। जिला गंगा समिति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि बिना ट्रीटमेंट के किसी भी प्रकार का प्रदूषित पानी जनपद की नदियों में नहीं जाना चाहिए। नदियों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए नियमित मॉनिटरिंग और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रुति शर्मा, प्रभागीय वनाधिकारी गौतम सिंह, जिला विकास अधिकारी अनवर शेख, जिला पंचायती राज अधिकारी शिव विहारी शुक्ला, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधि विपुल कुमार, पर्यावरणविद भारत भूषण समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधि मौजूद रहे।

दिल्ली से कार चुराकर हापुड़ पहुंचे शातिर चोर गिरफ्तार, दो ईको कार बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। जनपद की थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से चोरी की दो ईको कार और दो अवैध चाकू बरामद किए हैं। दोनों आरोपितों के खिलाफ दिल्ली और हापुड़ समेत विभिन्न स्थानों पर करीब दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज बताए जा रहे हैं।

थाना प्रभारी के अनुसार थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम ने ग्राम दौताई नहर के पास दो संदिग्ध युवकों को रोककर पूछताछ की। जांच के दौरान उनके कब्जे से चोरी की दो ईको कार बरामद हुईं। तलाशी लेने पर दोनों के पास से अवैध चाकू भी बरामद किए गए। पूछताछ में गिरफ्तार आरो. पितों ने अपने नाम मनोज पुत्र समरजीत तथा लक्ष्मीनारायण पुत्र राजेंद्र बंसल निवासी शहीद सुखदेव नगर अशोक विहार दिल्ली बताए। पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी वाहन चोरी की घटनाओं में लंबे समय से सक्रिय थे और दिल्ली समेत कई जिलों में इनके खिलाफ वाहन चोरी, आर्म्स एक्ट व अन्य आपराधिक मामलों में मुकदमे दर्ज हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

जिला पंचायत में भ्रष्टाचार के खिलाफ हल्लाबोल

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। जिला पंचायत कार्यालय में भ्रष्टाचार और अवैध वसूली के आरोपों को लेकर मंगलवार को जिला पंचायत सदस्यों ने अपर मुख्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जांच और कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में जिला पंचायत के निर्माण कार्यों, नक्शा पास कराने की प्रक्रिया और अवैध कॉलोनियों को लेकर गंभीर आरोप लगाए गए हैं, जिससे जिला पंचायत कार्यालय में हड़कंप मच गया। ज्ञापन में जिला पंचायत सदस्यपति सुरेश तोमर और जिला पंचायत सदस्य सुमित शिशोदिया ने आरोप लगाया कि जिला पंचायत में तैनात जेई की भू-माफियाओं से सांठगांठ के चलते कार्यालय में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। उन्होंने मांग की कि पूरे

प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए और जांच पूरी होने तक संबंधित अधिकारी को पदमुक्त किया जाए ताकि जांच प्रभावित न हो। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि जिला पंचायत कार्यालय में दलाल सक्रिय हैं और बिना किसी अधिकारिक पद के लोग कार्यालय में बैठकर कामकाज में दखल दे रहे हैं। सदस्यों ने ऐसे लोगों के प्रवेश पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। जिला पंचायत सदस्यों ने विकास कार्यों में भेदभाव का भी मुद्दा उठाते हुए कहा कि सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य कराए जाने चाहिए। साथ ही अवैध कॉलोनियों के मालिकों से कथित सांठगांठ और अवैध उगाही पर रोक लगाने की मांग की गई। सदस्यों ने फैक्ट्री मालिकों से नक्शा पास कराने के नाम पर मनमाने तरीके से अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए कहा कि बिना दबाव और बिना भ्रष्टाचार के तय समय सीमा में नक्शे पास किए जाएं। ज्ञापन सौंपने के बाद जिला पंचायत कार्यालय में पूरे दिन इस मामले की चर्चा होती रही।

रोटरी क्लब का सेवा अभियान, 300 छात्राएं हुईं लाभान्वित

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। भीषण गर्मी के बीच छात्राओं को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से रोटरी क्लब हापुड़ सेंट्रल द्वारा आर्य कन्या इंटर कॉलेज में फ्रिज वाटर कूलर भेंट किया गया। इससे विद्यालय की छात्राओं को अब गर्मी के मौसम में ठंडा एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। क्लब के इस सराहनीय कार्य को विद्यालय प्रशासन और छात्राओं ने जमकर प्रशंसा की।

कार्यक्रम के दौरान क्लब पदाधिका. रियों ने कहा कि सामाजिक सरोक. रों से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाना रोटरी क्लब की प्राथमिकता है। बच्चों की सुविधा और शिक्षा से जुड़े प्रयास भविष्य निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं।

इस अवसर पर क्लब की ओर से एक अन्य सेवा प्रकल्प के तहत

छात्राओं को स्टेशनरी भी वितरित की गई। करीब 300 छात्राओं को चार-चार रजिस्टर और एक पेन सेट प्रदान किया गया। स्टेशनरी पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष अनुज शर्मा, सचिव अनिल ककड़, कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश अरोड़ा, प्रोजेक्ट चेयरमैन सतीश चंद्र अग्रवाल, हरिकिशन अग्रवाल, कपिल अरोड़ा, तरुण अग्रवाल, राजीव जिंदल, नवीन जिंदल, सर्वजीत चावला सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। विद्यालय की प्रिंसिपल एवं प्रबंधन समिति के सदस्यों ने रोटरी क्लब हापुड़ सेंट्रल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के सामाजिक कार्य छात्राओं के लिए बेहद प्रेरणादायक हैं और समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं।

राजनीति में बड़ा उलटफेर, खालिद मसूद ने थामा कांग्रेस का हाथ

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। जनपद की राजनीति में मंगलवार को उस समय हलचल तेज हो गई, जब रालोद के ऑल इंडिया मार्जिनलाइज्ड सेल के सदस्य एवं राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त रहे खालिद मसूद ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। जिला कांग्रेस मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी, शहर अध्यक्ष इशान अहमद, पूर्व विधायक गजराज सिंह और पूर्व जिलाध्यक्ष सैयद अयाजुद्दीन समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें फूल-माला पहनाकर पार्टी में शामिल कराया।

इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि कांग्रेस का जनाधार लगातार मजबूत हो रहा है और विभिन्न दलों से लोग पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि खालिद मसूद के पार्टी में आने से संगठन को मजबूती मिलेगी और उन्हें जल्द ही संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी दी जाएगी। खालिद मसूद ने कांग्रेस में शामिल होने के बाद कहा कि वर्तमान समय में देश की आम जनता महंगाई और विभिन्न समस्याओं से परेशान है। ऐसे में कांग्रेस और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ही जनता की आवाज मजबूती से उठा रहे हैं। कार्यक्रम में जिला कोषाध्यक्ष सुशील शास्त्री, जिला उपाध्यक्ष आईसी शर्मा, पूर्व सभासद ऐजाज अहमद, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, जिला महासचिव पूरनमल आनंद, एससी-एसटी कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेश भाटी, शारिक मसूद, गौरव गर्ग,

कपिल शर्मा, निसार पठान, सविता एमएम, सचिन गोयल और अनूप कर्दम समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दबंगों ने पेट्रोल पंप पर की तोड़फोड़, हजारों का नुकसान

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। जनपद में दबंगों के हौसले किस कदर बुलंद हैं, इसका अंदा. जा सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो से लगाया जा सकता है। देर रात कुछ दबंग युवकों ने पेट्रोल न मिलने से नाराज होकर पेट्रोल पंप पर जमकर उत्पात मचाया। लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से लैस दबंगों ने पेट्रोल पंप पर हमला कर मशीनों और अन्य सामान में तोड़फोड़ कर दी। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार थाना हापुड़ देहात क्षेत्र स्थित एक पेट्रोल पंप पर देर रात करीब 12 बजे चार युवक एक बाइक पर सवार होकर पहुंचे। पेट्रोल पंप संचालक नमन त्यागी ने बताया कि युवकों ने पेट्रोल की मांग की, लेकिन कर्मचारियों ने पेट्रोल उपलब्ध न होने की बात कही। इस बात से नाराज होकर युवकों ने कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और अंजाम भुगतने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। बताया गया कि करीब एक घंटे बाद वही युवक अपने साथ अन्य साथियों को लेकर मयूरी रिक्शा में सवार होकर दोबारा पेट्रोल पंप पर पहुंचे। इस दौरान उनके हाथों में लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर थे। आते ही दबंगों ने पेट्रोल पंप पर हमला बोल दिया और तोड़तोड़ तोड़फोड़ शुरू कर दी। सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि दबंग किस तरह पेट्रोल पंप की मशीनों और अन्य

सामान को निशाना बनाकर तोड़फोड़ कर रहे हैं। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। इसके बाद कर्मचारियों ने तत्काल डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपितों की पहचान कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। तोड़फोड़ की इस घटना में करीब 50 हजार रुपये के नुकसान की बात सामने आई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वायरल वीडियो और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

मोबाइल स्नैचिंग गैंग का पर्दाफाश, दो बदमाश अवैध हथियारों समेत गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। थाना बाबूगढ़ पुलिस ने महिला से मोबाइल और नकदी छीनने की घटना का खुलासा करते हुए दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से महिला से छीना गया मोबाइल, नकदी, अवैध तमंचे और वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। दोनों आरोपितों का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। पुलिस ने आरो. पितों को न्यायालय में पेश करने की तैयारी शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी के अनुसार 11 मई को चबलौता रोड पर एक महिला ई-रिक्शा में बैठकर जा रही थी। इसी दौरान बाइक सवार दो युवकों ने महिला से मोबाइल और नकदी छीन ली थी। मामले में थाना बाबूगढ़ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस टीम ने सर्विलांस और मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए घटना का सफल अनावरण कर दिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान अदनान उर्फ भूरा पुत्र नसीम निवासी मोहल्ला मजीदपुरा और अनस पुत्र इरफान निवासी मोहल्ला मजीदपुरा थाना हापुड़ नगर के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों आरोपित पहले भी कई आपराधिक मामलों में जेल जा चुके हैं। अनस के खिलाफ लूट और अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं, जबकि अदनान पर भी मारपीट और आपरा. धिक घटनाओं के मामले दर्ज बताए गए हैं।

तहसीलदार स्वाति गुप्ता की तत्परता से बची किसान की उम्मीद

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। घाकिल-खारिज की समस्या को लेकर मंगलवार सुबह ग्राम ककोड़ी निवासी किसान गुड्डू चौधरी घर से पैदल ही हापुड़ तहसील के लिए निकल पड़े। किसान का कहना था कि लंबे समय से उनकी दाखिल-खारिज की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही थी, जिसके चलते वह लगातार तहसील के चक्कर काट रहे थे। मंगलवार सुबह भी वह अपनी समस्या के समाधान की उम्मीद लेकर तहसील पहुंचने के लिए निकले थे, लेकिन रास्ते में सुप्रीम पेट्रोल पंप के पास अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। किसान की हालत बिगड़ने की सूचना गांव के लोगों और किसान नेताओं तक पहुंची तो मौके पर अफरा-तफरी

का माहौल बन गया। तत्काल उन्हें सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार दिया गया। घटना की जानकारी तहसील प्रशासन तक पहुंची तो अधिका. रियों में भी हलचल मच गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार स्वाति गुप्ता ने तुरंत किसान की फाइल मंगवाई और संबंधित कर्मचारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। जांच में सामने आया कि दाखिल-खारिज की प्रक्रिया में कुछ तकनीकी कमियां लंबित थीं, जिनके कारण किसान का कार्य अटका हुआ था। किसान गुड्डू चौधरी ने भी राहत मिलने पर प्रशासन का आभार जताया। तहस. लीदार स्वाति गुप्ता ने कहा कि किसानों की समस्याएं प्रशासन की प्राथमिकता में हैं और किसी भी किसान को अपनी जायज मांग के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, किसान हमारे समाज की रीढ़ हैं।

अगर कोई किसान अपनी समस्या को लेकर परेशान होकर पैदल तहसील आने को मजबूर होता है और रास्ते में उसकी तबीयत बिगड़ जाती है, तो यह बेहद संवेदनशील विषय है। सभी कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों और आम जनता से जुड़े मामलों को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ प्राथमिकता पर निपटाया जाए, ताकि किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

एक नजर

कपूरपुर पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर अपराधी, अवैध असलहा बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अंतर्गत पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद किया है। आरोपी का आपराधिक इतिहास भी काफी लंबा बताया जा रहा है।

थाना प्रभारी के अनुसार थाना कपूरपुर पुलिस क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बजेड़ा बंबा के पास एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास से 315 बोर का एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम इरशाद पुत्र इस्तयाक निवासी ग्राम बौड़ा थाना कपूरपुर जनपद हापुड़ बताया। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है और उसके खिलाफ पहले से कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। थाना कपूरपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बकरीद को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

गढ़मुक्तेश्वर। बकरीद के अवसर पर सार्वजनिक स्थल और खुले में पशुओं की कुर्बानी पर रोक रहेगी। यह बातें थाने में वरिष्ठ उपनिरीक्षक संजय शर्मा ने कही। वह सोमवार की शाम को थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

संजय शर्मा ने कहा कि 28 मई को बकरीद है। दोनों समुदाय के लोग भाइचारा दिखाते हुए त्योहार को शांति पूर्वक संपन्न कराने में सहयोग करेंगे। अगर सार्वजनिक स्थल, रास्ता या गली में किसी भी पशु की कुर्बानी दी तो पुलिस कानूनी कार्रवाई करेगी। बकरीद को लेकर पुलिस और प्रशासन सतर्क है, आमजन से सहयोग की अपील की जा रही है। अराजकता किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोनों समुदाय के लोग मिल जुलकर शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाएं। कस्बा हो या गांव, कोई समस्या हो तो बता दें, उसका तुरंत निस्तारण कराया जाएगा। इस दौरान दोनों समुदाय के दर्जनों लोग मौजूद रहें।

सर्राफा कारोबार से जुड़े मुद्दों पर गरजा सुनार समाज

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। प्रधानमंत्री की अपील के क्रम में हापुड़ में सुनार समाज के लोगों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज और व्यापार से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से मंथन किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग, व्यापारी और युवा वर्ग के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं और प्रधानमंत्री के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना तथा व्यापारियों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान की दिशा में पहल करना रहा।

बैठक के दौरान सुनार समाज के व्यापारियों ने सर्राफा कारोबार से जुड़ी समस्याओं, बाजार की चुनौतियों, व्यापारिक नियमों और सुरक्षा संबंधी मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। कार्यक्रम में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई। समाज के वरिष्ठ लोगों ने कहा कि सुनार समाज हमेशा सामाजिक एकता और राष्ट्रहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाता आया है। आने वाले समय में भी समाज सरकार के साथ समन्वय बनाकर विकास की मुख्यधारा में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएगा। बैठक में समाज के युवाओं को संगठित होकर व्यापार और सामाजिक कार्यों में आगे आने का आह्वान भी किया गया। बैठक का समापन समाजहित और व्यापारिक विकास के लिए मिलजुलकर कार्य करने के संकल्प के साथ हुआ। उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री की सोच और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही।

तेज धूप और लू से बचें, डीएम कविता मीना की जनता से खास अपील

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। जनपद में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए जिलाधिक. री कविता मीना ने नागरिकों के लिए विशेष एडवाइजरी जारी करते हुए सतर्क रहने की अपील की है। 18 मई 2026 को हापुड़ में दर्ज किया गया 44 डिग्री सेल्सियस तापमान प्रशासन के लिए चिंता का विषय बन गया है। मौसम विभाग द्वारा आने वाले दिनों में भी ऊष्ण लहर और भीषण गर्मी की संभावना जताई गई है, जिसके चलते जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है।

जिलाधिकारी ने कहा कि यह केवल गर्मी नहीं बल्कि स्वास्थ्य और जीवन के लिए गंभीर चेता. वनी है। ऐसे मौसम में थोड़ी सी लापरवाही भी लोगों के लिए खतरनाक साबित हो सकती है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच अनावश्यक रूप से घरों से बाहर निकलने से बचें।

जिलाधिकारी ने कहा कि छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों का इस मौसम में विशेष ध्यान रखना बेहद जरूरी है। लगातार पानी पीते रहें, ओआरएस और नींबू-पानी जैसे तरल पदार्थों का सेवन करें तथा शरीर में पानी की कमी न होने दें। डीएम कविता मीना ने पशु-पक्षियों के संरक्षण को लेकर भी संवेदनशील अपील की। पशुपालकों को निर्देश दिए गए हैं कि पशुओं को दिन में कई बार ताजा पानी पिलाएं और उन्हें दोपहर के समय छायादार स्थानों पर रखें। आपात स्थिति में नागरिक पुलिस सहायता के लिए 100 और 112, एंबुलेंस सेवा के लिए 108, राहत आपदा कंट्रोल रूम 1070 तथा जिला आपदा कंट्रोल रूम 1077 पर संपर्क कर सकते हैं।

मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार

पैसे के विवाद में 20 साल के युवक की हत्या की थी, वारदात के बाद से फरार थे

शाह टाइम्स ब्यूरो

नोएडा। थाना सेक्टर-63 क्षेत्र में हत्या के आरोपियों और पुलिस के बीच देर रात मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए, जबकि दो बाल अपचा. रियों को भी हिरासत में लिया गया है। सभी आरोपी एक युवक की हत्या के मामले में फरार चल रहे थे।

पुलिस के अनुसार चोटपुर कॉलोनी निवासी 20 साल के दीपक का अमन और पीयूष से पैसों को लेकर विवाद हुआ था। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने दीपक पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने दर्ज मुकदमे में हत्या की धारा बढ़ा दी।

पुलिस को देखकर भागने लगे आरोपी: डीसीपी सेंट्रल नोएडा शैलेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम एफएनजी रोड पर वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन आरोपी बाइक मोड़कर भागने लगे।

शक होने पर पुलिस ने पीछा किया तो बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में अमन और संदीप के पैर में गोली लग गई। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

कॉम्बिंग के दौरान दो बाल अपचारी पकड़े गए: मुठभेड़ के बाद पुलिस ने इलाके में कॉम्बिंग अभियान चलाया। इस दौरान दो अन्य बाल अपचारियों को हिरासत में लिया गया। पुलिस के मुताबिक घायल आरोपी मूल रूप से बुलंदशहर के रहने वाले हैं और फिलहाल चोटपुर कॉलोनी में किराये पर रह रहे थे।

आरोपियों से हथियार और बाइक बरामद: पुलिस ने आरो. पियों के कब्जे से तीन अवैध तमंचे, दो खोखा कारतूस, चार जिंदा कारतूस, एक चाकू और दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पुलिस का कहना है कि पकड़े गए सभी आरोपियों ने मिलकर दीपक की हत्या की वारदात को अंजाम दिया था।

वेंडिंग जोन के लिए आवेदन के लिए मौका

शाह टाइम्स संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो में वेंडिंग जोन में 673 दुकानें पटरी दुक. नदारों के लिए प्राधिकरण ने विकसित की हैं। इसके लिए चार मई तक पूर्व में आवेदन मांगे गए थे। अब प्राधिकरण ने इसमें बदलाव कर एक जून तक नया मौका दिया है। प्रबंधक अर्बन सर्विस अभिषेक सिंह के मुताबिक अलग-अलग सेक्टरों में वेडिंग जोन बनाए गए हैं। तारीख बढ़ाने के लिए पटरी दुकानदारों की तरफ से मांग की गई थी। सीईओ एनजी रवि कुमार के आदेश पर इसे बढ़ा दिया गया है। यह वेडिंग जोन अल्फा-1, बीटा-1, बीटा-2, ओमिक्रॉन-1ए, ओमिक्रॉन-3, ज्यू-2, ज्यू-3, गामा-2, डेल्टा-1, डेल्टा-3, पाई1-2 में विकसित किए गए हैं। इन वेंडिंग जोन के लिए पथ विक्रेता, भूमिहीन किसान, मजदूर आवेदन कर सकते हैं।

तीसरी मंजिल से गिरी महिला की पोस्टमार्टम रिपोर्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के जलपुरा में हुई विवाहिता दीपिका नागर की मौत मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर पर चोटों के निशान मिले हैं। रिपोर्ट के अनुसार मृतका के शरीर पर कई बाहरी और आंतरिक चोटें पाई गई हैं, जो किसी गंभीर हिंसक घटना की ओर इशारा करती हैं।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बताया गया है कि दीपिका के दाहिने चेहरे पर करीब 12 सेंटीमीटर लंबा और 9 सेंटीमीटर चौड़ा गहरा कंट्यूजन मिला। इसके अलावा बाएं हाथ की कोहनी और फोरआर्म पर भी चोट के निशान पाए गए। बाएं कान से खून निकलने की बात भी सामने आई है।

जांघ और घुटने पर गंभीर चोटें: रिपोर्ट के मुताबिक सबसे गंभीर चोट दाहिनी जांघ पर मिली, जहां करीब 38 सेंटीमीटर लंबा और 14 सेंटीमीटर चौड़ा नीला दबाव चिन्ह पाया गया। वहीं बाएं घुटने पर हड्डी तक गहरा घाव मिला है।

कमर और पेट के निचले हिस्से में भी घाव पाए गए हैं। दाहने इलियक क्रेस्ट के ऊपर बड़े आकार का गोलाकार कंट्यूजन मिलने का भी उल्लेख रिपोर्ट में किया गया है। दोनों हाथों और शरीर के अन्य हिस्सों पर भी चोट और दबाव के निशान मिले हैं।

अंदरूनी जांच में भी गंभीर चोटों की पुष्टि: आंतरिक जांच में डॉक्टरों ने मस्तिष्क के मध्य और बाईं ओर रक्त का थक्का पाया। इसके अलावा तिल्ली फटी हुई मिली और शरीर के कई हिस्सों में अंदरूनी रक्तस्राव की पुष्टि हुई है। रिपोर्ट में हृदय के चैम्बर खाली पाए जाने और बाईं किडनी के पीले होने का भी उल्लेख किया गया है।

विसरा जांच के लिए भेजा गया: पोस्टमार्टम के दौरान विषैले पदार्थ की आशंका को देखते हुए विसरा सुरक्षित कर जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है।

इस मामले में पुलिस मृतका के पति और ससुर को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। परिजनों ने दीपिका की हत्या का आरोप लगाया है।

ग्रेनो वेस्ट में एसटीपी दिसंबर तक बनकर तैयार होगा

शाह टाइम्स संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में निर्माणाधीन सीवरेज शोधित संयंत्र (एसटीपी) दिसंबर तक बनकर तैयार हो जाएगा। अब तक सिविल कार्य 70 फीसदी हो चुका है। मशीनें लगाने का काम भी 20 फीसदी हो गया है। एसटीपी का संचालन शुरू होने से सड़कों पर गंदा पानी बहने की समस्या दूर हो जाएगी। यह ग्रेटर नोएडा वेस्ट का दूसरा एसटीपी होगा।

संयंत्र की जानकारी: प्राधिकरण के अधिकारी के मुता. बिक 45 एमएलडी क्षमता के एसटीपी का संचालन होने से इलाके में सीवर को शोधित करने की समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी। आधुनिक तकनीक पर आधारित इस संयंत्र पर 80 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में सीवर ओवरफ्लो की समस्या के स्थायी समाधान के लिए एसटीपी की संख्या बढ़ाने की योजना बनाई गई है। वरिष्ठ प्रबंधक सन्नी यादव ने बताया कि सिविल यानी निर्माण से संबंधित कार्य 70 फीसदी हो चुका है। संयंत्र लगाने का काम भी 20 फीसदी हो चुका है। निर्माण, संयंत्र लगाने और बिजली का कार्य पूर्ण कर नवंबर और दिसंबर में एसटीपी का संचालन प्रारंभ कर दिए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

कार्यदायी संस्था को एसटीपी बनाने के साथ संचालन और रखरखाव के लिए 10 वर्ष की अवधि निर्धारित की गई है। वहीं, ग्रेटर नोएडा वेस्ट में 80 एमएलडी क्षमता के एक अन्य एसटीपी के निर्माण की भी तैयारी चल रही है। इसके लिए नॉलेज पार्क-5 में जगह चिन्हित की गई है। हसे लेकर तैयार विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की जांच आईआईटी से कराई जा रही है।

> घरों और फैक्टरियों से निकलने वाले गंदे पानी को शोधित करने के लिए एसटीपी की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में निर्माणाधीन 45 एमएलडी क्षमता के एसटीपी के काम में तेजी लाने के दिशा-निर्देश दिए गए हैं। परियोजना को समय से पूरा करने का लक्ष्य है। यह एसटीपी आधुनिक तकनीक पर आधारित है। इससे पर्यावरण को किसी तरह का नुकसान नहीं होगा।
> **रवि कुमार एनजी, सीईओ,**

संयंत्र की ऊर्जा स्रोत संयंत्र सौर ऊर्जा से युक्त होगा: अधिकारी के मुताबिक एसटीपी का डिस्पोजल चौनल हिंडन नदी के किनारे स्थित होगा। अधिकारी के मुताबिक संयंत्र को सौर ऊर्जा से भी युक्त किया जाएगा,ताकि बिजली की बचत हो सके। प्राधिकरण की योजना सीवर के पानी को शोधित कर पुन: उपयोग में लाने की है। मौजूद समय में ग्रेटर नोएडा में चार एसटीपी चालू स्थिति में हैं, भविष्य में इनकी संख्या 10 से अधिक की जाएगी। उल्लेखनीय है कि घरों और फैक्टरियों से निकलने वाले गंदे पानी को शोधित करने के लिए प्राधिकरण ने नॉलेज पार्क-5 में 50 एमएलडी और सेक्टर आईटी सिटी में 12 एमएलडी क्षमता के एसटीपी के निर्माण की भी योजना बनाई है।

मुझे उनका एनकाउंटर चाहिए दीपिका नागर की मौत मामले पर बहन की गुहार

शाह टाइम्स संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा में 17 मई को 25 साल की विवाहित महिला दीपिका नागर की संदिग्ध मौत हो गई। दीपिका की ससुराल के लोगों और पुलिस ने कहा कि वह छत से गिरकर मर गई। जब पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आई तो दीपिका के परिवार का दावा है कि उसके शरीर पर पाई गईं चोटें वैसी नहीं हैं जैसी किसी को छत से गिरने के कारण लगती हैं। इस घटना से आहत दीपिका की बहन सारिका नागर का रो-रोकर बुरा हाल है। उसने मांग की है कि दीपिका के ससुराल वालों का एनकाउंटर किया जाए।

सारिका नागर ने रोते हुए कहा कि, श्उसकी तो निर्ममता से हत्या हुई है। मेरा बहन को उन राक्षसों ने नोंच डाला। मेरी बहन के पेट में कुछ घुसाया। मेरी बहन पर क्या बीती होगी। मेरी रात 11 बजे बात हुई थी उससे। बस यही कह रही थी मैं बहुत परेशान हूं। मैंने कहा, कोई बात नहीं सब ठीक हो जाएगा। उसके बात उससे मेरी कोई बात नहीं हुई। हमें बता देते, हम अपने घर में रख लेते। मेरी बहन को जल्लादों ने बुरी तरह तहस-नहस कर दिया।श

सारिका ने बताया, श्वह पहले ही बताती थी कि ये लोग मुझे टॉन्टिंगबाजी करते रहते हैं, कि ये ऐसा नहीं है, ये अच्छा नहीं है। ये चीज नहीं आई, ये चीज नहीं लेकर आई, शादी में ये नहीं किया। कहते थे कि हमने तो लड़की देखी थी, वरना वे हमारी औकात के नहीं थे। लड़की देखी तो उसे रखते तो सही। फूल सी बहन को मार दिया। मेरी बहन कहां से वापस आएगी।

गिरफ्तारी से क्या होगा, एनकाउंटर किया जाए: उन्होंने कहा कि, श्गिरफ्तार करके क्या ही कर लिया। वे थोड़े दिन में जमानत पर बाहर आ जाएंगे। फिर वे दरिंदे यहीं घूमेंगे। न सास को पकड़ा, न नंद को पकड़ा। लड़का पहले ठीक था लेकिन उसकी हरकतें भी दिन-ब-दिन बदलती जा रही थीं। फॉर्च्यूनर चाहिए थी तो कहीं और शादी कर लेते। हमारे यहां रिश्ता क्यों मांगा था। घर में रहती तो कम से कम जिंदा तो रहती हमारे बीच में आज। मुझे उनका एनकाउंटर चाहिए।

ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप: दीपिका नागर के परिवार का कहना है कि उसकी छत से गिरने के कारण मौत नहीं हुई बल्कि उसकी उसके ससुराल के परिवार ने हत्या की है। यह हत्या दहेज को लेकर प्रताड़ना के बाद की गई। ग्रेटर नोएडा में दीपिका नागर की मौत को लेकर लोगों में भारी गुस्सा है।

ग्रेटर नोएडा के जलपुरा गांव में दीपिका नागर की 17 मई को मौत हुई थी। उसके चाचा विशेष नागर ने उसके आत्महत्या करने की बात खारिज कर दी है। उन्होंने दीपिका के ससुराल वालों पर उसे बेरहमी से प्रताड़ित करने और उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है।

पीएफ खाताधारक 75 फीसदी राशि निकाल सकेंगे

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। जिले के लगभग 8.50 लाख पीएफ खाताधारक जून-जुलाई से 13 के स्थान पर तीन अलग-अलग नियमों में 75 फीसदी तक पीएफ राशि निकाल सकेंगे। इनमें आवश्यक जरूरतें (बीमारी, शिक्षा, विवाह), घर संबंधी जरूरतें और विशेष परिस्थितियां शामिल हैं। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन लंबे समय से इस पर काम कर रहा है।

नए नियमों की जानकारी: कर्मचारी भविष्य निधि संगठन से मिली जानकारी के मुताबिक पीएफ खाते से पैसे निकालने के 13 अलग-अलग प्रावधानों को मिलाकर इसे तीन वर्गों में बांट दिया है। नए नियमों के मुताबिक ईपीएफओ के सदस्य अपने भविष्य निधि खाते में जमा राशि का 75 फीसदी तक निकाल सकेंगे। रकम निकालने में 25 फीसदी न्यूनतम बैलेंस रखना जरूरी होगा। यानी यदि व्यक्ति के पीएफ खाते में आठ लाख रुपये हैं तो दो लाख रुपये छोड़कर बाकी पूरी रकम निकाल सकता है। बची हुई इस रकम का इस्तेमाल भविष्य या सेवानिवृत होने के बाद की जरूरतों के लिए हो सकता है।

खाताधारकों के लिए सुविधाएं: क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त प्रथम सुयश पांडे ने कहा कि पीएफ खाताधारकों की सुविधाओं के लिए तमाम कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चरणबद्ध तरीके से सुविधाएं लागू होंगी। पीएफ खाता धारक ऑनलाइन या उमंगएप के जरिए आवेदन कर सकते हैं। खाताधारक के सभी दस्तावेज सहीं हैं और आवेदन उचित नियम के तहत किया गया है को रकम तीन कार्यदिवस में खाते में भेज दी जाती है।

एक नजर

नंदी आज ग्रेटर नोएडा व कल यीडा की करेंगे समीक्षा

नोएडा(शाह टाइम्स)। प्रदेश सरकार में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी गौतमबुद्धनगर के तीनों प्राधिकरणों की समीक्षा कर रहे हैं। मंगलवार को नोएडा प्राधिकरण के कामों की जहां समीक्षा उन्होंने लखनऊ में की। वहीं बुधवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी लखनऊ बुलाए गए हैं। बृहस्पतिवार को यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण-यीडा के अधिकारी लखनऊ पहुंचेंगे। विभाग से भेजे गए पत्र के मुताबिक भविष्य की योजनाओं के एक प्रजेंटेशन के साथ किसानों की समस्याएं, प्रचलित विकास कार्यों पर प्रगति, वित्तीय स्थिति, लैंड बैंक के अलावा सभी विभागों के बारे में जानकारी मांगी गई है। इन जानकारी के आधार पर ही समीक्षा बैठक रहेगी।

तीसरे काउंटर से आधार कार्ड बनने शुरू

नोएडा (शाह टाइम्स)। सेक्टर-19 के डाक विभाग में मंगलवार से आधार कार्ड बनाने के लिए तीसरे काउंटर की शुरुआत हुई। हेड पोस्ट मास्टर मनोज कुमार ने बताया कि पहले रोजाना करीब 140 से 150 आधार कार्ड बन पाते थे, लेकिन अब यह संख्या बढ़कर 180 से 190 हो गई है। इनमें नए कार्ड के साथ सत्यापन और नवीनीकरण भी शामिल है। आधार सेवा केंद्र पहुंचे ग्राहक सूरज ने बताया कि पिछले कई दिन से भीड़ होने के कारण काम नहीं हो पा रहा था। मंगलवार को नया काउंटर सेवा शुरू होने से उनका काम थोड़ी ही देर में हो गया।

दहेज उत्पीड़न के आरोपी सास-ससुर को अग्रिम जमानत

नोएडा(शाह टाइम्स)। दहेज उत्पीड़न, मारपीट और जान से मारने की कोशिश के आरोपों से जुड़े एक मामले में अदालत ने आरोपी ससुर राकेश कुमार श्रीवास्तव और सास उमा श्रीवास्तव को अग्रिम जमानत दी है। थाना बीटा-2 में दर्ज मामले में पीड़िता ने आरोप लगाया था कि 24 मार्च को पति ने शराब के नशे में उसके साथ मारपीट की, जिससे उसका हाथ टूट गया। उसने आरोप लगाया था कि बेहोश होने के बाद उसे मृत समझकर पति बच्ची को लेकर भाग गया था। बाद में होश आने पर उसने भाई को फोन किया, जिसके बाद उसे अस्पताल पहुंचाया गया। पीड़िता अर्पिता श्रीवास्तव ने पति रोहित श्रीवास्तव, सास-ससुर और अन्य पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और मानसिक प्रताड़ना के आरोप लगाए थे। वहीं, आरोपी पक्ष ने आरोपों को निराधार बताया। दोनों आरोपियों ने अदालत को बताया कि वे पुत्र और बहू से 60 किलोमीटर दूर विदिशा जिले में रहते हैं और वैवाहिक जीवन में उनका कोई हस्तक्षेप नहीं रहा।

अपना घर आश्रम में महिला की बीमारी से मौत

नोएडा(शाह टाइम्स)। सेक्टर-34 स्थित अपना घर आश्रम में रहने वाली 25 वर्षीय महिला की मंगलवार सुबह बीमारी के चलते मौत हो गई। उसे गंभीर हालत में संस्था की केयरटेकर ने जिला अस्पताल में भर्ती करवाया था। पुलिस के मुताबिक सेक्टर-34 स्थित अपना घर आश्रम में जया करीब दो माह पूर्व से रह रही थीं। हापुड़ के पिलखुवा थाने की पुलिस ने उन्हें 13 मार्च 2026 को भर्ती कराया था। पुलिस अब तक जया के परिवार के बारे में पता नहीं लगा पाई है। जया के पास से भी परिवार के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। मंगलवार सुबह अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी। उन्हें गंभीर हालत में वहां की केयरटेकर ने उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आश्रम प्रबंधन के मुताबिक जय को टीबी की बीमारी थी। समय-समय पर चिकित्सक द्वारा जांच भी की जाती थी।

डिजिटल अरेस्ट कर बुजुर्ग से 85 लाख की ठगी

■ **आरोपी गुरुग्राम से गिरफ्तार**

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। मनी लॉन्ड्रिंग और बच्चों की तस्करी के मामले में फंसाने की धमकी देकर एक बुजुर्ग को 16 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट कर साइबर अपराधियों ने 85 लाख रुपये की ठगी कर ली। मामले की जांच कर रही थाना साइबर क्राइम पुलिस ने हरियाणा के गुरुग्राम से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

एडीसीपी नोएडा मनीषा सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर थाना साइबर क्राइम में मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पता चला कि डिजिटल अरेस्ट के लिए इस्तेमाल किया गया मोबाइल नंबर एक मोबाइल कंपनी के पीओएस एजेंट द्वारा ई-सिम के रूप में एक्टिवेट किया गया था। बाद में इसी नंबर का इस्तेमाल कंबोडिया से साइबर अपराध करने में किया गया।

पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और मैनुअल इंटेलिजेंस के आधार पर भारतीय सिम को कंबोडिया में ई-सिम के रूप में सक्रिय करने वाले आरोपी सूरज पुत्र फूल सिंह को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार नोएडा निवासी धीरेंद्र कुमार को 8 अप्रैल को फोन आया था। कॉल करने वाले ने खुद को साइबर सेल अधिकारी बताते हुए कहा कि उनके आधार कार्ड से खरीदे गए मोबाइल नंबर का इस्तेमाल अवैध गतिविधियों में हुआ है। इसके बाद उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग और बच्चों की तस्करी के मामले में फंसाने की धमकी दी गई।

आरोपियों ने खुद को बेंगलुरु साइबर क्राइम थाना और सीबीआई अधिकारी बताकर ऑनलाइन पूछताछ की तथा पीड़ित को डिजिटल अरेस्ट में रखा। इस दौरान उनकी बैंक खातों और एफडी की जानकारी लेकर अलग-अलग चरणों में 85 लाख रुपये अपने खातों में ट्रांसफर करा लिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है और गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

ट्रक की टक्कर से कार सवार दो युवक घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। सेक्टर-113 थाना क्षेत्र स्थित पर्थला फ्लाईओवर के पहले ट्रक चालक ने कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। घायल युवक के पिता ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ थाने में केस दर्ज कराया है।

पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-112 निवासी 67 वर्षीय दलजीत सिंह ने बताया कि उनका बेटा इंदरजीत सिंह रविवार दोपहर करीब साढ़े बाहर बजे अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ कार में सवार होकर चार मूर्ति गौर सिटी से घर आ रहा था। जब वह पर्थला फ्लाईओवर के पास पहुंचा और कार रोक दी।

इसके बाद दूसरे साथी को कार चलाने के लिए कहा। इसी दौरान पीछे से आए ट्रक ने इंदरजीत और उसके साथी शौर्या यादव को टक्कर मार दी। हादसे के बाद घायल को अस्पताल पहुंचाने की जगह आरा. पी ट्रक चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घायलों के अन्य साथियों ने राहगीरों की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया और हादसे की जानकारी परिजनों और पुलिस को दी। इंदरजीत की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है। वह आईसीयू में है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को ट्रक का नंबर भी उपलब्ध कराया है।

मारपीट के मामले में गवाह अधिवक्ता को मिली हत्या की धमकी

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। सेक्टर-63 स्थित छिजारसी कॉलोनी में करीब तीन वर्ष पूर्व हुई मारपीट के मामले में गवाह बने अधिवक्ता को जान से मारने की धमकी मिली है। व्हाट्सऐप पर अज्ञात नंबर से धमकी भरा ऑडियो आया है। पुलिस ने अधिवक्ता की शिकायत पर मुदकमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। छिजारसी कॉलोनी निवासी आशीष शर्मा ने पुलिस को बताया कि वह पेशे से अधिवक्ता हैं। 30 अप्रैल की रात करीब 8.30 बजे उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से व्हाट्सऐप पर कॉल आई। अज्ञात नंबर होने के चलते उन्होंने कॉल को डिसकनेक्ट कर दिया। उसके कुछ समय बाद ही व्हाट्सऐप नंबर पर एक ऑडियो रिकॉर्डिंग आई।

रिकॉर्डिंग सुनी तो उसमें गाली-गलौज और परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ने बताया कि थाना सेक्टर-63 पर छिजारसी निवासी निशांत शर्मा ने 21 सितंबर 2023 को एक मुकदमा दर्ज कराया था। उस मुकदमे में निशांत ने बताया था कि 20 सितंबर 2023 की रात उसके भाई आशीष शर्मा के साथ मारपीट की गई। विरोध करने पर शिकायतकर्ता के पिता राजू शर्मा के साथ भी मारपीट गई। इस मामले में पुलिस ने सौरभ, शिवम मेरठिया और 20 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। अधिवक्ता का कहना है कि वह उस मुकदमे में गवाह हैं। सात मई को कोर्ट में गवाही भी हुई।

पारसौल में किसानों ने प्राधिकरण टीम को रोका

■ **अधिग्रहित जमीन पर कब्जा लेने पहुंची थी टीम, मुआवजे की मांग**

शाह टाइम्स संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के पारसौल गांव में मंगलवार को यमुना प्राधिकरण की टीम को किसानों के विरोध का सामना करना पड़ा। प्राधिकरण की टीम अधिग्रहित भूमि पर कब्जा लेने पहुंची थी, लेकिन ग्रामीणों ने उन्हें बिना कब्जा लिए ही वापस लौटा दिया।

किसान हरपाल और रामकुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि प्राधिकरण ने उनकी भूमि का अधिग्रहण कागजों में कर लिया है। इस जमीन पर सेक्टर 18 बसाया जाना है। हालांकि, किसानों को अभी तक मूल मुआवजा, आबादी निस्तारण और आवासीय प्लॉट जैसी समस्याओं का समाधान नहीं मिला है। इसके बावजूद, प्राधिकरण की टीम जेस. बी मशीन लेकर किसानों की जमीन पर कब्जा करने पहुंच गई। सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और मशीन को रोक दिया। प्राधिकरण टीम ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और प्राधिकरण कर्मियों से कहा कि किसानों की अधिकारियों से बातचीत कराने के बाद ही जमीन पर काम शुरू किया जाएगा। इसके बाद प्राधिकरण टीम को बिना कब्जा लिए ही लौटना पड़ा।

किसानों का कहना है कि यदि उनकी मांगों का समाधान नहीं होता है, तो वे जल्द ही प्राधिकरण के खिलाफ आंदोलन करेंगे।

खेत में काम कर रही महिलाओं के गहने ले भागे

शाह टाइम्स संवाददाता

यमुना सिटी। जेवर कोतवाली क्षेत्र के सबोता गांव के जंगल में घास काट रही पांच महिलाओं को बाइक सवार दो बदमाशों ने निशाना बनाया। बदमाश महिलाओं को झांसे में लेकर उनके गहने लेकर फरार हो गए। एक पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी है। जेवर कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुता. बिक सबोता गांव के रहने वाली महिला सर्वेश की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। सोमवार को पीड़िता सर्वेश, जगरा. नी, पुष्पा, रेखा, मनीषा गांव के जंगल में घास काटने के लिए गई थी। महिलाओं ने बताया कि जब वह घास काट रही थी तो इसी बीच बाइक सवार दो युवक उनके पास पहुंचे।

दोनों युवकों ने महिलाओं को झांसा दिया कि उन्होंने जो गहने पहने हैं, उन्हें उतार कर दे दो, हम उन्हें दोगुने कर देंगे। आरोप है कि आरोपियों ने महिलाओं को बातों में उलझा कर उनके गहने उतरवा लिए। इसी बीच आरोपी उनके गहने लेकर वहां से भाग गए। इसके बाद महिलाएं गांव में अपने-अपने घर पहुंचीं और घटना के बारे में बताया। इसके बाद पुलिस से शिकायत की गई। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि एक महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। बाइक सवार आरोपियों का पता लगाया जा रहा है। महिलाओं के साथ हुई ठगी की घटना का जल्द खुलासा किया जाएगा।

शाह टाइम्स

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

प्रवेश सिंह दतानियां

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

मस्ती के पल जिंदगी पर भारी न पड़ जाएं

रामगंगा नदी में नहाने के दौरान नहीं किया जा रहा निर्देशों का पालन

इरशाद कुरैशी

कालागढ़। रामगंगा नदी पर्यटकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन गई है। लेकिन यहां पर मौज-मस्ती के दौरान युवकों द्वारा सुरक्षा को लेकर जारी निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है।

प्राकृतिक सुंदरता, नदी का मनमोहक दृश्य एवं शांत वातावरण लोगों को अपनी तरफ आकर्षित कर रहा है, लेकिन यही स्थान सुरक्षा दृष्टिकोण से अत्यंत संवेदनशील भी है। पुलिस लगातार पर्यटकों से नदी क्षेत्र से सुरक्षित दूरी बनाए रखने, प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रवेश न करने एवं सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की अपील कर रही है। इसके बावजूद कई युवक लापरवाही बरतते हुए तेज बहाव एवं गहरे पानी वाले क्षेत्रों में पहुंच रहे हैं, जो कभी भी गंभीर हादसे का कारण बन सकता है। नदी किनारे एक छोटी सी लापरवाही, परिवार की जिंदगी भर की परेशानी बन सकती है। इसे केवल पुलिस की रोक-टोक या कार्रवाई न समझें, बल्कि अपनी स्वयं की जिम्मेदारी एवं सुरक्षा के प्रति जागरूकता समझें। प्रतिबंधित क्षेत्रों में जाने से

बचें, नदी के तेज बहाव एवं गहरे हिस्सों से दूर रहें। इसी क्रम में सेल्फी एवं रील बनाने के दौरान सिरफिरे युवकों ने थार गाड़ी को रामगंगा नदी के पानी में उतार दिया। मंजर देखने में भयानक था। थार को बमुश्किल नदी से बाहर निकल गया। कुछ युवक रील बनाने के चक्कर में रामगंगा नदी में पानी पर बाइक चलाने की बात करते है। मस्ती के चक्कर में युवक आपा खो रहे है। यहां पर नहाने के लिए आने वाली महिलाओं और युवतियों को इनकी वजह से शर्मनाक स्थिति का सामना करना पड़ता है। यहां पर महिला पुलिसकर्मियों को तैनात करने की सख्त जरूरत है। वरना किसी दिन कोई बड़ी घटना हो सकती है। पर्यटकों के द्वारा यहां पर गंदगी फैलाई जा रही है। जिससे रामगंगा नदी प्रदूषित हो रही है। थाना अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह राठी एवं वरिष्ठ उपनिक्षक श्रीपाल सिंह का कहना है कि युवाओं को सावधानी बरतें एवं सुरक्षा मानकों एवं पुलिस के निर्देशों का पालन करें।

रामगंगा नदी से नहा कर लौट रहे युवक की हादसे में मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

अफजलगढ़। भीषण गर्मी के बीच कालागढ़ में रामगंगा नदी में नहाने जा रहे युवाओं के साथ लगातार हो रहे हादसे चिंता का विषय बनते जा रहे हैं।

इसी क्रम में थाना रेहड़ के ग्राम भगतावाला निवासी 27 वर्षीय अभिषेक पुत्र देवेंद्र आज दोपहर करीब तीन बजे रामगंगा से नहा कर बाइक से घर वापस लौट रहा था। कल्लूवाला मार्ग पर अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ गया, जिससे बाइक फिसलकर सड़क पर गिर गई। हादसे में अभिषेक गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया।

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पीआरवी 112 पुलिस ने घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डा. मोहित कुमार ने उसे मृत घोषित

कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और ग्राम में मातम छा गया।

थानाध्यक्ष रेहड़ राजीव कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परि. जनों की ओर से तहरीर मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि इन दिनों भीषण गर्मी के चलते बड़ी संख्या में युवक कालागढ़ रामगंगा में नहाने पहुंच रहे हैं। वापसी के दौरान तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण लगातार सड़क हादसे सामने आ रहे हैं। अधिकांश मामलों में एक ही बाइक पर तीन से चार युवक सवार होकर तेज गति से वाहन चलाते देखे जा रहे हैं, जिससे हादसों का खतरा बढ़ता जा रहा है।

क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन द्वारा समय रहते नियंत्रण और सख्ती नहीं बरती गई, तो आने वाले दिनों में और भी गंभीर हादसे हो सकते हैं। बीते चार दिनों में कालागढ़ से लौटते समय दो युवकों की मौत हो चुकी है, जबकि चार नाबालिग युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

हार्ट अटैक के मामलों में तेजी से वृद्धि

शेख मौहम्मद युसूफ

अफजलगढ़। खाड़ी देशों में काम करने गए भारतीय नौजवानों की लगातार हार्ट अटैक से हो रही मौतों ने समाज और परिवारों की चिंता बढ़ा दी है। खासतौर पर उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार और अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में युवा रोजगार के लिए दुबई, सऊदी अरब, कतर, ओमान और कुवैत जैसे देशों में जाते हैं, लेकिन हाल के वर्षों में कम उम्र के कामगारों की अचानक मौत की घटनाएं तेजी से सामने आ रही हैं।

इन घटनाओं को लेकर लोगों के बीच कई तरह की चर्चाएं चल रही हैं। कुछ लोग अत्यधिक गर्मी, तनाव और अनियमित दिनचर्या को कारण मान रहे हैं, तो कुछ कोरोना काल में लगी वैक्सीन को लेकर भी सवाल उठा रहे हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि खाड़ी देशों में काम करने वाले अधिकांश युवा कठिन परिस्थितियों में लंबे समय तक काम करते हैं। भीषण गर्मी, लगातार ओवरटाइम, पर्याप्त आराम की कमी, अनियमित खानपान और मानसिक तनाव शरीर पर गहरा प्रभाव डालते हैं। कई बार मजदूर आर्थिक दबाव के चलते बीमारी के शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे स्थिति गंभीर हो जाती है।

डॉक्टरों के अनुसार कम उम्र में हार्ट अटैक के मामलों में तेजी से वृद्धि के पीछे बदलती जीवन शैली भी एक बड़ा कारण है। धूम्रपान, जंक फूड, नींद की

तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने की सलाह

कमी, व्यायाम का अभाव और बढ़ता मानसिक तनाव युवाओं के हृदय को कमजोर कर रहा है। विशेषज्ञ यह भी बताते हैं कि कोरोना संक्रमण के बाद कई लोगों में हृदय संबंधी जटिलताएं देखी गई हैं, हालांकि अभी तक ऐसा कोई वैज्ञानिक प्रमाण सामने नहीं आया है। जिससे यह साबित हो कि कोरोना वैक्सीन सीधे तौर पर हार्ट अटैक का मुख्य कारण है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों से बचना चाहिए और किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले वैज्ञानिक तथ्यों को समझना जरूरी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारतीय चिकित्सा विशेषज्ञ बार-बार स्पष्ट कर चुके हैं कि कोरोना वैक्सीन ने महामारी के दौरान लाखों लोगों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

समाजसेवियों और प्रवासी कामगारों के परिवारों ने सरकार से मांग की है कि विदेशों में काम करने वाले श्रमिकों की नियमित स्वास्थ्य जांच कराई जाए तथा उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही युवाओं को भी अपनी सेहत के प्रति जागरूक रहने, नियमित जांच कराने और तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने की सलाह दी जा रही है।

भाजपा नेता मौसम चौधरी ने निभाया वादा

झुलसे बच्चे के इलाज के लिए दी 50 हजार की सहायता

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। मानवता की मिसाल पेश करते हुए भाजपा नेता ऐश्वर्या मौसम चौधरी एड. ने आग की घटना में झुलसे तीसरे बच्चे ईशान पुत्र इमरान, निवासी मौहल्ला चाहशीरी बी-24, बिजनौर, के इलाज के लिए 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की।

बताया गया कि आग की घटना में गंभीर रूप से झुलसे ईशान के उपचार के लिए परिवार

आर्थिक संकट से जूझ रहा था। इस दौरान भाजपा नेता मौसम चौधरी ने परिवार से किया अपना वादा निभाते हुए बच्चे की मां को इलाज के लिए 50 हजार रुपये सौंपे। इस सहायता से परिवार को उपचार में राहत मिली है। परिजनों ने भाजपा नेता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुश्किल समय में मिली यह मदद उनके लिए बड़ी राहत साबित हुई है।

स्थानीय लोगों ने भी इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे समय में जरूरतमंद परिवार की मदद करना समाज के लिए प्रेरणादायक कदम है।

फ्लाईओवर के नीचे मालगाड़ी से कटकर अज्ञात व्यक्ति की मौत

नजीबाबाद। आज सुबह करीब सात बजे डबल फाटक फ्लाईओवर के नीचे रेलवे ट्रैक पर मालगाड़ी की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। सहारनपुर से मुरादाबाद जा रही मालगाड़ी से यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि व्यक्ति रेलवे ट्रैक पार कर रहा था, तभी मालगाड़ी की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी थाना प्रभारी कमल किशोर व उप निरीक्षक राहुल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को रेलवे ट्रैक से उठाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष बताई जा रही है। कपड़ों व हुलिये को देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि व्यक्ति भिक्षावृत्ति कर अपना पेट भरता था। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। जीआरपी द्वारा आसपास के लोगों से पूछताछ कर शव की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया है।

जर्जर सड़क को तोड़ने का काम शुरु

जनपद मुख्यालय पर सड़कों की हालत बेहद खराब

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। स्थानीय रोडवेज बस स्टैंड के समीप चौराहे से जर्जर सड़क को तोड़ने का काम शुरु हो गया है। यह सड़क बेहद खराब हालत में थी।

प्राप्त समाचार के अनुसार रोडवेज बस स्टैंड के समीप पूर्व में सीसी रोड का निर्माण कराया गया था। इस सड़क के निर्माण के दौरान बहुत बारिक सरिया भी डाला गया था। लेकिन रेत की मात्रा अधिक और सीमेंट की मात्रा कम होने की

वजह से यह सड़क बनने के बाद ही टूटनी शुरु हो गई थी। इस गहरे-गहरे गड्ढे हो गए थे। जिसमें बरसात का पानी भर जाता था। इधर से गुजरने वाले वाहनों में झटका लगता था। इस सड़क के निर्माण की मांग पिछले काफी दिनों उठ रही थी। जिसे अब पूरा किया जा रहा है। सड़क को तोड़ने का काम शुरु हो गया है। शीघ्र ही इसका निर्माण शुरु हो जाएगा।

दूसरी तरफ डीएम आवस तिराहे से कप्तान साहब की मजार होते हुए जजी चौक तक की सड़क के निर्माण के लिए भी नगर पालिका ने कवायद शुरु कर दी है। इसके लिए 47 लाख रुपए की कार्ययोजना बनाकर स्वीकृति के लिए शासन को भेजी गई है। हालांकि इस सड़क के निर्माण की ज्यादा जरुरत नहीं है। जिन सड़कों से अधिकारी गुजरते हैं, उन पर तो ध्यान दिया जाता है, लेकिन गरीबों व आम आदमियों के मौहल्लों की सड़कों की हालत बद से बदतर है। उनके निर्माण की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। गरीबों के मौहल्लों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं है। यहां नालियां काफी छोटी और गंदगी से भरी हुई हैं। यहां पर नालों के निर्माण की जरुरत है। लेकिन अधिकारी दोहरा मापदंड अपना रहे हैं।

मॉडर्न एरा में बैगलेस-डे मनाया

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल के वैली ऑफ फ्लॉवर्स विंग में बैगलेस डे एक्टिविटी का उत्साह एवं उमंग के साथ आयोजन किया गया। यह आयोजन नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत किया गया, जिसका उद्देश्य बच्चों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें कौशल आधारित, व्यवहारिक एवं आनंदमय शिक्षा प्रदान करना है।

इस विशेष दिवस पर बच्चों ने कुकिंग विदाउट फायर गतिविधि में चना चाट, भेलपुरी, मोनैको टॉपिंग्स, शिकंजी, रसना एवं रूह अफजा बनाकर अपनी रचनात्मकता और टीमवर्क का सुंदर प्रदर्शन किया। वहीं दूसरी ओर ट्रेन झूला, टग ऑफ वार एवं जंपिंग झूले जैसी मनोरंजक गति. विधियों ने बच्चों के उत्साह को दोगुना कर दिया।

आज बच्चों के चेहरों पर अलग ही खुशी देखने को मिली, क्योंकि यह दिन उनके लिए किताबों और भारी बैग के बोझ से दूर, सीखने और आनंद का अनोखा संगम बन गया।

विद्यालय की प्रसचार्या डा. सीमा विश्वास ने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत विद्यालय में पूरे वर्ष 10 बैगलेस डे आयोजित किए जाएंगे, जिनके माध्यम से बच्चों को कोऑर्डिनेशन, प्रैक्टिकल नॉलेज एवं वोकेशनल स्किल्स से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। समस्त कार्यक्रम विंग कॉर्डिनेटर रेनू भगत के कुशल निर्देशन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ, जिसमें बाल वाटिका-1 से कक्षा 5 तक की सभी अध्यापिकाओं का सराहनीय सहयोग रहा।

उलेमाओं ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

ईद उल अजहा पर सफाई, जलापूर्ति व सड़कों की हालत सुधारने की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। शहर काजी बिजनौर काजी माजिद अली के नेतृत्व में जनपद के उलेमाओं ने डीएम जसजीत कौर को ज्ञापन देकर ईद उल अजहा के मद्देनजर सफाई, जलापूर्ति, विद्युत आपूर्ति एवं सड़कों की हालत में सुधार कराने की मांग की है। साथ ही कुर्बानी के पशुओं को लेकर आने वालों को पुलिस द्वारा परेशान न किए जाने की मांग भी उठाई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार शहर काजी बिजनौर काजी माजिद अली, चांदपुर के शहर काजी मुफ्ती मौहम्मद आमिर, शेरकोट के शहर काजी मौलाना अमान उर रब, शहर काजी नजीबाबाद काजी अफ्फान उल

हक, जमीयत उलेमाए हिंद किरतपुर के अध्यक्ष काजी हारिस अली, बिजनौर की मस्जिद उमर फारूख के इमाम मुफ्ती मौहम्मद वकार, काजीपाड़ा के मौहम्मद आसिम आदि ने डीएम जसजीत कौर एवं पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि ईद उल अजहा के मौके पर व्यवस्थाएं दुरुस्त कराई जाए। कुर्बानी के मौके पर विभिन्न वाहनों से बाहर से पशु आते हैं। इन वाहनों को ना रोका जाए और आसानी से जनपद में आने दिया जाए।

28 मई को ईद उल अजहा का त्यौहार है और तीन दिन कुर्बानियां होंगी। जनपद में प्रवेश के जितने भी चेकपोस्ट हैं, वहां पर इस सम्बंध परेशान न करने की हिदायत दी जाए। कुर्बानी के बाद पशुओं के अवशेषों को तत्काल उठाने के लिए नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों को निर्देश दिए जाए। जिन ईदगाहों एवं मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की जाएगी, वहां के सभी मार्गों की मरम्मत व सफाई कराकर नमाजियों के लिए बेहतर व्यवस्था की जाए। ईद के तीन दिनों तक जलापूर्ति, सफाई एवं विद्युत आपूर्ति की समुचित व्यवस्था की जाए। असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगाह रखी जाए, ताकि वह कोई नापाक हरकत न कर सके। जेल में बंद मुस्लिम कैदियों के लिए जेल में नमाज पढ़ने का प्रबंध किया जाए।

एक नजर

इंचार्ज अध्यापक निलंबित

बिजनौर। बीएसए ने कोतवाली देहात ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय हवंशपुर धारम के इंचार्ज अध्यापक सलाऊद्दीन को निलंबित कर दिया है। स्कूल के ऊपर से विद्युत लाइन गुजर रही है। जिसकी चपेट में आकर 13 मई को छात्रा हरीश झुलस गया था। जिसके बाद इस विद्युत लाइन को शिफ्ट करने के लिए आदेश दिए गए थे। बताया जाता है कि जब लाइन को शिफ्ट करने के लिए विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो इंचार्ज अध्यापक ने गेट नहीं खोलने दिया। जिसकी वजह से विद्युत विभाग की टीम वापस लौट गई। उन्होंने इसकी शिकायत अधिकारियों से की थी। बीएसए सचिन कसाना का कहना है कि इंचार्ज अध्यापक सलाउद्दीन की वजह से विभाग की छवि खराब हुई है। इंचार्ज अध्यापक सलाउद्दीन को ब्लॉक ससाधन केंद्र अल्हैपुर से सम्बद्ध किया गया है।

भाईचारे के साथ मनाए त्यौहार

राजा का ताजपुर। वरिष्ठ कांग्रेस नेता हाजी लईक अहमद फरीदी ने कहा कि ईदुल अजहा का त्यौहार सभी आपसी भाईचारे के साथ मनाए। ईदुल अजहा का त्यौहार इंसानियत और भाईचारे का संदेश देता है। ईदुल अजहा पर जिन रास्तों से कुर्बानी का गोश्त आता, उन्हीं रास्ते से लेकर जायें। कोई भी नई परम्परा बिल्कुल भी शुरू न करें। कुर्बानी के अवशेषों को इधर-उधर न फेंके। कुर्बानी के अवशेषों को गहरे गड्ढे में दबा दें। अपने आसपास गंदगी बिल्कुल भी न करें। साफ-सफाई का पूरा ख्याल करें। ऐसा कोई काम न करें, जिससे किसी दूसरे की भावनाओं को ठेस पहुंचे। कुर्बानी का गोश्त ढक कर लें कर जायें। ईदुल अजहा का त्यौहार हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम की याद में मनाया जाता है। उनकी कुर्बानी को तमाम उम्र भुलाया नहीं जा सकता है। हम को भी उनके नक्शे कदम पर जिंदगी गुजारनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस्लाम मजहब, मौहब्बत और भाईचारे का संदेश देता है।

ब्राह्मण समाज ने सौंपा ज्ञापन

बिजनौर। अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा (पंजी.) उ.प्र. के बैनर तले ब्राह्मण के लोगों ने सपा के प्रवक्ता राजकुमार भाटी के द्वारा कथित रूप से ब्राह्मण समाज के प्रति कुछ गलत टिप्पणी की निंदा करते हुए जिला प्रशासन को राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि इससे सनातन धर्म का अपमान हुआ है। उन्हें सार्वजनिक रूप से माफी मांगते हुए अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। इस मौके पर डा. सतेंद्र शर्मा, दीपक शर्मा, महेंद्र कुमार, पंडित शिव कुमार शास्त्री, सुनीता शर्मा, सुबोध शर्मा आदि मौजूद थे।

गंगा में डूबा बुजुर्ग

मंडावर। भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए किसान को गंगा में नहाने के लिए उतरा किसान गंगा के गहरे पानी में डूब गया। ग्राम जहांगीरपुर निवासी 65 वर्षीय बुजुर्ग हरि सिंह पुत्र घसीटा के अंबिका देवी उर्फ गलखा देवी मंदिर के पास खेत है। आज हरि सिंह अपने खेतों पर रोजमर्रा की तरह काम करने गया था। उनके साथ गांव का ही बिट्टू भी था। दोपहर के समय तेज धूप में गर्मी बढ़ गई। जिससे राहत पाने के लिए हरि सिंह गंगा नदी में नहाने उतर गया। देखते-ही-देखते वे गहरे पानी में चला गया और डूब गया। हैरानी की बात यह है कि हरि सिंह तैरना अच्छी तरह जानते था। साथी बिट्टू ने तुरंत इस घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और डूबे व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी। स्थानीय गोताखोरों की मदद से हरि सिंह की तलाश जारी है। परिजनों में घटना की जानकारी लगते ही शोक छा गया और कोहराम मच गया।

पालिका बोर्ड की बैठक स्थगित

नहटौर। नगर पालिका परिषद की प्रस्तावित बोर्ड बैठक को अपरिहार्य कारणों से अचानक स्थगित कर दिया गया। बैठक शुरू होने से मात्र दो घंटे पहले मिली स्थगन की सूचना से सभासद हैरान रह गए। नगर पालिका प्रशासन ने विकास कार्यों और जनहित के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए आज सुबह 11 बजे एक महत्वपूर्ण बोर्ड बैठक बुलाई थी। इस बैठक में शहर की सफाई व्यवस्था, मार्ग प्रकाश और आगामी निर्माण कार्यों जैसे महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगनी थी। अब बैठक स्थगित होने से इन विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में और देरी होने की संभावना है। शहर के राजनीतिक गलियारों में इस अचानक स्थगन को लेकर चर्चाएं तेज है। फिलहाल, पालिका प्रशासन की ओर से अगली बैठक की कोई नई तिथि घोषित नहीं की गई है। पालिका ईओ ओम गिरी ने बताया कि अपरिहार्य कारणों से बोर्ड की बैठक स्थगित की गई है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
में जनपद बिजनौर में विशेष संवाददाता व संवाददाता सहित क्राइम रिपोर्टर बनने के इच्छुक एवं एजेंसी लेने के लिए सम्पर्क करें।
कार्यालय- बाबा प्लाजा, बिजनौर
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

स्वतंत्र प्रभार संभालने के बाद मेरठ पहुंचे सोमेंद्र तोमर का हुआ जगह-जगह स्वागत

मंत्री सोमेंद्र तोमर बोले जन समस्या और विकास पर रहेगा सबसे ज्यादा ध्यान

शाह टाइम्स ब्यूरो

मेरठ। मेरठ दक्षिण विधानसभा से विधायक डा. सोमेंद्र तोमर को उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाए जाने के उपरांत उनके प्रथम मेरठ आगमन पर भारतीय जनता पार्टी, जिला मेरठ महानगर द्वारा भव्य स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी ने किया। भैंसाली रैपिड स्टेशन पर बड़ी संख्या में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं समर्थकों ने फूल-मालाओं और पुष्प वर्षा के साथ डा. सोमेंद्र तोमर का भव्य स्वागत किया।

पूरे क्षेत्र में उत्साह एवं उल्लास का वातावरण दिखाई दिया। महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी ने कहा कि डा. सोमेंद्र तोमर को राज्य मंत्री द्धस्वतंत्र प्रभारद्ध बनाए जाने से मेरठ महानगर के कार्यकर्ताओं में अत्यंत उत्साह है।स्वागत यात्रा भैंसाली रैपिड स्टेशन से प्रारंभ होकर शहीद स्मारक, सीओ सदर थाना, टंकी मोहल्ला होते हुए औघड़नाथ मंदिर पहुँची, जहाँ डा. सोमेंद्र तोमर ने भगवान महादेव का जलाभिषेक मंगल कामना की। इसके उपरांत यात्रा हनुमान चौक पहुंची, जहां उन्होंने हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन किया। कार्यक्रम के उपरांत सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें डा. सोमेंद्र तोमर ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, उसका वह पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि मेरठ के विकास, जनसमस्याओं के समाधान तथा प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी, जिला अध्यक्ष हरवीर पाल, पूर्व महानगर अध्यक्ष ऋतुराज जैन, महापौर हरीकांत अहलूवालिया, विनीत अग्रवाल शारदा, कमल दत्त शर्मा, महामंत्री नरेंद्र उपाध्याय, विनय शर्मा पाराशर, अरविंद गुप्ता मारवाड़ी, उपाध्यक्ष राहुल गुप्ता, सीमा श्रीवास्तव, मंत्री सुनीता सैनी, मीडिया प्रभारी अमित शर्मा उपस्थित रहे।

योगी कैबिनेट के विस्तार के बाद मेरठ पहुंचने पर स्वतंत्र प्रभार मंत्री सोमेन्द्र तोमर मीड़िया से बात करते हुए।

मुजफ्फरनगर: दुर्घटना के बाद घटना स्थल का मौका मुआयना करते एसएसपी।

14 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले सेतु का मंत्री कपिलदेव ने किया भूमि पूजन

शाह टाइम्स सवांददाता

मुज़फ्फरनगर। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत शामली रोड पर काली नदी स्थित, लगभग 14 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले नवीन सेतु के निर्माण कार्य का मंत्री कपिल देव अग्रवाल द्वारा विधिवत भूमि पूजन किया गया। यह सेतु लंबे समय से क्षेत्रवासियों द्वारा अनुभव की जा रही आवागमन संबंधी कठिनाइयों के स्थायी समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

सेतु के निर्माण से स्थानीय निवासियों, किसानों, व्यापारियों एवं आमजन को सुरक्षित, सुगम और त्वरित आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। साथ ही, दोनों ओर के क्षेत्रों के बीच बेहतर संपर्क स्थापित होने से व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा और क्षेत्र के समग्र आर्थिक एवं सामाजिक विकास को नई गति प्राप्त होगी। इस अवसर पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों के साथ विकास कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा करते हुए मंत्री जी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को निर्धारित समयसीमा के भीतर, पूर्ण गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ संपन्न किया जाए, ताकि जनता को शीघ्रतम लाभ मिल सके। यह सेतु न केवल एक आधारभूत संरचना का

विकास है, बल्कि क्षेत्र की प्रगति, सुविधा और समृद्धि की दिशा में एक मजबूत आधारशिला भी सिद्ध होगा। इस अवसर पर जिलाउपाध्यक्ष संजय गर्ग, रालोद के जिलाध्यक्ष संदीप राठी, ब्लाक प्रमुख गौरव पंवार, दीपक मित्तल, राधे वर्मा, अनुज कुमार, सभासद योगेश मित्तल, राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, प्रशांत चौधरी, विजय कुमार, मोहित मालिक, अमित बॉबी, अमन तोमर, सुनील तायल, तरुण मित्तल, अमित शास्त्री, विनय पंवार, जगदीश पांचाल आदि मौजूद रहे।

हापुड़ एक्सप्रेस-वे पर रामपुरी की महिला की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। हापुड के गढमुक्तेश्वर में गंगा एक्सप्रेस वे पर कार और नील गाय के टकर जाने से एक भयानक हादसा हुआ जिसमें कार सवार जनपद मुजफ्फरनगर के मौहल्ला रामपुरी की महिला की मौत हो गई जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।

बताया जाता है कि कार सवेरे 8.30 बजे अमरोहा से मेरठ की ओर आ रही थी जैसे ही कार माधापुर के पास पहुंची तो अचानक कार के आगे नील गाय आ गई। कार की रफतार तेज थी जहां भयानक हादसे में गाडी क्षतिगस्त हो गई और उसमे सवार 40 वर्षीय अरविन्द, 60 वर्षीय सुमिता त्यागी, 60 वर्षीय पुष्पा और 30 वर्षीय रजनी घायल हो गये। घायलों में रामपुरी की रहने वली पुष्पा की मौत हो गई जबकि रामपुरी की ही 30 वर्षीय रजनी गंभीर रूप से घायल हो गयी। स्थानीय पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और पुष्पा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस की जानकारी मिलने पर पुष्पा के परिजन अस्पताल पहुंचे। इस समय यहां कोहराम मचा हुआ था पुलिस ने इस मामले में कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के बाद शव को परिवार के हवाले कर दिया। क्योंकि मामला नील गाय से टकराने का था इसलिए कोई कार्यवाही नही हुई।

मीरांपुर में खाने में छिपकली मिलने से मचा हड़कंप

शाह टाइम्स संवाददाता

मीरापुर। कस्बे में एक नॉनवेज होटल से खाने में मरी हुई छिपकली निकलने का मामला सामने आने के बाद हड़कंप मच गया। घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग और पुलिस प्रशासन तुरंत सक्रिय हो गया। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर होटल की जांच की तथा अनियमितताएं पाए जाने पर प्रतिष्ठान को सील कर खाद्य पंजीकरण निलंबित कर दिया।

जानकारी के अनुसार मीरापुर बस अड्डे के पास अल करीम चिकन कॉर्नर नाम से नॉनवेज होटल संचालित किया जा रहा था। बताया गया कि एक ग्राहक ने होटल से चिकन पैक कराया था। घर पहुंचकर जब उसने पैकेट खोला तो उसमें मरी हुई छिपकली दिखाई दी। इसके बाद ग्राहक ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। वीडियो वायरल होते ही लोगों में आक्रोश फैल गया और मामले की शिकायत प्रशासन से की गई। शिकायत मिलने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी विशाल चौधरी, पुलिस क्षेत्राधिकारी जानसठ ऋषिका सिंह तथा तहसीलदार जानसठ की मौजूदगी में होटल पर संयुक्त कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने प्रतिष्ठान से खाद्य सामग्री के तीन विधिक नमूने जांच के लिए संग्रहित किए। जांच के दौरान होटल में स्वच्छता संबंधी गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। इसके आधार पर होटल का खाद्य पंजीकरण अग्रिम आदेशों तक निलंबित कर दिया गया तथा प्रतिष्ठान पर खाद्य कारोबार करने पर रोक लगा दी गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने होटल संचालक जावेद पुत्र मोहम्मद गुलफाम को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले गैर मानक खाद्य प्रतिष्ठानों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा और नियमों के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एड. फिरोज अली के हज पर जाने से पहले मुलाकात करते अधिवक्ता

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। सीनियर एडवोकेट जनाब फिरोज़ अली साहब हज के मुबारक सफर पर रवाना होने से पहले उनके आवास पर एक पुरवकार और पुरखुलूस इस्तकबालिया तकरीब का आयोजन किया गया, जिसमें इलाके की मुअज्जिज शख्सियतों, समाजसेवियों और अन्य गणमान्य लोगों ने शिरकत कर फूल-मालाओं के साथ उनका इस्तकबाल किया और नेक तमन्नाओं का इज़हार किया।

इस मौके पर मौजूद वरिष्ठ एडवोकेट आफताब आलम ,जावेद अहमद सिद्दीकी एडवोकेट, फूल मियाँ जैदी एडवोकेट,आरिफ सिद्दीकी एडवोकेट,आज़म जैदी, सै"यद शान जैदी, हुसैन एडवोकेट आदि बहुत लोगों ने जनाब फिरोज़ अली साहब को हज की मुबारकबाद पेश करते हुए उनके सफर की कामयाबी, सेहत और सलामती के लिए दुआ की। हाज़िरीन ने उम्मीद जाहिर की कि वह इस मुकद्दस और बाबरकत सफर से रूहानी फैज़ो-बरकात हासिल करके खैरियत के साथ वापस लौटेंगे। तकरीब के दौरान माहौल बेहद खुशगवार और जज़्बाती रहा। इस दौरान सभी लोगों ने उनसे मुल्क, कौम और पूरी इंसानियत के लिए खास दुआ करने की भी गुज़ारिश की।

मुठभेड़ में चार टावर चोर हुए गिरफ्तार

एक करोड़ से अधिक के आरआरयू यूनिट बरामद हुए

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। पुलिस ने मुठभेड के दौरान टावर चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक करोड 10 लाख रूपये के जीओ व एयरटेल कम्पनी के आरआरयू यूनिट बरामद किये है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पुलिस लाईन सभाकक्ष में पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि 8/9 मई की रात सूचना मिली थी कि बदमाशों ने बुढाना क्षेत्र में मोबाईल टावरों से आरआरयू यूनिट चोरी कर लिये है। जिनकी

कीमत करोड रूपये से अधिक की थी। पुलिस इस गिरोह की तलाश में जुट गई थी और चैकिंग के दौरान पुलिस ने स्वीफट डिजायर कार में सवार बदमाशों को रूकने का इशारा किया। इस बीच बदमाशों की पुलिस से मुठभेड शुरू हो गई। विज्ञान रोड पर हुई मुठभेड में एक बदमाश पुलिस की गोली से घायल हो गया। बदमाश जनपद मेरठ के समर गार्डन निवासी इरफान मलिक है और इस पर 15 हजार का इनाम बताया जा रहा है। ये गिरोह जनपद बागप, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद, मेरठ हापुड व अन्य जनपदों में वारदात को अंजाम दे चुका है। इस गिरोह का सरगना मुठभेड में घायल इरफान मलिक है जो असम में भी इस तरह की घटनाओं में जेल जा चुका है। पुलिस ने इनके कब्जे से अवैध असलाह व एयरटेल व जीओ कम्पनी के आरआरयू यूनिट बरामद किये जिनकी कीमत 1 करोड 10 लाख रूपये है। बदमाशों में फैजान उर्फ सानू निवासी हुसैनपुर कला बुढाना व इस्लामूदीन निवासी समर गार्डन मेरठ और कामिल पुत्र जाहिद को भी गिरफ्तार किया गया।

सपा राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी पर मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी के विरूद्ध आपत्तिजनक और जातिगत टिप्पणी को लेकर सिविल लाईन थाने में गंभीर धाराओं का मुकदमा दर्ज किया गया। इस मामले में जाट महासभा की ओर से तहरीर दी गई थी। जिस पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 196 और 356 के तहत मामला दर्ज किया है।

जानकारी मिली है कि दिल्ली स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब में किसान नेता चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत की पुण्य तिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान सपा प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने कथित रूप से महिला और जाति विशेष को लेकर टिप्पणी की थी। यह मामला सोशल मीडिया पर

वायरल हुआ तो कुछ लोगों ने इस पर कड़ी नाराजगी जतानी शुरू की। इस टिप्पणी को लेकर जाट महासभा मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष धर्मवीर बालियान और महासचिव जयवीर सिंह ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा से इस मामले की शिकायत की और इस सम्बन्ध में एक ज्ञापन भी सौंपा। दिये गये ज्ञापन में बताया गया कि वायरल वीडियो में सपा के प्रवक्ता ने गलत तरीके से जातिगत टिप्पणी की है। एसएसपी के आदेश पर सिविल लाईन पुलिस ने इस मामले को दर्ज किया। उधर सिविल लाईन थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान का कहना है कि इस मामले को सम्बन्धित धाराओं में दर्ज कर लिया गया है और वायरल वीडियो की भी जांच पडताल की जायेगी। दिये गये बयान पर कार्यवाही होगी। बता दे कि वीडियो वायरल होने के बाद से कई संगठनों में भारी रोष है। अधिकारियों का कहना है कि सपा नेता राजकुमार भाटी के विरूद्ध शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और वीडियो की भी गहनता से जांच पडताल चल रही है।

ढोंगी तांत्रिक मुठभेड़ में हुआ घायल

महिलाओं से करता था ठगी, पीड़िता की शिकायत पर कार्रवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। जनपद पुलिस शातिरों को लगातार सबक सिखाने के लिए निशाना बना रही है। अब तक शातिर व संगीन अपराधों में लिप्त बदमाश लंगडे होकर जेल जा रहे है।

मंगलवार को भी नई मंडी पुलिस ने तंत्र मंत्र के नाम पर महिलाओं को झांसे में लेकर हवस का शिकार बनाने व ठगी करने वाले तान्त्रिक को पुलिस ने मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया है। इस तान्त्रिक से पुलिस को अवैध असलाह, झाड फूंक करने की सामग्री बरामद हुई है। पुलिस की गोली का निशाना बने तान्त्रिक, झाड फूंक, तंत्र मंत्र वसमस्याओं के समाधान का झांसा देकर महिलाओं को अपने जाल में फंसा रहा था।

बताया जाता है कि इस मामले की शिकायत हरियाणा के कैथल निवासी एक पीडित महिला ने की थी। पुलिस को बताया गया था कि तान्त्रिक ने झाड फूंक करने के बहाने और समस्याओं के समाधान का झांसा दिया और नकदी के साथ उसके साथ विश्वास घात भी किया है। पुलिस तभी से ढोगी तान्त्रिक के पीछे लग गई थी और ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में ढांगी तान्त्रिक से गिरफ्तारी के दौरान पुलिस की मुठभेड हो गई। जब बदमाशों की पुलिस से मुठभेड हुई तो जवाबी फायरिंग में शहजाद घायल हो गया। जांच पडताल में आया है कि ढांगी तान्त्रिक शहजाद शमशान घाट में बैठकर तंत्र किया करता था और महिलाओं को अपने जाल में फंसाकर तंत्र किया करता था। यह ढोगी तान्त्रिक कई महिलाओं को हवस का शिकार भी बना चुका है। बता दे कि ढोगी तांत्रिकों के मामले पहले भी पुलिस में रह गए है।

64 हजार वोल्ट लाइन बनी किसानों के लिए मौत का सामान

बुआड़ा कला में बिजली विभाग की घोर लापरवाही उजागर

शाह टाइम्स सवांददाता

खतौली। खतौली क्षेत्र के गांव बुआड़ा कला में बिजली विभाग की गंभीर लापरवाही किसानों की जान पर भारी पड़ती नजर आ रही है।

गांव के जंगलों और खेतों के ऊपर से गुजर रही 64 हजार वोल्ट की हाईटेंशन विद्युत लाइन इन दिनों मौत का खतरा बनी हुई है। लाइन के कई तार जर्जर होकर नीचे झूल रहे हैं, जबकि कुछ स्थानों पर तार इतने नीचे आ गए हैं कि वे खेतों की जमीन और फसलों को छू रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद विभाग ने अब तक कोई ध्यान नहीं दिया, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

मंगलवार को स्थिति उस समय और गंभीर हो गई जब गांव के कुछ किसान रोजाना की तरह अपने खेतों में काम करने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान खेतों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के नीचे लटक रहे तारों के बेहद करीब पहुंचने पर किसान बाल-बाल बच गए। किसानों ने बताया कि यदि थोड़ी सी भी चूक हो जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और ग्रामीणों में भय व्याप्त हो गया। परिणामस्वरूप कई तार जर्जर होकर कमजोर हो चुके हैं। कुछ विद्युत पोल भी टेढ़े हो गए हैं, जिससे तार नीचे की ओर झुक गए हैं। खेतों में ट्रैक्टर, हार्वेस्टर और अन्य कृषि यंत्रों के संचालन के दौरान किसानों को हर समय करंट लगने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात और तेज हवा के समय स्थिति और भी भयावह हो जाती है, क्योंकि तार टूटकर गिरने का डर बना रहता है। किसानों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग को पहले भी कई बार मौखिक और लिखित रूप से

शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन विभागीय अधिकारी केवल आश्वासन देकर मामले को टालते रहे। मंगलवार को घटना के बाद भी ग्रामीणों ने तत्काल विभागीय अधिकारियों को सूचना दी, लेकिन देर शाम तक कोई कर्मचारी या अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। इससे ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के आसपास बड़ी संख्या में किसान और मजदूर रोज खेतों में काम करते हैं।

इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर कप्तान माइक स्मिथ का निधन

लंदन, वार्ता। वारविकशायर और इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइक स्मिथ, जिन्हें पूरे खेल में एमजेके के नाम से जाना जाता था, का 92 साल की उम्र में निधन हो गया। दाएं हाथ के बैटर स्मिथ ने इंग्लैंड के लिए 50 टेस्ट खेले, जिनमें से ठीक आधे मैचों में उन्होंने टीम की कप्तानी की,

और 1956 से 1975 तक 19 साल तक वारविकशायर को रिप्रेजेंट किया। उन्होंने 1958 में एजबेस्टन में न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड के लिए डेब्यू किया और 14 साल के टेस्ट करियर में 2,278 रन बनाए, जिसमें तीन सेंचुरी और 11 फिफ्टी शामिल हैं, और क्रिकेट में सेवाओं के लिए 1976 में उन्हें ओबीई से सम्मानित किया गया। बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, सोमवार को एजबेस्टन में वार. विकशायर और ग्लेमोर्गन के बीच काउंटी चैंपियनशिप मैच में खेल शुरू होने से पहले खिलाड़ी और अधिकारी श्रद्धांजलि देने के लिए लाइन में खड़े थे। लीसेस्टरशायर में जन्मे और स्टैमफोर्ड स्कूल से पढ़े स्मिथ, वारविकशायर में शामिल होने से पहले अपनी होम काउंटी और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी को रिप्रेजेंट करते थे। उन्होंने 1957 से 1967 तक बेयर्स की कप्तानी की और अपने काउंटी करियर के दौरान 637 मैचों में 39,832 फर्स्ट-क्लास रन बनाए, जो अब तक का 18वां सबसे बड़ा टोटल है। स्मिथ के नाम अभी भी एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने का वार. विकशायर रिकॉर्ड है, उन्होंने 1959 में 2,417 रन बनाए थे और 1960 में उन्हें विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया था।

LSG ने RR को 221 रन का टारगेट दिया

मिचेल मार्श शतक से चूके 96 रन की खेली शानदार पारी, जोश इंग्लिश के भी आतिशी 60 रन

आखिरी ओवरों में राजस्थान ने लखनऊ को बड़े स्कोर से रोका

जयपुर, वार्ता। आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स ने राजस्थान रायल्स को 221 रन का टारगेट दिया है। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान ने टॉस जीतकर बालिंग चुनी। लखनऊ ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 220 रन बनाए। लखनऊ के लिए मिचेल मार्श शतक से सिर्फ 4 रन दूर रह गए और 57 गेंदों में 96 रन बनाकर रन आउट हुए। उनकी पारी में 11 चौके और 5 छक्के शामिल रहे।

जोश इंग्लिस ने 29 गेंदों में 60 रन ठोके। उन्होंने 7 चौके और 3 छक्के लगाए। इंग्लिस और मार्श के बीच पहले विकेट के लिए 109 रन की साझेदारी हुई। निकोलस पूरन ने 11 गेंदों में 16 रन बनाए,

जबकि कप्तान ऋषभ पंत ने 23 गेंदों में 35 रन की तेज पारी खेली। आखिरी ओवरों में लगातार रन आउट के कारण लखनऊ की टीम 230 के पार नहीं पहुंच सकी। राजस्थान की ओर से यश राज पुंजा सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 ओवर में 35 रन देकर 2 विकेट लिए। जोफ़ा आर्चर को एक विकेट मिला। वहीं, लखनऊ के दो बल्लेबाज रन आउट हुए। आखिरी ओवर में राजस्थान रायल्स ने शानदार वापसी करते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स को लगातार झटके दिए। ओवर की पहली गेंद पर ऋषभ पंत रन आउट हो गए। पंत स्ट्राइक अपने पास रखना चाहते थे, लेकिन मिचेल मार्श ने उन्हें वापस भेज दिया। ध्रुव जुरेल के थ्रो पर जोफ़ा आर्चर ने सीधे स्टंप पर निशाना साधा और पंत 23 गेंदों में 35 रन बनाकर लौटे। इसके बाद मार्श ने 19.2 और 19.4 पर दो बार रिव्यू लिए, लेकिन दोनों में असफल रहे। 19.4 पर फुल टॉस गेंद पर उनका बाहरी किनारा लगा और गेंद थर्ड मैन की दिशा में चौके के लिए चली गई। वह शतक के करीब पहुंच गए थे। 19.5 पर मार्श ने लान्ग आफ की तरफ शाट खेलकर दूसरा रन लेने की कोशिश की, लेकिन यशस्वी जायसवाल ने शानदार डायरेक्ट हिट कर उन्हें रन आउट कर दिया। मार्श 57 गेंदों में 96 रन बनाकर लौटे और शतक से सिर्फ 4 रन दूर रह गए। आउट होने के बाद जायसवाल ने शाहिद अफरीदी स्टाइल में जश्न मनाया। आखिरी गेंद पर जोफ़ा आर्चर ने आयुष बदोनी को तेज यार्कर पर बोल्ड कर दिया। बदोनी स्कूप खेलने की कोशिश में चूक गए और आफ स्टंप उड़ गया। इस तरह आर्चर ने अंतिम ओवर में शानदार वापसी करते हुए लखनऊ को 220 रन पर रोक दिया। 19वें ओवर की पहली ही गेंद पर लखनऊ को तीसरा झटका लगा। जोफ़ा आर्चर की शार्ट गेंद पर मिचेल मार्श शाट लगाने से चूक गए और गेंद विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के पास चली गई। इस बीच ऋषभ पंत स्ट्राइक अपने पास रखने के लिए रन लेने दौड़ पड़े, लेकिन मार्श ने उन्हें वापस भेज दिया।

खेल विशेष

क्विंटन डी कॉक, राज अंगद बावा आईपीएल से बाहर

मुंबई, वार्ता। मुंबई इंडियंस अपने बचे हुए दो मैचों में क्विंटन डी कॉक और राज अंगद बावा के बिना खेलेगी, क्योंकि वे पहले ही प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुके हैं। दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर-बल्लेबाज डी कॉक को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ एमआई के मैच से पहले अपनी बाईं कलाई में टेंडन की चोट लग गई थी। चंडीगढ़ के ऑलराउंडर राज अंगद बावा को पंजाब किंग्स के खिलाफ एमआई के पिछले मैच के दौरान अपने दाहिने अंगूठे में लिगामेंट टियर हो गया था। दोनों खिलाड़ी चोट से ठीक होने के लिए अपने-अपने घरों में हैं। मुंबई इंडियंस के एक बयान में कहा गया है कि वे आईपीएल गाइडलाइंस के हिसाब से रिप्लेसमेंट की घोषणा करेंगे। डी कॉक ने आखिरी बार 23 अप्रैल को एमआई के लिए खेला था, जिसमें उन्होंने तीन इनिंग्स में 132 रन बनाए थे।

ईस्ट बंगाल ने दूसरी बार आईडब्ल्यूएल ट्रॉफी जीती

कोलकाता, वार्ता। इंडियन विमेंस लीग 2025-26 सीजन की नई चैंपियन ईस्ट बंगाल एफसी ने ईस्ट बंगाल ग्राउंड पर श्रीभूमि फुटबॉल क्लब के खिलाफ 2-0 से जीत के साथ मैच खत्म किया, जबकि गोकुलम केरल एफसी को नीता फुटबॉल एकेडमी ने उसी जगह पर 1-1 से ड्रॉ पर रोका। नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में, किकस्टार्ट एफसी, कर्नाटक और सेथु एफसी ने 1-1 से ड्रॉ खेला, जबकि गढ़वाल यूनाइटेड एफसी ने सोमवार को सेसा फुटबॉल एकेडमी के खिलाफ 3-1 से जीत हासिल की। जबकि ईस्ट बंगाल ने एक मैच बाकी रहते ही टाइटल पक्का कर लिया था, गढ़वाल यूनाइटेड एफसी, सेसा के खिलाफ अपनी जीत के साथ रेल. गिशन से बचने में कामयाब रहा। इस बीच, श्रीभूमि अगले सीजन में सेसा एफए के साथ आईडब्ल्यूएल 2 में चली जाएगी।

नेमार ब्राजील की विश्व कप टीम में शामिल

रियो डी जेनेरो, वार्ता। नेमार को अगले महीने होने वाले फीफा वर्ल्ड कप के लिए ब्राजील की टीम में शामिल किया गया, जिससे नेशनल टीम से ढाई साल से ज्यादा की उनकी गैरमौजूदगी खत्म हो गई। सैंटोस स्टार मैनेजर कार्लो एंसेलोटी द्वारा पढ़े गए आखिरी नामों में से एक था, जिससे हाल के हफ्तों में ब्राजील के मीडिया में छाई सिलेक्शन की बहस खत्म हो गई। एंसेलोटी ने सोमवार को रियो डी जेनेरो में एक न्यूज कॉन्फ्रेंस में कहा कि हमने नेमार को इसलिए नहीं चुना क्योंकि हमें लगता है कि वह एक अच्छा बैकअप होगा, बल्कि इसलिए चुना क्योंकि वह अपनी खूबियों से टीम में जान डाल सकता है। चाहे वह एक मिनट खेले या 90 मिनट मुझे लगता है कि हमें पिच पर कुल मिलाकर मिनटों की क्वालिटी पर ध्यान देना होगा।

KKR की नजर मुंबई इंडियंस के खिलाफ प्लेऑफ में बने रहने पर

कोलकाता, वार्ता। कोलक. ाता नाइट राइडर्स बुधवार को ईडन गार्डन्स में आईपीएल 2026 सीजन के 65वें मैच में मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी, तो उसे हर हाल में जीतना होगा।

मुंबई पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से ाहर हो चुकी है, लेकिन केकेआर के पास अभी भी क्वालिफाई करने का एक छोटा सा मौका है और वह सीजन के आखिर में अपनी वापसी जारी रखने के लिए बेताब होगी। कैप्तेन की खराब शुरुआत के बाद कोल. काता ने शानदार वापसी की है। सीजन की शुरुआत लगातार छह हार के साथ करने के बाद, केकेआर ने अपने पिछले छह मैचों में से पांच जीतकर जबरदस्त

वापसी की है। उनकी सबसे नई जीत गुजरात टाइटन्स के खिलाफ मिली, जहां बैटिंग यूनिट ने सीजन का अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। कप्तान अजिंक्य रहाणे टीम के अंदर, खासकर टॉप-ऑर्डर बैट्समैन के बीच प्रदर्शन जारी रखा। रघुवंशी इस सीजन में 422 रन बनाकर केकेआर के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने हैं और इस अहम मुकाबले में टीम की उम्मीदों का केंद्र बने हुए हैं। केकेआर का मिडिल ऑर्डर भी सही समय पर अच्छा खेलने लगा है। कैमरून ग्रीन, रिंकू सिंह और मनीष पांडे ने बैटिंग लाइनअप में स्थिरता और तेजी लाई है, जिससे बैटिंग लाइनअप में और गहराई आई है। टीम एक बार फिर अनुभवी ऑलराउंडर सुनील नारायण पर भरोसा करेगी, जिन्होंने पूरे सीजन में गेंद से अहम योगदान दिया है। नारायण केकेआर के सबसे अच्छे बॉलर रहे हैं।

बढ़ते कॉन्फिडेंस से उत्साहित होंगे। पिछले मैच में जबरदस्त ओपनर फिन एलन ने सिर्फ 35 गें. दों पर 93 रन बनाकर सबका ध्यान खींचा, जबकि अंगकृ रघुवंशी ने 82 रन की पारी खेलकर अपना लगातार अच्छा

युवा एथलीटों ने सचिन तेंदुलकर के साथ किया मैदान साझा

अहमदाबाद, वार्ता। अहमदाबाद में एसआरटी10 एल्टेवॉल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्पोर्ट्स एकेडमी में प्रेरक और भावुक कर देने वाला अवसर देखने को मिला,

जब क्रिकेट के महान खिलाड़ी, सचिन तेंदुलकर ने एकेडमी में प्रशिक्षण ले रहे युवा एथलीटों के साथ समय बिताया। इस विशेष कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बच्चों, माता-पिताओं और उभरते क्रिकेटरों के साथ बातचीत की। तें. दुलकर ने क्रिकेट से जुड़ी गति. विधियों और अनौपचारिक सत्रों के लिए बच्चों के साथ मैदान पर उतरकर, युवा एथलीटों को अनुशासन, धैर्य और खेल के घरिए सीखने की खुशी को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उनके इस संवाद ने एकेडमी में जमा हुए प्रशिक्षुओं और उनके परिवारों को प्रेरित किया। यहां आए कई लोगों ने इस अनुभव को जीवन में कभी-कभार मिलने वाला अवसर बताया। सचिन तेंदुलकर ने इस कार्यक्रम के बाद कहा कि बच्चों के लिए यह सबसे महत्वपूर्ण नहीं है कि वे शुरुआत कहां से करते हैं, बल्कि यह अधिक ज़रूरी है कि उन्हें आगे बढ़ने का अवसर मिलता है या नहीं। पिछले कुछ साल में, मैंने यह महसूस किया है कि भारत में खेल का भविय इस बात से तय होगा कि हम घ्मीनी स्तर के खेल के परितंत्र में कितनी गंभीरता से निवेश करते हैं और बच्चों को बगैर किसी डर या दबाव के खेल का आनंद लेने के लिए कितना प्रोत्साहित करते हैं। जब बच्चे मैदान पर कदम रखते हैं, तो वे सिर्फ खेल के नियम ही नहीं सीखते, बल्कि वे अनुशासन, टीम वर्क, जुझारूपन और खुद पर विश्वास करना सीखते हैं। अहमदाबाद में इन युवा एथलीटों के बीच दिखी ऊर्जा और जिज्ञासा आशा की किरण की तरह है, और मुझे उम्मीद है कि इस तरह के मंच और भी कई बच्चों को खेल के घरिए सपने देखने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। एसजी रोड पर वैणोदेवी सर्कल के पास शंकु फार्म में स्थित, एसआरटी10 एल्टेवॉल स्पोर्ट्स एकेडमी को इस साल की शुरुआत में लॉन्च किया गया था। यह एकेडमी लागातार वृद्धि दर्ज करते एसआरटी10 परितंत्र का अंग है, जिसका उद्देश्य है, पेशेवर कोचिग, फिटनेस से जुंघ बुनियादी ढांचा और एथलीटों के लिए समग्र प्रशिक्षण कार्यक्रमों के घरिए जमीनी स्तर पर खेल का विकास सुनिश्चित करना।

बुमराह को आराम, राहुल बने उपकप्तान, प्रिंस वनडे टीम में

मुंबई, वार्ता। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को अफगानिस्तान के खिलाफ घर पर एकमात्र टेस्ट और तीन वनडे मुक. ाबलों के लिए चयनित भारतीय दल से आराम दिया गया है, जबकि टेस्ट दल में केएल राहुल ने उपकप्तान के रूप में ऋाभ पंत की जगह ली है। तेज गेंदबाज प्रिंस यादव को पहली बार वनडे टीम में जगह मिली है।

पिछले साल नवम्बर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली 2-0 की हार के बाद भारत पहली बार टेस्ट खेलेगा। बुमराह के अलावा उस दल से नदारद रहने वाले खिलाड़ियों में बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा और तेज गें. दबाज आकाश दीप शामिल हैं। टेस्ट दल में बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर मानव सुथार और तेज

गेंदबाज गुरनूर बराड़ को पहली बार बुलावा आया है जबकि बाएं हाथ के स्पिनर हां दुबे को भी जगह मिली है। आईपीएल 2026 में अपनी तेज गेंदबाजी से प्रभावित करने वाले प्रिंस यादव को पहली बार भारतीय वनडे दल में जगह मिली है। प्रिंस के साथ ही बराड़ और दुबे को भी पहली बार वनडे टीम में जगह मिली है। इशान किशन और हार्दिक पंड्या ने वनडे टीम में वापसी की है जबकि जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली गई तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय दल से आयु बदोनी, पंत, जडेजा, हर्षित राणा और मोहम्मद सिराज बाहर हैं।

ऑरेंज कैप रेस में शीर्ष पर पहुंचे क्लासेन

अभिषेक और ईशान भी आगे बढ़े

चेन्नई, वार्ता। आईपीएल 2026 के प्लेऑफ की रेस अब बेहद रोमांचक हो चुकी है और अब जम्मिदारी उन खिलाड़ियों पर है जिन्होंने पूरे सीजन लगातार शानदार प्रदर्शन किया है। यानी ऑरेंज और पर्पल कैप की दौड़ में आगे चल रहे खिलाड़ी। सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के मुकाबले में कुछ खिलाड़ियों ने बिल्कुल वैसा ही प्रदर्शन किया।

ऑरेंज कैप लीडरबोर्ड एसआरएच के स्टार बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन के पास मैचों के बीच छह दिन का अंतर था और उनकी गैरमौजूदगी में ऑरेंज कैप कई खिलाड़ियों के बीच घूमती रही। लेकिन सोमवार को वापसी करते हुए उन्होंने 26 गेंदों पर 47

रन बनाए और फिर से 555 रन के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए। वह साई सुदर्शन से सिर्फ एक रन और शुभमन गिल से तीन रन आगे हैं। गुजरात टाइटंस (जीटी) के दोनों ओपनर अभी भी ऑरेंज कैप की दौड़ में मजबूती से बने हुए हैं। टॉप पांच में उनके पीछे विराट कोहली (आरसीबी) 542 रन के साथ चौथे और केएल राहुल द्धडीसीऋ 533 रन के साथ पांचवें स्थान पर हैं। वहीं क्लासेन के टीम-साथी अभिषेक शर्मा, जिन्होंने सीएसके के खिलाफ 26 रन बनाए, 507 रन के साथ छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। दूसरी ओर, इशान किशन ने सीएसके के खिलाफ प्लेयर ऑफ द मैच प्रदर्शन करते हुए 47 गेंदों पर 70 रन बनाए और इस सीजन में अपने कुल रन 490 तक पहुंचा दिए। इसके साथ ही वह सातवें स्थान पर पहुंच गए। वहीं संजू सैमसन ने एसआरएच के खिलाफ 27 रन की पारी खेलकर पंजाब किंग्स के कूपर कॉनली और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मिचेल मार्श को पीछे छोड़ा और 477 रन के साथ नौवें स्थान पर पहुंच गए। पर्पल कैप लीडरबोर्ड अंशुल कम्बोज एसआरएच के खिलाफ महंगे साबित हुए और अपने चार ओवरों में 46 रन दिए, लेकिन उन्होंने एक विकेट भी हासिल किया। इसी के साथ वह इस सीजन में 20 विकेट तक पहुंचने वाले तीसरे गेंदबाज बन गए। अब उनके नाम 20 विकेट हैं और उनसे आगे केवल आरसीबी के भुवनेश्वर कुमार (24 विकेट) और जीटी के कगिसो रबाडा (21 विकेट) हैं।

इस कठिन पिच पर मुझे अंतिम ओवर तक खेलना था: इशान किशन

चेन्नई, वार्ता। जब इशान किशन ने पूरे 20 ओवर विकेटकीपिंग करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 180 के स्कोर पर रुकते हुए देखा और इसमें अधिकतम योगदान सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गें. दबाजों द्वारा 17 ओवर में डाले गए 39 धीमी गति की गेंदों का था तो उन्हें पता था कि चेज करना आसान नहीं होने वाला है।

तीसरे ओवर में तीन नम्बर पर बल्लेबाजी करने आए किशन ने ए सुनिश्चित किया कि वह अंत तक क्रीज पर रहेंगे। 47 गेंदों में 70 रन बनाकर जब वह आउट हुए तब एसआरएच को नौ गेंदों में केवल छह रन चाहिए थे। पोस्ट मैच प्रजेंटेशन में किशन ने कहा कि

जब मैं विकेटकीपिंग कर रहा था तो मुझे एहसास हुआ कि पिच आसान नहीं है। मुझे लग रहा था कि इस टोटल को भी हासिल करना आसान नहीं होने वाला है क्योंकि पिच इतनी आसान नहीं थी और खास तौर से स्पिनर्स और धीमी गति वाली गेंदें काफी अच्छी निकल रही थी। हालांकि, उसी समय मुझे ए भी लगता है कि तीन नम्बर का बल्लेबाज होने के कारण मेरा काम मैच का अंत करने की कोशिश करना है। क्योंकि नए बल्लेबाजों के लिए सिगल लेना और उसी समय बड़े शॉट्स लगाना आसान नहीं होता तो मुझे अंतिम ओवर तक खेलते रहना था। किशन का इस सीजन स्ट्राइक रेट 179-48 है, लेकिन इस मैच में उन्होंने 148-93 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। उन्होंने पारी की शुरुआत में स्पेंसर जॉनसन के एक ओवर में तीन चौके लगाते हुए की और फिर 37 गेंदों में अपना पचासा पूरा किया। 18वें ओवर की शुरुआत में चौथा विकेट गंवाने के बाद एसआरएच को 14 गेंदों में 23 रन चाहिए थे और चेज थोड़ी मुश्किल हो रही थी तब किशन ने मुकेश चौधरी को एक छक्का और एक चौका लगाते हुए 12 गेंदों में 13 रनों का आंकड़ा ला दिया।

अर्जुन-हरिहरन ने फ्रांस के पोपोव बंधुओं को हराया

कुआलालंपुर, वार्ता। भारत के एमआर अर्जुन और हरिहरन अम्साकारुनेन ने मंगलवार को यहां स्टेडियम एक्सियाटा एरिना में मलेशिया मास्टर्स 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले राउंड में फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव और टोमा जूनियर पोपोव को हराया।

पुरुषों की डबल्स बैडमिंटन रैंकिंग में 31वें नम्बर पर मौजूद अर्जुन-हरिहरन ने दुनिया के 20वें नम्बर के पोपोव भाइयों को 36 मिनट में 21-19, 21-15 से हराकर दूसरे राउंड में जगह बनाई। पहले गेम में पोपोव्स ज्यादातर समय आगे थे। हालांकि, 19-16 से पीछे चल रही भारतीय जोड़ी ने लगातार पांच पॉइंट लेकर मैच में बढ़त बना ली। इसके बाद अर्जुन और हरिहरन ने दूसरे गेम में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत पूरी की। पोपोव्स के खिलाफ भारतीय बैडमिंटन जोड़ी के लिए यह एक शानदार जीत थी, जो इस सीजन में शानदार फॉर्म में हैं। क्रिस्टो सिगल्स रैंकिंग में दुनिया के चौथे नम्बर के खिलाड़ी हैं, जबकि टोमा जूनियर 16वें नम्बर पर हैं। इस साल की शुरुआत में थॉमस कप में फ्रांस की सिल्वर मेडल जीत में इन दोनों का अहम रोल था। अश्विनी भट्ट के और शिखा गौतम कनाडा की जैकी डेंट और क्रिस्टल लाई से 15-21, 21-17, 17-21 से हारकर महिला डबल्स मुकाबले से बाहर हो गईं। मार्च के बाद पहली बार बीडब्ल्यू वर्ल्ड टूर में आकर्षी कश्यप की वापसी थोड़ी देर के लिए ही रही, क्योंकि भारतीय शटलर कोरिया गणराज्य की पार्क गा-यून से अपना महिला सिंगल्स क्वालिफाइंग मैच 15-21, 22-20, 21-7 से हार गईं। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने पहला गेम आराम से जीता और दूसरे गेम में भी 17-11 से आगे थीं, लेकिन उनकी साउथ कोरियाई विरोधी ने पासा पलट दिया। सात्विक रेड्डी कनापुरम और राधिका शर्मा ने 37वें मिनट में दातू अनीफ इसाक दातू असराह और क्लेरिसा सैन को 21-15, 21-17 से हराकर मिक्स्ड डबल्स के मेन ड्रॉ में जगह बनाई। इस बीच, अश्मिता चालिहा, जो हमवतन उन्नति हुड्डा और रक्षिता रामराज के आखिरी समय में हटने के बाद टूर्नामेंट में देर से आईं, महिला सिंगल्स के मेन ड्रॉ में आगे बढ़ने में कामयाब रहीं।

सम्पादकीय

महंगाई का मकड़जाल

तेल विपणन कंपनियों ने पांच दिन में दूसरी बार दोनों ईंधनों के दाम बढ़ाए हैं। इससे पहले, 15 मई को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में तीन-तीन रुपये की वृद्धि की गई थी। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, दिल्ली में आज से पेट्रोल की कीमत 87 पैसे बढ़कर 98. 64 रुपये प्रति लीटर हो गई है। डीजल भी 91 पैसे महंगा हुआ। अब एक लीटर डीजल 91.58 रुपये का मिलेगा। भारत में इस सप्ताह घोषित पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3.91 रुपए प्रति लीटर या 4.4 प्रतिशत की वृद्धि तेल उत्पादक देशों जैसे सऊदी अरब को छोड़कर किसी भी प्रमुख अर्थव्यवस्था द्वारा की गई सबसे कम वृद्धि है। यह जानकारी ग्लोबल पेट्रोल प्राइसेजडाटकाम के द्वारा संकलित आंकड़ों में दी गई। इंडियन ऑयल के एक अधिकारी के अनुसार ईंधन की कीमतों में 3.91 रुपए की बढ़ोतरी से केवल आंशिक रूप से कच्चे तेल में आए उछाल की भरपाई हुई है। यह कदम क्रूड ऑयल की बढ़ी कीमतों को सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों द्वारा 76 दिनों तक पूरी तरह से वहन करने के बाद उठाया गया है। यानि कि सरकार ने मान लिया है कि वह पेट्रोल और डीजल के रेट एक साथ नही, बल्कि धीरे-धीरे बढ़ाएगी। सरकार के इस फैसले से देश की जनता में नाराजगी है। जनता का ही कहना है कि यदि सरकार पेट्रोल और डीजल के रेट बढ़ा रही है, तो अन्य चीजों के रेट घटा दे, ताकि आम जनता अपनी जेब का बैलेंस बनाए रखे। विपक्ष भी सरकार के खिलाफ आवाज उठाने लगा है। देश में बढ़ते तेल संकट के बीच कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का कहना है कि देश में आर्थिक तूफान आने वाला है। देश के लोगों को बड़ा झटका लगने वाला है। इसका सबसे बड़ा असर यहां के युवाओं, किसानों और छोटे व्यापारियों पर पड़ेगा। यह झटका इकोनॉमिक स्ट्रक्चर में बदलाव से लगने वाला है। महंगाई की इस अगली किश्त में सुबह का नाश्ता भी शामिल हो गया है, जिसका असर आम लोगों की जेबों पर पड़ना शुरू हो गया है। ब्रेड और उससे जुड़े प्रोडक्ट के दाम में भारी वृद्धि की गई है। मुंबई में हर तरह की ब्रेड की कीमत में 5 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। ये दाम 16 मई से ही बढ़ा दिए गए हैं। मुंबई के बारे में कहा जाता है कि यहां पर लोग अपने दिन की शुरुआत ब्रेड, पाव और सैंडविच आदि से करते हैं। लेकिन अब मुंबई के लोगों को सुबह के नाश्ते के लिए अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी। छोटे ब्राउन ब्रेड की कीमत 28 रुपये से बढ़ाकर 30 रुपये हो गई है, 20 रुपये वाला सफेद ब्रेड अब तक 22 रुपये में मिलेगा, तो ब्राउन ब्रेड की कीमत 45 से बढ़कर 50 रुपये कर दी गई है। बाकी दुनिया कच्चे तेल की लागत में हुई वृद्धि को एडजस्ट करने के लिए दोनों फ्यूल की खुदरा कीमतों में 10 से 90 प्रतिशत तक की वृद्धि कर रही है। म्यांमार, मलेशिया, पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में पेट्रोल की कीमत युद्ध-पूर्व मूल्य से आधे से अधिक बढ़ गई है, डीजल की कीमत वैश्विक व्यापार और माल ढुलाई से प्रत्यक्ष संबंध से और भी तेजी से बढ़ी है।

श्रीमुख से...

पीएम मोदी जी का कम्प्रोमाइज्ड मॉडल

सरकार ने 15 मई के बाद आज सुबह अचानक फिर पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ा दिए, अब स्पष्ट हो गया है कि देश संकट में है और श्री मोदी को इसका जवाब देना चाहिए, दाम बढ़े चार ही दिन हुए कि मोदी सरकार ने पेट्रोल-डीजल के दाम फिर बढ़ा दिए, पूरी भूमिका बनाकर, बचत का उपदेश देकर अपनी नाकामियों का बोझ जनता पर डालने का कार्य प्रगति पर है, आम जनता की लूट और उद्योग पति गौतम अडानी को अमेरिका से छूट' , यही मोदी जी का कम्प्रोमाइज्ड मॉडल है।' प्रधानमंत्री ने अमेरिका से हाथ-पैर जोड़कर रूसी तेल खरीदने की अनुमति की अवधि एक महीने के लिए बढ़वाई है और इससे देश के स्वाभिमान को ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार के अनुसार रूसी तेल खरीदने की अनुमति मिल गई है, तो पेट्रोल-डीजल की कीमतों का बोझ आम जनता पर क्यों डाला जा रहा है।

मल्लिकार्जुन खड़गे , कांग्रेस अध्यक्ष

अपने विचार रखें...

शाह टाइम्स अपने पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करता है, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।

फीचर डेस्क, शाह टाइम्स

पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर-251003

E-mail: Dainikshahtimes@gmail.com

उत्तराखंड की सियासत के एक युग का अंत

उत्तराखण्ड की राजनीति का एक ऐसा अध्याय आज इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया, जिसने दशकों तक सत्ता, सियासत, प्रशासन और जनविश्वास के केंद्र में रहकर अपने व्यक्तित्व की अमिट छाप छोड़ी।

मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चंद्र खण्डूरी अब इस दुनिया में नहीं रहे। उन्होंने 19 मई 2026 को अंतिम सांस ली। 19 मई 2026 को अंतिम सांस ली। उनके निधन के साथ ही उत्तराखण्ड ने केवल एक पूर्व मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि राजनीति में ईमानदारी, सैनिक अनुशासन और सार्वजनिक जीवन में मर्यादा का एक सशक्त प्रतीक खो दिया है। राज्य सरकार ने उनके सम्मान में तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है तथा कल हरिद्वार में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

देहरादून की वादियों में 1 अक्टूबर 1934 को जन्मा यह बालक आगे चलकर भारतीय सेना का मेजर जनरल बना, संसद का गंभीर वक्ता बना, केंद्र सरकार का प्रभावशाली मंत्री बना और फिर उत्तराखण्ड की राजनीति का वह चेहरा बना, जिसके नाम पर एक दौर में पूरा चुनाव लड़ा गया, 'खण्डूड़ी हैं जरूरी।' वर्ष 2012 के विधानसभा चुनाव में यह केवल एक चुनावी नारा नहीं था, बल्कि उस विश्वास का प्रतीक था कि राजनीति में अब भी कुछ चेहरे ऐसे हैं जिनकी साख सत्ता से बड़ी होती है। स्वर्गीय जय बल्लभ खण्डूरी और दुर्गा देवी खण्डूरी के संस्कारों में पले भुवन चंद्र खण्डूरी ने प्रारम्भिक शिक्षा के बाद इलाहाबाद विश्व. विद्यालय से विज्ञान की पढ़ाई की। युवावस्था में ही उन्होंने राष्ट्रसेवा को जीवन का ध्येय बना लिया और 1954 में भारतीय सेना की कार्प्स आफ इंजीनियर्स में कमीशन प्राप्त किया। इसके बाद उनका जीवन रणभूमियों, सैन्य प्रशिक्षण संस्थानों और रणनीतिक जिम्मेदारियों के बीच आकार लेता गया।

1962 के भारत-चीन युद्ध, 1965 और 1971 के भारत-पाक युद्धों में उनकी सक्रिय भूमिका रही। 1971 के युद्ध में सांबा सेक्टर में इंजीनियर रेजिमेंट के कमांडर के रूप में उन्होंने जिस नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया, उसने उन्हें सेना में विशिष्ट पहचान दिलाई।

उत्तराखण्ड ने केवल एक पूर्व मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि राजनीति में ईमानदारी, सैनिक अनुशासन और सार्वजनिक जीवन में मर्यादा का एक सशक्त प्रतीक खो दिया है।

वे केवल सैनिक नहीं थे, बल्कि सैन्य रणनीति और प्रशासनिक दक्षता के अद्भुत संगम थे। सेना मुख्यालय में डायरेक्टर ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज़, इंजीनियर ब्रिगेड कमांडर, चीफ इंजीनियर और अतिरिक्त महानिदेशक जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए उन्होंने अपने कार्य से यह सिद्ध किया कि अनुशासन और नेतृत्व साथ-साथ चल सकते हैं। उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए भारत सरकार ने उन्हें अति विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया। सेना से सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने सार्वजनिक जीवन में प्रवेश किया। 1991 में पहली बार गढ़वाल लोकसभा सीट से सांसद बने और फिर कई बार जनता ने उन्हें संसद भेजा। संसद में उनकी छवि शोर मचाने वाले नेता की नहीं, बल्कि तैयारी और गंभीरता के साथ बोलने वाले जनप्रतिनिधि की थी। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री के रूप में उनका कार्यकाल भारत के बुनियादी ढांचे के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय माना जाता है। गोल्डन क्वाड्रिलेटरल और राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना को गति देने में उनकी निर्णायक भूमिका रही। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोल. काता को जोड़ने वाली सड़कों का वह स्वप्न, जिसने भारत की आर्थिक र"तार बदली, उसमें खण्डूरी की प्रशासनिक क्षमता स्पष्ट दिखाई देती है। मुख्यमंत्री बनाया। उस समय राज्य भ्रष्टाचार, ट्रांसफर-पोस्टिंग के खेल और नौकरशाही की बेलगाम कार्यशैली को लेकर आलोचनाओं में था। खण्डूरी ने सत्ता संभालते ही प्रशासनिक सख्ती का संदेश दिया। उनका स्पष्ट मानना था कि शासन का अर्थ नियंत्रण और जवाबदेही है। फाइलों में देरी, अनुशासनहीनता और भ्रष्टाचार पर उनकी नाराजगी अधिकारियों के बीच चर्चित थी। कहा जाता है कि किसी अधिकारी के अधूरे कार्य के साथ बैठक में पहुंचने का अर्थ था कठोर सवालों का सामना करना। उनकी कार्यशैली ने आम जनता के बीच विश्वास पैदा किया, लेकिन सत्ता और संगठन के भीतर असहजता भी बढ़ाई। राजनीति जिस लचील. `पन की मांग करती है, खण्डूरी कई बार उससे दूर दिखाई देते थे। वे सत्ता को सैन्य अनुशासन की ख्रष्टि से देखते थे, जबकि राजनीति समझौतों, समीकरणों और संतुलनों का संसार है। उनके राजनीतिक जीवन का सबसे विवादास्पद अध्याय उनके करीबी सचिव सारंगी को लेकर उठा विवाद बना। विपक्ष ने आरोप लगाए कि मुख्यमंत्री कार्यालय में निर्णय प्रक्रिया अत्यधिक केंद्रीकृत हो गई है और कुछ चुनिंदा लोगों का प्रभाव बढ़ रहा है। वहीं, कई नेताओं को शिकायत थी कि मुख्यमंत्री तक उनकी पहुंच सीमित होती जा रही है। धीरे-धीरे राजनीतिक दबाव बढ़ा और अंतत: 2009 में उन्हें मुख्यमंत्री पद छोड़ना पड़ा। यह विडंबना थी कि जिस नेता की ईमानदारी पर शायद ही कभी प्रश्न उठा, वही राजनीतिक प्रबंधन के आरोपों में घिर गया। 2011 तक आते-आते भाजपा सरकार भ्रष्टाचार और नेतृत्व संकट के आरोपों में घिर चुकी थी। पार्टी को फिर वही चेहरा याद आया, जिसकी पहचान साफ-सुथरी राजनीति थी। भुवन चंद्र खण्डूरी दोबारा मुख्यमंत्री बनाए गए। यहीं से जन्म हुआ उस ऐतिहासिक नारे का, जिसे हम 'खण्डूड़ी हैं जरूरी।' के साथ जानते आ रहे हैं। यह नारा केवल प्रचार नहीं था, बल्कि भाजपा की उस राजनीतिक आवश्यकता का प्रतीक था, जिसमें उसे जनता के सामने भरोसेमंद चेहरा चाहिए था, मगर यह नारा भाजपा के काम नहीं आया, भुवन चंद्र खण्डूरी खुद 2012 का विधानसभा चुनाव हार गये और पार्टी को स त्ता गवानी पड़ी। सशक्त लोकायुक्त कानून बना कर। देश उस समय अन्ना हजारे आंदोलन और भ्रष्टाचार विरोधी लहर से गुजर रहा था। ऐसे माहौल में उत्तराखण्ड में मजबूत लोकायुक्त कानून लागू करने की पहल ने राष्ट्रीय स्तर पर खण्डूरी की छवि को और ऊंचा किया। उनके समर्थक कहते थे कि यदि उन्हें लंबा समय मिलता, तो उत्तराखण्ड की प्रशासनिक संस्कृति बदल सकती थी, लेकिन राजनीति केवल छवि से नहीं चलती 2012 के विस चुनाव में भाजपा ने लगभग पूरा चुनाव खण्डूरी की छवि पर लड़ा। राजनीतिक समीकरण अलग दिशा में चले गए। भाजपा चुनाव हार गई। सबसे बड़ा झटका यह रहा कि स्वयं खण्डूरी भी अपनी सीट नहीं बचा सके।

मौहम्मद शाह नज़र

यहूदियों ने कब्जाई मुस्लिमों की 1000 किमी जमीन

हमास के 7 अक्टूबर 2023 के हमले के बाद इजरायल ने अपनी सैन्य नीति पूरी तरह बदल दी है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार अब पहले से ज्यादा आक्रामक तरीके से काम कर रही है। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले करीब तीन साल में इजरायल ने गाजा, लेबनान और सीरिया में करीब 1,000 वर्ग किमी जमीन पर कब्जा कर लिया है। यह इलाका इजरायल की 1949 की सीमाओं का लगभग 5 प्रतिशत माना जा रहा है। इसी वजह से अब मिडिल ईस्ट में ग्रेटर इजरायल को लेकर चर्चा बढ़ गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, कब्जाई गई जमीन का सबसे बड़ा हिस्सा दक्षिणी लेबनान में है। इजरायली सेना वहां कई किमी अंदर तक पहुंच चुकी है। इजरायल इस इलाके को सिक्योरिटी जोन कह रहा है। उसका कहना है कि इससे हिज्बुल्लाह को सीमा के पास से हमला करने से रोका जा सकेगा। नेतन्याहू ने पिछले महीने कहा कि दुश्मन इजरायल को आग के घेरे में घेरना चाहता था, लेकिन अब इजरायल ने अपने चारों ओर सुरक्षा का घेरा

बना लिया है। इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने कहा है कि सेना लितानी नदी तक के इलाके पर नियंत्रण बनाए रखना चाहती है। गाजा में इजरायली सेना अब आधे से ज्यादा हिस्से पर कब्जा कर चुकी है। वहां इजरायल ने एक अतिरिक्त बफर जोन भी बनाया है। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों के मुताबिक, इस वजह से करीब 20 लाख लोग अब गाजा के सिर्फ 40: हिस्से में रहने को मजबूर हैं। सीमा के पास के कई इलाकों को पूरी तरह तबाह कर दिया गया है। गांव और शहर खंडहर बन चुके हैं। नेतन्याहू ने साफ कहा है कि इजरायली सेना गाजा से वापस नहीं जाएगी। सीरिया में बशर अल-असद सरकार के कमजोर होने के बाद इजरायल ने वहां भी अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा दी। रिपोर्ट के मुता. बिक, इजरायली सेना ने माउंट हर्मोन से लेकर दक्षिणी सीरिया तक करीब 233 वर्ग किमी इलाके में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। इजरायली फोर्सेज ने सीरिया में 50 किमी अंदर तक के इलाके पर छापेमारी की है। इजरायल और सीरिया के बीच सुरक्षा समझौते की बातचीत भी हुई, लेकिन बातचीत आगे नहीं बढ़ सकी। रिपोर्ट के मुताबिक, सीरिया में इजरायल के सैन्य ठिकाने मौजूद हैं। हालांकि दोनों में से किसी भी देश ने लोकेशन का खुलासा नहीं किया है।

इजरायल के कट्टरपंथी नेता और अतिराष्ट्रवादी संगठन लंबे समय से सीमाएं बढ़ाने की मांग करते रहे हैं। वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच ने लेबनान की लितानी नदी तक को इजरायल की नई सीमा बनाने की बात कही है। कुछ सांसदों ने दक्षिणी लेबनान के बड़े हिस्से पर कब्जा करने और वहां की आबादी हटाने की मांग भी की है। इधर इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार कहते आए हैं कि इजरायल लेबनान में क्षेत्रीय विस्तार की कोई महत्वाकांक्षा नहीं रखता।

ईरान से कम नहीं क्यूबा, अमेरिका फंस सकता है लंबे युद्ध में

अमेरिकी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि क्यूबा ने रूस और ईरान से 300 से ज्यादा मिलिट्री ड्रोन खरीदे हैं। अमेरिका को डर है कि इन ड्रोन्स का इस्तेमाल उसके सैन्य ठिकानों के खिलाफ किया जा सकता है। इसके बाद अमेरिका ने क्यूबा की इंटेलिसेंज एजेंसी और उसके बड़े नेताओं पर प्रतिबंध लगा दिए। क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डिएज कनाल ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने हमला किया, तो बड़ा खून-खराबा हो सकता है।

अमेरिका के बेहद करीब मौजूद यह छोटा देश आज भी खुद को बड़े खतरे के लिए तैयार रखता है। क्यूबा भले ही आज सैन्य ताकत के मामले में पहले जैसा मजबूत न हो, लेकिन अमेरिका के लिए इससे युद्ध लड़ना आसान नहीं है। क्यूबा की सेना पुराने हथियारों, जुगाड़ तकनीक और बड़ी संख्या में रिजर्व बल के सहारे ऐसी रणनीति पर काम करती है, जिससे कोई भी हमला लंबे और महंगे युद्ध में बदल सकता है। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि अगर कभी अमेरिका और क्यूबा के बीच सीधा संघर्ष हुआ, तो क्यूबा ईरान की तरह अमेरिका को लंबे युद्ध के दलदल में फंसा सकता है। क्यूबा की सबसे बड़ी ताकत उसकी सभी लोगों का युद्ध पालिसी है। इसका मतलब है कि अगर देश पर हमला होता है तो सिर्फ सेना ही नहीं, बल्कि आम नागरिक, मिलिशिया और पैरामिलिट्री बल भी लड़ाई में शामिल होंगे। क्यूबा के पास करीब 50 हजार एक्टिव सैनिक, 39 हजार रिजर्व सैनिक और लगभग 90 हजार पैरामिलिट्री सदस्य हैं। जरूरत पड़ने पर 10 लाख से ज्यादा लोगों को जुटाने की योजना है। यह मॉडल ईरान की प्राक्सी और लंबी लड़ाई वाली रणनीति जैसा माना जाता है। अमेरिका की धमकियों के बाद देशभर में लोगों को गुरिल्ला वार की ट्रेनिग दी जा रही है। नागरिकों को आपात स्थिति के लिए तैयार रहने को कहा गया है। क्यूबा की सबसे बड़ी ताकत उसकी लोकेशन है। यह अमेरिका के फ्लोरिडा तट से बेहद करीब है। अगर संघर्ष बढ़ता है, तो अमेरिका को अपने तटीय इलाकों, नौसैनिक ठिकानों और समुद्री रास्तों की सुरक्षा पर भारी संसाधन लगाने पड़ सकते

हैं। अगर क्यूबा के छोटे ड्रोन हमले अमेरिका के लिए चुनौती बन सकते हैं। क्यूबा के पास आधुनिक हथियार कम हैं, लेकिन उसने पुराने हथियारों को जोड़कर हाइब्रिड सिस्टम तैयार किए हैं। पुराने ट्रकों पर एंटी-एयरक्राफ्ट गन लगाई गई हैं। अलग-अलग वाहनों के पार्ट्स जोड़कर नए लड़ाकू वाहन बनाए गए हैं। क्यूबा की सेना लंबे समय से गुरिल्ला युद्ध की ट्रेनिंग लेती रही है। यानी सीधी टक्कर के बजाय छोटे-छोटे हमले, छिपकर वार और दुश्मन को थकाने की रणनीति। क्यूबा लंबे समय से लैटिन अमेरिका में अपने खुफिया नेटवर्क के लिए जाना जाता रहा है। वेनेजुएला जैसे देशों में उसका प्रभाव रहा है। हाल ही में वेनेजुएला में निकोलस मादुरो सरकार पर कार्रवाई के बाद क्यूबा को बड़ा झटका लगा। क्यूबा ने माना कि उसके 32 खुफिया एजेंट वहां मारे गए। क्यूबा की सेना यानी रिवाल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेज द्धथात्ऋ देश की सबसे ताकतवर संस्था है। इससे जुड़ा जीएईएसए ग्रुप होटल, एयरपोर्ट, बैंक और बड़े कारोबार भी संभालता है। यानी सेना सिर्फ हथियारों तक सीमित नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था और प्रशासन पर भी मजबूत पकड़ रखती है। क्यूबा की एयरफोर्स लगभग खत्म हो चुकी है। मिग-29 और मिग-23 जैसे पुराने लड़ाकू विमान ज्यादातर बंद पड़े हैं। पूरे देश में मुश्किल से 20 विमान ही ऑपरेशनल बताए जाते हैं। नेवी में सिर्फ 33 जहाज हैं, आधुनिक युद्धपोत या मजबूत पनडुब्बियां नहीं हैं। एयर डिफेंस सिस्टम भी 1950 के दशक की सोवियत मिसाइलों पर आधारित है। सबसे बड़ी समस्या बिजली और आर्थिक संकट है। 2025 में कई बड़े ब्लैकआउट हुए, जिससे मिलिट्री ट्रेनिंग और कम्युनिकेशन प्रभावित हुआ। ईंधन, स्पेयर पार्ट्स और आधुनिक तकनीक की भारी कमी भी सेना को कमजोर बनाती है।

कतर की एंट्री से बदला समझौते को लेकर गेम

कतर की एंट्री से ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु समझौते की प्रक्रिया फिर से शुरू हो गई है। सोमवार द्ध18 मईऋ को डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के नवीनतम प्रस्ताव को समझौते योग्य बताया। ट्रम्प ने कहा कि ईरान के साथ परमाणु समझौता हो सकता है, इसलिए मैंने ईरान पर हमला नहीं करने का फैसला किया है। अमेरिकी मीडिया के मुता. बिक कतर के प्रधानमंत्री अल थानी ने राष्ट्रपति ट्रम्प को समझौते का भरोसा दिलाया है। कतर के प्रधानमंत्री अल थानी को समझौता कराने में माहिर माना जाता है। पहले भी अमेरिका और अफगानिस्तान जैसे देशों के बीच कतर ने शांति समझौता कराया था। 11 कतर ने सबसे पहले सऊदी अरब, यूएई जैसे अपने सहयोगी देशों को कन्फिडेंस में लिया। कतर ने इन देशों को यह समझाया कि अगर जंग की शुरुआत फिर से होती है तो उनके तेल और गैस ठिकाने बर्बाद हो जाएंगे।

प्रयागराज। भीषण गर्मी के बीच सिर पर पल्लू डालकर तेज धूप से खुद को बचाती महिलाएं।

पूर्व राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी की जयंती पर श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। स्वतंत्रता सेनानी और पूर्व स्वर्गीय डॉ. नीलम संजीव रेड्डी की 114वीं जयंती पर मंगलवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी और उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देश के छठे राष्ट्रपति श्री रेड्डी के चित्र पर राष्ट्रपति भवन में श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने डॉ. संजीव रेड्डी की जयंती पर संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम में कई संसद सदस्यों, पूर्व सांसदों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी डॉ रेड्डी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

भारत-नार्वे ने सहयोग बढ़ाने के लिए नौ समझौते किए

दोनों देशों ने सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से तीन महत्वपूर्ण पहलों की भी घोषणा की

ओस्लो। भारत और नॉर्वे ने द्विपक्षीय संबंधों को नई दिशा देते हुए अपने संबंधों को ग्रीन स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप के स्तर तक उन्नत करने के साथ-साथ समुद्री सहयोग, हरित प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य, डिजिटल विकास और वैज्ञानिक अनुसंधान सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से नौ समझौतों और तीन पहलों की घोषणा की है।

■ व्यापार और संस्थागत सहयोग के तहत भी कई महत्वपूर्ण समझौतों को अंतिम रूप दिया गया

दोनों देशों ने 'ग्रीन स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप' के संबंध में एक संयुक्त वक्तव्य को अपनाया। नार्वे की दो दिन की यात्रा पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गाहर स्टोरे के बीच सोमवार को द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों ने समुद्री सहयोग, हरित प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य, डिजिटल विकास और वैज्ञानिक अनुसंधान सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से अनेक समझौतों और पहलों की घोषणा की। नार्वे ने भारत की हिन्द प्रशांत महासागर पहल में शामिल होने की घोषणा की, जबकि भारत वर्ष 2027 में आयोजित होने वाले 'नॉर शिपिंग' कार्यक्रम में भारतीय मंडप के साथ भाग लेगा। दोनों देशों के बीच सरकार-से-सरकार के स्तर पर तीन प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और नार्वे की अंतरिक्ष एजेंसी के बीच बाह्य अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग और अन्वेषण में सहयोग के लिए रूपरेखा समझौता, भारत और नॉर्वे के विदेश मंत्रालयों के बीच डिजिटल विकास साझेदारी पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसके अलावा ज्ञापन तथा स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग के लिए नॉर्वे के स्वास्थ्य एवं देखभाल सेवा मंत्रालय और भारत के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के बीच समझौता शामिल है। व्यापार और संस्थागत सहयोग के तहत भी कई महत्वपूर्ण समझौतों को अंतिम रूप दिया गया। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और नॉर्वेजियन जियोटेक्निकल संस्थान के बीच सुरंग निर्माण, ढलान स्थिरता और क्षमता निर्माण से संबंधित विशेष परामर्श सेवाओं के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसके अलावा भारत के वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग और नॉर्वे की अनुसंधान परिषद के बीच प्रौद्योगिकी सहयोग पर समझौता हुआ। वैज्ञानिक अनुसंधान और हरित प्रौद्योगिकी सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत की वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद और नॉर्वे की सिटेफ संस्था के बीच वर्ष 2026 से 2029 तक की गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए सहयोग समझौता किया गया। दोनों पक्षों ने समुद्री ऊर्जा, जिसमें अपतटीय पवन ऊर्जा भी शामिल है, पर संयुक्त कार्य कार्यक्रम के लिए एक परियोजना-विशिष्ट कार्यान्वयन समझौते पर भी हस्ताक्षर किए। इसके अलावा वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद तथा वैज्ञानिक एवं नवाच. ार अनुसंधान अकादमी ने नॉर्वे के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के साथ हरित परिवर्तन के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सहयोग पर संयुक्त आशय घोषणा को अपनाया।

अमेरिकी साजिश थी इमरान का तख्तापलट

आउटलेट ड्रॉप न्यूज साइट का दावा: इमरान खान हटे, तो सब माफ हो जाएगा

■ इमरान खान ने 24 फरवरी 2022 को मास्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी

■ मुलाकात के बाद ठीक उसी दिन रूस ने यूक्रेन पर हमला शुरू किया था

इस्लामाबाद/वाशिंगटन। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सरकार गिरने को लेकर नया दावा सामने आया है। अमेरिकी मीडिया आउटलेट ड्राप साइट न्यूज की रिपोर्ट में कहा गया है कि इमरान की कुर्सी सिर्फ अविश्वास प्रस्ताव से नहीं गई थी। इसके पीछे अमेरिकी साजिश और पाक सेना की भूमिका थी।

रिपोर्ट के मुताबिक, इमरान खान ने 24 फरवरी 2022 को मास्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी। ठीक उसी दिन रूस ने यूक्रेन पर हमला शुरू किया था। अमेरिका इस यात्रा से नाराज था। वह चाहता था कि पाकिस्तान यूक्रेन युद्ध पर रूस की खुलकर आलोचना करे, लेकिन इमरान सरकार ने तटस्थ रुख अपनाया। इसके बाद 7 मार्च 2022 को वाशिंगटन में पाकिस्तान के तत्कालीन राजदूत असद मजीद खान और अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू के बीच बातचीत हुई। लू ने मजीद से कहा कि अगर इमरान अविश्वास प्रस्ताव में हट जाते हैं तो अमेरिका 'सब माफ' कर देगा। इसके 33 दिन बाद यानी 9 अप्रैल 2022 को इमरान सरकार गिर गई। साइफर में अमेरिका में पाकिस्तान के तत्कालीन राजदूत असद मजीद खान और अमेरिकी विदेश विभाग के वरिष्ठ अधिक. ारी डोनाल्ड लू के बातचीत के अंश हैं। साइफर में अमेरिका में पाकिस्तान के तत्कालीन राजदूत असद मजीद खान और अमेरिकी विदेश विभाग के वरिष्ठ अधिक. ारी डोनाल्ड लू के बातचीत के अंश हैं। वाशिंगटन के एक होटल में लू ने मजीद को लंच टेबल पर इमरान को हटाने का दबाव दिया था। लू ने यूक्रेन युद्ध पर पाक रुख पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि पाक रूस की आलोचना नहीं कर रहा है और अमे. रिका-यूरोप को यह स्वीकार नहीं है। लू ने कहा, इमरान की रूस यात्रा से अमेरिका नाराज है। बात अविश्वास प्रस्ताव तक पहुंची। लू ने संकेत दिया कि इमरान सत्ता में रहे तो पाक अकेला पड़ जाएगा। मजीद ने पत्र में लिखा कि यह संदेश वाइट हाउस की मंजूरी के बिना संभव नहीं था।

अमेरिका ने अफ्रीका में इबोला फैलने पर आपातकालीन सहायता शुरू की

■ अमेरिका स्वदेश और विदेशों में अमेरिकियों के स्वास्थ्य की कर रहा है रक्षा

वॉशिंगटन। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अफ्रीका में इबोला को वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित करने के बाद अमेरिका ने त्वरित आपातकालीन सहायता शुरू की है तथा नए यात्रा प्रतिबंधों और आपातकालीन सहायता के जरिए इस वायरस को फैलने से रोकने के लिए सक्रिय कदम उठा रहा है। अमेरिकी विदेश विभाग की ओर से जारी बयान में अमेरिका ने कहा कि गत 15 मई को मामलों की पुष्टि होने के 24 घंटे के अंदर विभिन्न एजेंसियों के बीच आपसी तालमेल बिठाने वाली समिति और आपातक. ालीन घटना प्रबंधन प्रणाली को सक्रिय कर दिया गया है। कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, रवांडा, साउथ सूडान और युगांडा में अमेरिकी दूतावास ने भी काम में तेजी लाने और इलाके में अमेरिकी नागरिकों से बातचीत करने के लिए निगरानी समूह बनाए गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि सहायता का फोकस इस बात पर कें. द्रित है कि बीमारी पर अमेरिकी तटों तक पहुं. चने से पहले ही काबू में कर लिया जाए। अमे. रिका स्वदेश और विदेशों में अमेरिकियों के स्वास्थ्य की रक्षा कर रहा है। विभाग यह पक्का करने के लिए रोजाना नेतृत्व-स्तर की बैठकें आयोजित करता है ताकि सहायता सर्वोच्च प्राथमिकता बनी रहे। यह आदेश उन विदेशी नागरिकों के लिए अमेरिका में प्रवेश पर रोक लगाता है, जिन्होंने पिछले 21 दिनों में कांगो लो. कतांत्रिक गणराज्य, युगांडा या साउथ सूडान की यात्रा की है।

ईरान ने यूएई के परमाणु संयंत्र पर हमले के आरोपों को लेकर जर्मनी पर किया पलटवार

तेहरान। ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात के बराकाह परमाणु संयंत्र पर कथित हमले को लेकर जर्मनी के आरोपों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज पर अंतर्राष्ट्रीय कानून के मामले में दो. हरे मानदंड अपनाने का आरोप लगाया है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने मंगलवार को कहा कि पश्चिमी देश अंतर्राष्ट्रीय कानून को अपने राजनीतिक हितों के अनुसार लागू करते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका और इजरायली शासन द्वारा ईरान की सुरक्षित परमाणु सुविधाओं पर खुले हमलों की निंदा करने के बजाय उन्हें उचित ठहराया जाता है। बघाई ने आरोपों की प्रकृति पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि संयुक्त अरब अमीरात ने अब तक आधिकारिक रूप से ड्रोन हमले के लिए ईरान को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। उन्होंने कहा कि जब एक संदिग्ध 'फॉल्स फ्लैग' अभियान होता है, जिसकी जिम्मेदारी तक यूएई ने आधिकारिक तौर पर ईरान पर नहीं डाली, तब वही देश अचानक अंतर्राष्ट्रीय कानून और क्षेत्रीय सुरक्षा की दुहाई देने लगते हैं।

हिन्द-प्रशांत में नौवहन की स्वतंत्रता को भारत-वियतनाम प्रतिबद्धत

नई दिल्ली। भारत और वियतनाम ने हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता, सुरक्षा और नौवहन की स्वतंत्रता बनाए रखने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को वियतनाम की राजधानी हनोई में उप प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रीय रक्षा मंत्री जनरल फान वान जियांग के साथ द्विपक्षीय बैठक की।



■ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हनोई में उप प्रधानमंत्री जनरल फान वान जियांग के साथ की द्विपक्षीय बैठक

दोनों मंत्रियों ने वर्चुअल माध्यम से वियतनाम के वायु सेना अधिकारी महाविद्यालय में भाषा प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। भारत एवं वियतनाम ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं क्वांटम प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। रक्षा मंत्री ने न्हा त्रांग स्थित दूरसंचार विश्वविद्यालय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रयोगशाला की स्थापना की घोषणा की। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों मंत्रियों ने दोनों देशों के बीच बढ़ती रक्षा साझेदारी की समीक्षा की और समुद्री सुरक्षा, रक्षा उद्योग, प्रशिक्षण एवं क्षेत्रीय स्थिरता में सहयोग को और गहरा करने के उपायों पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने पारस्परिक हितों से जुड़े क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान किया तथा हिद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता, सुरक्षा, संरक्षा और नौवहन की स्वतंत्रता बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सैन्य प्रशिक्षण, रक्षा उद्योग सहयोग, समुद्री सुरक्षा, क्षमता निर्माण, संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना, साइबर सुरक्षा तथा उच्च स्तरीय आदान-प्रदान सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने नियमित संवाद, संयुक्त अभ्यासों और विनिमय कार्यक्रमों के माध्यम से दोनों देशों की रक्षा सेनाओं के बीच सहयोग को बढ़ाने पर भी सहमति व्यक्त की। रक्षा मंत्री ने वियतनाम के साथ भारत की उन्नत व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

ईरानी संसद में पास हो सकता है ट्रम्प-नेतन्याहू की हत्या पर इनाम

■ द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक 500 करोड़ से ज्यादा का इनाम दे सकता है ईरान

■ ईरानी संसद का राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग इस बिल की तैयारी कर रहा है

तेहरान/वाशिंगटन। ईरान की संसद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की हत्या करने वालों को 500 करोड़ से ज्यादा इनाम देने वाला बिल ला सकती है। द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरानी संसद का राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग इस बिल की तैयारी कर रहा है।

आयोग के प्रमुख इब्राहिम अजीजी ने कहा कि 'इस्लामिक रिपब्लिक की सैन्य और सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई' नाम से बिल तैयार किया जा रहा है। ईरानी सांसद महमूद नबावियन ने कहा कि संसद जल्द इस बिल पर वोटिंग कर सकती है, जो ट्रम्प और नेतन्याहू को जहन्नुम पहुंचाने वालों को इनाम देगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई समेत कई सैन्य और राजनीतिक नेताओं की मौत के बाद यह कदम उठाया जा रहा है। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि खाड़ी देशों के अपील के बाद ईरान पर हमला रोक दिया गया है और उम्मीद जताई है कि यह घोषणा अंततः स्थाई हो जाएगी। ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अनुरोध के बाद उन्होंने मंगलवार के लिए निर्धारित ईरान पर सैन्य हमला रद्द कर दिया था। उन्होंने बताया कि यह अनुरोध चल रही 'गंभीर बातचीत' के कारण किया गया था, जिसके बारे में पश्चिम एशिया के नेताओं का मानना है कि इसका परिणाम एक ऐसे समझौते के रूप में निकल सकता है जो अमेरिका को स्वीकार्य हो।

बडगाम में 93 लाख रुपये की जमीन धोखाधड़ी मामले में छापेमारी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर अपराध शाखा की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने मंगलवार को दक्षिणी कश्मीर में प्रवासियों की संपत्ति और खड़े पेड़ों की बिक्री से जुड़े कथित 93 लाख रुपये के जमीन धोखाधड़ी मामले के संबंध में बड़गाम जिले में तलाश अभियान चलाया। अधिकारियों ने कहा कि यह तलाश अभियान गत साल अप्रैल में आर्थिक अपराध शाखा कश्मीर पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 336(3), 340 और 61(2) के तहत दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में चलाया गया। यह मामला फर्जी समझौतों के जरिये पुलवामा के द्रुसु में पांच कनाल प्रवासी भूमि और बिजबेहारा में 300 खड़े पेड़ों की कथित धोखाधड़ी से बिक्री से संबंधित है।

अमेरिका की सैन डिएगो मस्जिद में गोलीबारी, 5 की मौत

मृतकों में एक गार्ड और 2 संदिग्ध शामिल, धार्मिक नफरत से जुड़े हमले की आशंका

वाशिंगटन। अमेरिका के सैन डिएगो स्थित मस्जिद में गोलीबारी में 5 लोगों की मौत हो गई। इनमें एक सिक्योरिटी गार्ड और दो संदिग्ध शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, दोनों संदिग्ध किशोर थे। एक की उम्र 17 साल और दूसरे की 19 साल थी।

■ दोनों के शव मस्जिद के पास एक वाहन में मिले, शुरुआती जांच में माना जा रहा है कि उन्होंने खुद को गोली मारी

दोनों के शव मस्जिद के पास एक वाहन में मिले। शुरुआती जांच में माना जा रहा है कि उन्होंने खुद को गोली मारी। इस मामले की जांच हेट क्राइम के एंगल से की जा रही है। हालांकि, हमले के पीछे की वजह पर फिलहाल ज्यादा जानकारी शेयर नहीं की गई है। यह हमला इस्लामिक सेंटर ऑफ सैन डिएगो में हुआ। यह सैन डिएगो काउंटी की सबसे बड़ी मस्जिद है। परिसर में एक स्कूल भी है, जहां बच्चों को अरबी भाषा, इस्लामिक स्टडीज और कुरान की शिक्षा दी जाती है। मस्जिद के इमाम ताहा हस्साने ने बताया कि सोमवार को कुछ गैर-मुस्लिम लोग इस्लाम को समझने के लिए मस्जिद के दौरे पर आए थे। यह सेंटर अलग-अलग समुदायों के बीच संवाद और मेलजोल बढ़ाने के लिए काम करता है। उन्होंने बताया कि स्कूल के सभी शिक्षक और छात्र सुरक्षित हैं। फिलहाल कोई खतरा नहीं है, लेकिन लोगों से मस्जिद से दूर रहने को कहा गया है। एहतियात के तौर पर सेंटर को पूरे दिन के लिए बंद कर दिया गया। मस्जिद की वेबसाइट के मुताबिक, यहां सिर्फ मुस्लिम समुदाय के लिए धार्मिक गतिविधियां नहीं होतीं, बल्कि सामाजिक कामों में भी दूसरे समुदायों के साथ मिलकर काम किया जाता है। यहां रोज पांच वक्त की नमाज होती है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने मुस्लिम समुदाय से कहा कि कैलिफोर्निया आपके साथ खड़ा है। जहां परिवार और बच्चे जुटते हैं, जहां लोग शांति से इबादत करते हैं, वहां ऐसा हमला बेहद भयावह है। कैलिफोर्निया में नफरत की कोई जगह नहीं है। उन्होंने बताया कि कैलिफोर्निया हाईवे पेट्रोल और गवर्नर आफिस ऑफ इमरजेंसी सर्विसेज की टीमें मौके पर स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय कर रही हैं।

ताइवान की सड़कों पर भारत विरोधी पोस्टर लगे

चुनाव लड़ रहा उम्मीदवार बोला: भारतीय मजदूरों को भगाओ

■ विपक्षी सांसद बोले: वे अपराधी होते हैं, भारतीय बोले: यह नस्लीय भेदभाव है

ताइप। ताइवान में स्थानीय चुनाव के दौरान एक निर्दलीय उम्मीदवार ने भारत विरोधी पोस्टर लगाया है। इसमें पगड़ी पहने एक सिख व्यक्ति की तस्वीर पर बड़ा 'नो' यानी प्रतिबंध का निशान बना हुआ था। पोस्टर का मैसेज था कि भारत से आने वाले प्रवासी मजदूरों का विरोध किया जाए, और उन्हें देश से बाहर भगाया जाए।

यह विवाद ऐसे समय में हुआ है जब ताइवान भारत के साथ हुए श्रम सहयोग समझौते के तहत भारतीय कामगारों को बुलाने की तैयारी कर रहा है। ताइवान की विपक्षी पार्टी कुओमिनतांग यानी केएमटी भी भारतीय मजदूरों को बुलाने का विरोध कर रही है। सांसद हुआंग चिएन-पिन ने भारत के राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों का हवाला दिया था। उन्होंने संसद में कहा था कि भारत में 2022 में महिलाओं के खिलाफ 4.45 लाख से ज्यादा अपराध दर्ज हुए थे, जिनमें 31 हजार से ज्यादा रेप के मामले शामिल थे। ऐसे में भारतीय मजदूरों को लेकर ज्यादा सख्त जांच और निगरानी होनी चाहिए। वे यहां पर महिलाओं के साथ बलात्कार कर सकते हैं। वहीं, ताइवान में रहने वाले एक भारतीय ने सोशल मीडिया पर इसे नस्लीय भेदभाव बताया। उन्होंने कहा कि किसी नीति का विरोध करना अलग बात है, लेकिन किसी समुदाय की पहचान और सांस्कृतिक प्रतीकों को निशाना बनाना गलत है। एक अन्य व्यक्ति ने लिखा कि ताइवान में करीब 7 हजार भारतीय रहते हैं और उनमें से ज्यादातर हाई-टेक और सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में काम करते हैं। इसमें फाक्सकान और टीएसएमसी जैसी कंपनियां शामिल हैं। ताइवान की स्थानीय राजनीतिक पार्टी न्यू पावर पार्टी के नेता वांग यी-हेंग ने भी पोस्टर की आलोचना की। उन्होंने कहा कि भारतीय झंडे और पगड़ी पर प्रतिबंध का निशान लगाना बेहद अज्ञानता भरा कदम है। उनके मुताबिक पगड़ी सिर्फ कपड़ा नहीं, बल्कि आस्था और सम्मान का प्रतीक है। 2024 में भारत और ताइवान के बीच प्रवासी मजदूरों को लेकर एक अहम समझौता हुआ था। इसे लेबर कोऑपरेशन श्रम सहयोग समझौता कहा गया। इसका मकसद ताइवान में बढ़ती कामगारों की कमी को पूरा करना और भारतीय कामगारों को वहां रोजगार के अवसर देना है। ताइवान कई सालों से श्रमिक संकट का सामना कर रहा है। वहां जन्म दर लगातार गिर रही है, आबादी बूढ़ी हो रही है और युवाओं की संख्या कम होती जा रही है। इसका असर खासकर फैक्ट्री, खेती, निर्माण और बुजुर्गों की देखभाल जैसे क्षेत्रों पर पड़ रहा है।

कृतिका कामरा अपनी अगली फिल्म डम्बल की तैयारी में जुटीं

मुंबई। 'मटका किंग' की सफलता के बाद अभिनेत्री कृतिका कामरा ने आधिकारिक तौर पर अपनी अगली फीचर फिल्म साइन कर ली है। यह 'मटका किंग' के बाद उनकी पहली घोषित परियोजना है, जिसके दूसरे सीजन की घोषणा हाल ही में प्राइम वीडियो इंडिया द्वारा की गई है। कृतिका अब निर्देशक पुषाण मुखर्जी की आगामी ड्रामा फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने जा रही हैं, जिसका फिलहाल वर्किंग टाइटल डम्बल रखा गया है। फिल्म की शूटिंग जून से शुरू होने वाली है। कृतिका के करियर के अगले बड़े क्रिएटिव कदम के रूप में देखी जा रही यह फिल्म उन्हें एक बिल्कुल नए अंदाज में प्रस्तुत करेगी और परफॉर्मेंस-ड्रिवन प्रोजेक्ट्स चुनने की उनकी पहचान को और मजबूत करेगी।